रांची एक्सप्रेस
62 साल से लगातार...
। जनपथ पत्रकारिता ।
देसी अंदाज नया मिजाज

# रांची एक्सप्रेस

1963 से लगातार आपकी सेवा में

epaper.ranchiexpress.com | वर्ष-62 | अंक-58 रांची | मंगलवार 15 अक्टूबर 2024, संवत् 2081 | पृष्ठ -12 | मूल्य 4 रु.



रांची एक्सप्रेस
62 साल से लगातार... । जनपथ पत्रकारिता ।
देसी अंदाज नया मिजाज

# रांची एक्सप्रेस

1963 से लगातार आपकी सेवा में

epaper.ranchiexpress.com | वर्ष-62 | अंक-58 रांची | मंगलवार 15 अक्टूबर 2024, संवत् 2081 | पृष्ठ -12 | मूल्य 4 रु.



**मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने स्वास्थ्य विभाग में लगभग पांच सौ सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को सौंपा नियुक्ति पत्र**

- मुख्यमंत्री ने मुंबई में प्रस्तावित झारखंड भवन और 220/33 केवी ग्रिड सब स्टेशन पकरीबरवाडीह का भी किया ऑनलाइन शिलान्यास
- मुख्यमंत्री सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों से कहा- अपनी सेवा से ग्रामीणों का विश्वास जीतें, तभी राज्य की व्यवस्था मजबूत बनेगी
- राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ और बेहतर बनाने के लिए सरकार प्रतिबद्ध
- निजी क्षेत्र के सहयोग से विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बढ़ चुके हैं कदम
- गंभीर बीमारियों का भी इलाज इस राज्य में संभव हो, इसके लिए प्रयास जारी

# सीएम ने कहा- राज्य में नियुक्तियों का सिलसिला जारी, कोई भी महीना ऐसा नहीं, जब नियुक्ति पत्र वितरण समारोह का आयोजन नहीं हुआ हो








*रांची। राज्य में नियुक्तियों का कारवां लगातार आगे बढ़ रहा है। कोई भी ऐसा महीना नहीं होगा, जब नियुक्ति पत्र वितरण समारोह आयोजित ना हुआ हो। नियुक्तियों की इसी क्रम में आज एक और अहम कड़ी जुड़ने जा रही है। लगभग 500 सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों को नियुक्ति पत्र मिल रहा है। इस तरह अब आप सभी सरकार के अभिन्न अंग के रूप में अपनी जिम्मेदारियों को निभाएंगे। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज झारखंड मंत्रालय में स्वास्थ्य, चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा आयोजित नियुक्ति पत्र वितरण समारोह को संबोधित करते हुए ये बातें कही। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मुंबई में प्रस्तावित झारखंड भवन और 220/ 33 केवी ग्रिड- सब स्टेशन पकरीबरवाडीह का भी ऑनलाइन शिलान्यास कर ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भरता प्राप्त करने के प्रति प्रतिबद्धता जताई।*

## इस राज्य की जनता के प्रति जो जिम्मेदारी मिली है उस पर खरा उतरें

मुख्यमंत्री ने नियुक्ति पत्र प्राप्त करने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य पदाधिकारियों से कहा कि झारखंड देश के सबसे गरीब एवं पिछड़े राज्य में गिना जाता है। आपकी नियुक्ति स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को बेहतर बनाने के लिए हुई है। आप सभी को राज्य के सुदूर और दूरदराज के ग्रामीण इलाकों में काम करने का मौका मिल रहा है। मेरा आप सभी से यही कहना है कि इस राज्य की जनता के प्रति जो आपको जिम्मेदारी मिली है, उस पर आप खरा उतरने का प्रयास करें । अपनी सेवा पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ निभाएं, ताकि ग्रामीणों का आप पर विश्वास बना रहे। इससे इस राज्य की व्यवस्था को मजबूत करने में हमें मदद मिलेगी।

### स्वास्थ्य सेवा को बेहतर बनाने का लगातार हो रहा प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए सरकार लगातार प्रयास कर रही है। सिर्फ बिल्डिंग खड़ा कर देने से स्वास्थ्य व्यवस्था को बेहतर नहीं बनाया जा सकता है। इसके लिए अस्पतालों में पर्याप्त चिकित्सकों एवं चिकित्सा कर्मियों और इलाज से संबंधित समुचित सुविधाओं को उपलब्ध कराना जरूरी है। इसी बात को ध्यान में रखकर हमारी सरकार स्वास्थ्य से जुड़ी सभी व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए ठोस कदम उठा रही है। आज चिकित्सक और चिकित्सा कर्मियों की नियुक्ति, आधुनिक चिकित्सीय संसाधन और सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ अस्पतालों के रखरखाव और मरम्मत की भी समुचित व्यवस्था है । राज्य के गरीब तथा जरूरतमंद लोगों के लिए कई स्वास्थ्य योजनाएं संचालित हैं। हमारी कोशिश राज्य के लोगों को बेहतर चिकित्सीय सुविधाएं उपलब्ध कराना है।

## विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में बढ़ चुके हैं कदम

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में विश्व स्तरीय स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में सरकार लगातार काम कर रही है। इस सिलसिले में विश्व पटल पर स्वास्थ्य के क्षेत्र में अपनी बेहतर सेवा देने के लिए पहचान बनाने वाले निजी क्षेत्र के संस्थानों का सहयोग ले रहे हैं। इसी कड़ी में अपोलो अस्पताल का शिलान्यास हाल में संपन्न हुआ है। वहीं, अजीम प्रेमजी फाउंडेशन की ओर से राजधानी रांची के इटकी में वर्ल्ड क्लास मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल बनाया जा रहा है । मुझे विश्वास है कि यहां के लोगों को बहुत जल्द इलाज के लिए दूसरे प्रदेशों के बड़े अस्पतालों का रुख नहीं करना पड़ेगा। उन्हें अपने ही राज्य में बेहतर और आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी।

## क्रिटिकल बीमारियों का भी इलाज इस राज्य में संभव हो, हो रहा प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि आज कई नई बीमारियां हमारे लिए चुनौती बनी हुई है। कॉविड-19 के बाद से हम लगातार स्वास्थ्य व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। इसी कड़ी में गंभीर बीमारियों का भी इलाज इस राज्य में संभव हो, इसके लिए प्रयास जारी है। इसके लिए स्वास्थ्य के क्षेत्र में कार्य कर रहे निजी संस्थाओं, संस्थाओं और अस्पतालों के सहयोग से इलाज से संबंधित आधुनिक सुविधा उपलब्ध कराने की कोशिश लगातार जारी है।

## नर्सिंग के क्षेत्र में पुरुषों को भी सेवा करने का मिल रहा मौका

मुख्यमंत्री ने कहा कि सामान्य तौर पर नर्सिंग से महिलाएं और युवतियां जुड़ी होती हैं। लेकिन, मेरा मानना है कि नर्सिंग में पुरुषों की भी भागीदारी होनी चाहिए। इसीलिए नर्सिंग संस्थानों में पुरुषों का दाखिला सुनिश्चित करने का निर्णय सरकार ने लिया है। पुरुष और महिला समान रूप से नर्सिंग के क्षेत्र में कार्य करेंगे तो मरीजों को और बेहतर सेवा मिलेगी।

### एयर एंबुलेंस की सेवा भी उपलब्ध

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में स्वास्थ्य व्यवस्था को सुदृढ़ करने तथा मरीजों की बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने की दिशा में कई कड़ियां जुड़ चुकी हैं। सरकार के द्वारा एयर एंबुलेंस की सेवा भी किफायती दर पर उपलब्ध कराई गई है, ताकि गंभीर मरीजों को इमरजेंसी में इलाज के लिए बाहर ले जाने की जरूरत पड़े तो उन्हें परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े। इस अवसर पर मंत्री सत्यानंद भोक्ता, मंत्री बन्ना गुप्ता, मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव अजय कुमार सिंह और अभियान निदेशक अबू इमरान उपस्थित थे।

# झारखंड में ईडी का 20 जगह छापा, मंत्री, आला अफसरों, इंजीनियर्स से संबंधित ठिकानों पर दबिश

**रांची।** झारखंड में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आज बड़ी कार्रवाई की है। ईडी की टीमों ने राजधानी रांची से लेकर चाईबासा तक दबिश दी है। टीमों ने आईएएस मनीष रंजन, मंत्री मिथलेश ठाकुर के पीएस हरेंद्र सिंह, मंत्री के भाई विनय ठाकुर समेत कई विभागीय इंजीनियर्स से जुड़े 20 ठिकानों पर छापा मारा है। पेयजल एवं स्वच्छता विभाग के जल जीवन मिशन में अनियमितता से जुड़े मामले को लेकर यह कार्रवाई की गई है। रातू रोड स्थित इंद्रपुरी रोड में विजय अग्रवाल के आवास के अलावा हरमू और मोरहाबादी सहित अन्य ठिकानों की तलाशी ली जा रही है।





ईडी की यह कार्रवाई रांची के पंडरा थाने में दर्ज एक प्राथमिकी के आधार पर की गई है। इस मामले में अधिवक्ता सुजीत कुमार पर ईडी को मैनेज करने के नाम पर छह करोड़ रुपये की ठगी करने का आरोप है। इस मामले में ईडी ने ईसीआईआर (इकोनॉमिक ऑफेंस कंप्लेंट रिपोर्ट) दर्ज की है। ईडी ने इससे पहले आठ अक्टूबर को भी इसी मामले में रांची, धनबाद और पटना के आधा दर्जन ठिकानों पर छापा मारा था। इन ठिकानों में पंडरा क्षेत्र में रहने वाले अधिवक्ता सुजीत कुमार, कांके के अंचलाधिकारी जय कुमार राम, पूर्व अंचलाधिकारी सह धनबाद के डीटीओ दिवाकर द्विवेदी, नामकुम के पूर्व अंचलाधिकारी प्रभात भूषण और जमीन कारोबारी संजीव पांडेय से जुड़े ठिकाने शामिल थे। इस छापे के दौरान ईडी को कुछ दस्तावेज भी मिले हैं, जिनकी जांच अभी जारी है। ईडी ने 12 अक्टूबर को भी चुटिया में छापा मारा था।

# 5 राज्यों में धार्मिक उन्माद

- बहराइच में अस्पताल और शोरूम,घरों में आगजनी-तोड़फोड़
- हैदराबाद में मंदिर में तोड़फोड़, बंगाल में दुर्गा मूर्ति जलाई, कर्नाटक में दो समूहों के बीच झड़प
- दुर्गा प्रतिमा विसर्जन में फायरिंग हुई, एक युवक मारा गया
- बहराइच हिंसा के बाद एसटीएफ चीफ ने डाला डेरा, इंटरनेट सेवा की गई ठप

**हैदराबाद/ हावड़ा/ बहराइच/ बेलगावी (एजेंसी)।** देश के 5 राज्यों तेलंगाना, पश्चिम बंगाल, कर्नाटक, यूपी और झारखंड में धार्मिक विवाद हुआ है। तेलंगाना में हैदराबाद के मुथ्यलम्मा मंदिर में सोमवार सुबह देवी मां की मूर्ति तोड़ दी गई। यहां सुबह विरोध प्रदर्शन हुए। बीजेपी नेता माधवी लता को पुलिस ने हिरासत में ले लिया। केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी भी मंदिर पहुंचे। उत्तर प्रदेश के बहराइच में हालात बेकाबू हो गए हैं। हजारों की भीड़ ने अस्पताल में आग लगा दी। कई शोरूम-दुकानों को फूंक दिया। भीड़ को देखकर पुलिस को पीछे हटना पड़ा। आसपास के 6 जिलों से फोर्स और पीएसी बुलाई गई है। हिंसा प्रभावित इलाके में इंटरनेट बंद कर दिया गया है। लखनऊ से एसटीएफ चीफ और एडीजी लॉ एंड ऑर्डर भी बहराइच पहुंच गए हैं। उन्होंने आगजनी कर रही भीड़ को पहले रोका, नहीं मानी तो हाथ में पिस्टल लेकर दौड़ा लिया। रविवार को हरदी इलाके में दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के दौरान डीजे बजाने को लेकर दूसरे समुदाय के साथ विवाद हो गया था। इस दौरान हिंसा भड़क गई। पथराव-आगजनी के साथ 20 राउंड से ज्यादा फायरिंग हुई। इसमें 22 साल के राम गोपाल मिश्रा की मौत हो गई। एसटीएफ चीफ और एडीजी लॉ एंड ऑर्डर ने आगजनी कर रही भीड़ को हाथ में पिस्टल लेकर खदेड़ा। पोस्टमॉर्टम के बाद सोमवार सुबह शव घर पहुंचा तो 5-6 हजार की भीड़ इकट्ठा हो गई।



# त्योहारों में 4.25 लाख करोड़ के व्यापार से भारतीय अर्थव्यवस्था में उछाल

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत के सबसे बड़े त्योहार दीवाली एवं उससे जुड़े अन्य त्योहारों की श्रृंखला से व्यापारी और उपभोक्ता, दोनों बेहद उत्साहित हैं। यही वजह है कि इस बार रक्षा बंधन से लेकर दीवाली तक के त्योहारी सीजन में देश के बाजार गुलजार हैं। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) के राष्ट्रीय महामंत्री और दिल्ली की चांदनी चौक सीट से भाजपा सांसद प्रवीण खंडेलवाल ने बताया, इस त्योहारी सीजन में लगभग 4.25 लाख करोड़ रुपये का व्यापार होने की संभावना है। कैट द्वारा देश के विभिन्न राज्यों के 70 शहरों, जिन्हें व्यापारिक वितरण केंद्र माना जाता है, में व्यापारी संगठनों के बीच कराए गए एक हालिया सर्वे की समीक्षा रिपोर्ट में ये आंकड़े सामने आए हैं।

सांसद खंडेलवाल के मुताबिक, इस वर्ष देश भर में व्यापारियों ने बड़े पैमाने पर ग्राहकों की मांग एवं पसंद को पूरा करने के लिए व्यापक तैयारियां की हैं। देश भर के बाजारों में इस बार रक्षा बंधन, गणेश पूजा, नवरात्रि, दुर्गा पूजा एवं दशहरे पर ग्राहकों द्वारा बड़ी खरीदारी की गई है। इसे देखते हुए त्योहारों के सीजन का व्यापार 4.25 लाख करोड़ रुपये तक पहुंचने की प्रबल संभावना है।

# निर्वाचन के कार्यों में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं : रवि कुमार

**विधानसभा निर्वाचन में अवैध निर्वाचन व्यय और एमसीसी उलंघन के मामलों पर एसएसटी एवं एफएसटी रखेंगे पैनी नजर**

## निर्वाचन के दौरान सभी चेकपोस्टों पर प्रत्येक वाहनों की होगी जांच

**रांची ।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार ने कहा कि विधानसभा निर्वाचन के दौरान इंफोर्समेंट एजेंसी अवैध गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने के लिए मुस्तैदी से कार्य करें। इसकी मॉनिटरिंग हर स्तर पर की जाएगी। उन्होंने कहा कि स्वच्छ, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण मतदान कराने के लिए निर्वाचन के कार्यों में लगे पदाधिकारी भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा दिए गए निर्देशों का अनुपालन करें।

वे सोमवार को सभी जिलों में आगामी विधानसभा निर्वाचन के लिए गठित



एफएसटी एवं एसएसटी के पदाधिकारियों के लिए ऑनलाइन माध्यम से आयोजित प्रशिक्षण सत्र को संबोधित कर रहे थे। कुमार ने कहा कि विधानसभा चुनाव में सभी एफएसटी एवं एफएसटी के द्वारा अवैध निर्वाचन व्यय एवं एमसीसी उलंघन के मामलों पर पैनी नजर रखी जानी है । उन्होंने कहा कि एफएसटी एवं एसएसटी के पदाधिकारियों को अपने नजदीकी थाना एवं मुख्यालय स्तर से दिए गए संपर्क सूत्र से समन्वय स्थापित करते हुए कार्य करना है। निर्वाचन के दौरान बने सभी चेकपोस्टों पर प्रत्येक वाहनों की चेकिंग की जायेगी। साथ ही सभी चेकपोस्टों पर वेबकास्टिंग के माध्यम से निगरानी रखी जायेगी। चेकपोस्ट पर किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी, लापरवाही बरतने वाले पदाधिकारी पर त्वरित कार्रवाई की जाएगी।

मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी ने कहा कि सभी चेक पोस्टों में आवश्यकतानुसार सीएपीएफ की प्रतिनियुक्ति करते हुए निर्वाचन के दौरान प्रतिबंधित सामग्रियों जैसे अवैध शराब, अवैध कैश, हथियार आदि जिससे निर्वाचन को प्रभावित किया जा सकता है उसके आवागमन पर पूर्ण रूप से रोक रखी जानी है। इसके लिए सभी पदाधिकारी अपने कर्तव्यों एवं अधिकारों का अनुपालन करते हुए कार्रवाई करें।

इस अवसर पर सहायक मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी देव दास दत्ता द्वारा एफएसटी एवं एसएसटी के कर्तव्यों एवं एथिकल वोटिंग से संबंधित माइकिंग, कम्युनिकेशन प्लान, सीविजिल आदि से पदाधिकारियों को अवगत कराया गया। वहीं सिस्टम एनालिस्ट एस एन जमील द्वारा एफएसटी एवं एसएसटी द्वारा उपयोग में आने आवले मोबाइल एप्लीकेशनों के इंस्टालेशन एवं इनके क्रियान्वयन के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

इस अवसर पर सभी जिलों के एफएसटी एवं एसएसटी के पदाधिकारी ऑनलाइन माध्यम से उपस्थित थे।

हजारीबाग कमिश्नर ने रामगढ़ जिले के अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

# अभियान चला कर रोकें वन भूमि का अतिक्रमण, ओवरलोडिंग पर हो करवाई:आयुक्त

**रामगढ़।** जिले में भू माफियाओं और ट्रांसपोर्टर्स की दादागिरी नहीं चलेगी। हजारीबाग आयुक्त पवन कुमार सोमवार को रामगढ़ पहुंचे तो सबसे पहले इसी मुद्दे पर अधिकारियों से बात की। वह राजस्व और अवैध कारोबार को लेकर काफी सख्त दिखे। समाहरणालय सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने साफ निर्देश दिया कि वन भूमि पर अतिक्रमण किसी कीमत पर नहीं होगी। अगर जिला प्रशासन को अभियान चलाना पड़े तो भी भू माफियाओं को खदेड़ने में पीछे नहीं हटेंगे। यहां प्रमंडलीय आयुक्त, उत्तरी छोटानागपुर पवन कुमार की अध्यक्षता में राजस्व संबंधित विषयों पर समीक्षात्मक बैठक आयोजित किया गया। बैठक के दौरान आंतरिक संसाधन ( राजस्व संग्रह ), विभिन्न स्तरों के राजस्व न्यायालय वादों की समीक्षा, लंबित अन्य राजस्व विभाग से संबंधित प्रगति प्रतिवेदन पर पीपीटी के माध्यम से विस्तार पूर्वक चर्चा किया गया।



### कमिश्नर ने डीएफओ से ली पूरी जानकारी

बैठक के दौरान आयुक्त ने डीएफओ नीतीश कुमार से वन प्रमंडल विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों का विस्तार पूर्वक जानकारी ली। साथ ही फॉरेस्ट जमीन पर हो रहे अतिक्रमण को रोकने व अवैध खनन के विरूद्ध व्यापक रूप से अभियान चलने का निर्देश दिया गया।

**एमआरपी से ज्यादा बिके कंपोजिट शराब तो हो करवाई:** समीक्षा के दौरान कमिश्नर ने उत्पाद विभाग द्वारा किए जा रहे कार्यों के संबंध में चर्चा की। उन्होंने कहा कि जिले में जितने भी जितने भी कम्पोजिट शराब की दुकाने हैं उन सभी दुकानों का औचक निरीक्षण कर एमआरपी, डुप्लीकेसी आदि से संबंधित निरीक्षण करना जरूरी है। किसी भी तरह से गलत पाए जाने पर उचित कार्रवाई करने का निर्देश दिया। साथ ही जिले में स्थित बार और क्लब का भी निरीक्षण कर मानकों का जांच करने का निर्देश दिया गया।

### ओवरलोडिंग मामले में ट्रांसपोर्टर पर हो कार्रवाई

जिला परिवहन द्वारा किए जा रहें कार्यों की समीक्षा के दौरान आयुक्त ने ट्रांसपोर्टिंग में चलने वाले गाड़ियों का रजिस्ट्रेशन नंबर, ओवरलोडिंग, अवैध परिवहन को लेकर जिले के मुख्य मार्गो पर जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने वाहनों की रिस्ट्रिक्शन प्रक्रिया की विस्तार पूर्वक जानकारी ली। इसके उपरांत उन्होंने जिले में संचालित पेट्रोल पंप का औचक निरीक्षण कर दिए गए मानकों पर नहीं पाए जाने वाले संबंधित पेट्रोल पंप संचालक पर कार्रवाई करने का निर्देश दिया। समीक्षा के दौरान राजस्व विभाग, भूमि सुधार निबंध विभाग, खनन विभाग सहित अन्य विभागों की समीक्षा के उपरांत आयुक्त पवन कुमार ने राजस्व बढ़ोतरी को लेकर कई दिशा निर्देश दिए।

### ये थे शामिल

बैठक के दौरान मुख्य रूप से वन प्रमंडल पदाधिकारी नीतीश कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी अनुराग कुमार तिवारी, अपर समाहर्ता कुमारी गीतांजलि, भूमि सुधार उपसमाहर्ता दीप्ति कुजूर, उत्पाद आयुक्त सुनील कुमार चौधरी, जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स, जिला खनन पदाधिकारी निशांत अभिषेक, सभी अंचल अधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# विधायक ने नप क्षेत्र के वार्ड नंबर 26 के महादेव मंदिर में 21 लाख की लागत से बनने वाली योजना का किया शिलान्यास

रामगढ़ विधानसभा का संपूर्ण विकास हमारा लक्ष्य:सुनीता चौधरी




**रामगढ़।** विधायक सुनीता चौधरी रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विकास के लिए लगातार प्रयासरत हैं। इसी क्रम में सोमवार को मुख्य अतिथि विधायक सुनीता चौधरी एवं विशिष्ट अतिथि आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो ने नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर 26 अंतर्गत कुसुमटोला महादेव मंदिर में 21 लाख रूपए की लागत से बनने वाली पेवर्स ब्लॉक व चहारदीवारी का विधिवत रूप से शिलान्यास किया। मौके पर मुख्य अतिथि विधायक सुनीता चौधरी ने कहा की मेरा लक्ष्य रामगढ़ विधानसभा का संपूर्ण विकास है। उन्होंने ने कहा कि जो भी वादा किया था सभी को धरातल पर उतारने का कार्य किया जा रहा है। विधायक सुनीता चौधरी ने कहा की रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र में घर-घर नल योजना, सभी गांवों में पथों और नालियों का निर्माण करवाया गया है। साथ ही तालाबों के सौंदर्यीकरण का कार्य किया गया है। विधायक ने कहा की आजसू पार्टी केवल वादा करने में यकीन नही करती है बल्कि अपने वादों को धरातल पर उतारने का कार्य आजसू पार्टी की नीति और सिद्धांत है। कहा की रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों को यदि कहीं पर भी किसी तरह की परेशानी हो रही हो तो हमें बताएं हम उनकी परेशानी को दूर करने का पूरा प्रयास करेंगें।

**आजसू पार्टी अपने वादों को धरातल पर उतारने में विश्वास करती है:मनोज महतो:** मौके पर आजसू के केंद्रीय सचिव मनोज कुमार महतो ने कहा की आजसू पार्टी अपने वादों को पूरा करने में विश्वास करती है। कहा की इसका उदाहरण रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र का किया गया विकास है। श्री महतो ने कहा की रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र विकास के मामले में पूरे राज्य के लिए एक उदाहरण है।

### ये थे उपस्थित

मौके पर पार्षद देवधारी महतो, राजेश महतो, मिठू महतो, भगवान दास महतो, खेमलाल महतो, सोमरू महतो, दिलीप कुमार महतो, पियासो देवी, गीता देवी, स्वस्तिका देवी आदि उपस्थित थे।

## कुंदरूकलां में पथ निर्माण कार्य का विधायक सुनीता चौधरी ने किया शिलान्यास




रजरप्पा। कुंदरूकलां पंचायत में सुंदरलाल महतो के घर से नौवा बगीचा होते हुए सरैया लालमोहन महतो के घर तक बनने वाले 1 किलोमीटर लंबी पथ के निर्माण कार्य का सोमवार को शिलान्यास हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी ने पूजा-अर्चना कर एवं नारियल फोड़कर निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक ने कहा कि क्षेत्र का सर्वांगीण विकास करना हमारी प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से गांव-गांव में विकास कार्यों को धरातल पर उतारने में लगी हुई हूं। इससे पूर्व ग्रामीण महिलाओं ने माला पहनाकर एवं अंगवस्त्र ओढ़ाकर विधायक का स्वागत किया। इस अवसर पर जिप सदस्य धनेश्वर महतो, मुखिया किशुनराम मुंडा, पूर्व मुखिया शीला देवी, पूनम देवी, उपमुखिया मोहराय महतो, प्रदीप नायक, तुलसीदास महतो, संजय सिंघानिया, जगदेव महतो, अजय महतो, मोहनलाल महतो, गुजर महतो, उमाशंकर महतो, मधेश्वर महतो, रामकुमार कश्यप, रघुवीर साव, शिवशंकर महतो, सावन महतो, गीता देवी, पार्वती देवी, जासो देवी, संध्या देवी, मुस्कान देवी, बबिता देवी, राधा कुमारी, संतोष रविदास, बजट नायक, पिंटू केशरी, ललन कुमार, राजदीप ठाकुर, बालेश्वर महतो सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

## कला सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि समाज का दर्पण है : सुधीर मंगलेश

**रजरप्पा।** दुलमी प्रखंड के सिरू स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर में बीती रात स्थानीय युवाओं द्वारा ड्रामा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें बतौर अतिथि दुलमी प्रखंड बीससूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश शामिल हुए। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का उद्देश्य स्थानीय युवाओं को कला और संस्कृति के प्रति जागरूक करना और उनकी प्रतिभा को प्रोत्साहित करना था। उन्होंने ड्रामा के महत्व पर प्रकाश डाला और युवाओं से अपील किया कि वे नाट्यकला के माध्यम से समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने की दिशा में काम करें। उन्होंने कहा कि कला सिर्फ मनोरंजन का साधन नहीं, बल्कि समाज का दर्पण है। हमें अपनी संस्कृति और सामाजिक मूल्यों को उजागर करने का यह एक सशक्त माध्यम प्रदान करता है। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के युवा कलाकारों ने विभिन्न नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से सामाजिक मुद्दों को उठाया और अपनी कलात्मक क्षमताओं का प्रदर्शन किया। उनकी प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया और सभी ने युवाओं के इस प्रयास की सराहना की। इस अवसर पर कई लोग उपस्थित थे।

## कोफीमयू ने किया स्वागत सह विदाई समारोह का आयोजन

पीओ के स्थानांतरण पर दी गई विदाई, नए का हुआ स्वागत



भुरकुंडा। भुरकुंडा परियोजना के पीओ कार्यालय में सोमवार को कोलफील्ड मजदूर यूनियन भुरकुंडा शाखा के तत्वावधान में स्वागत सह विदाई समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में यूनियन के लोगों द्वारा ढोरी एरिया के एएडी प्रोजेक्ट से आए नए पीओ राकेश कुमार सत्यार्थी व राजहरा एरिया के तेतरिया खान प्रोजेक्ट से आए नए मैनेजर कमर फाहिम का जोरदार स्वागत किया गया। वहीं निवर्तमान पीओ मनोज कुमार पाठक का स्थानांतरण व ढोरी एरिया के जीएम ऑपरेशन पद पर पदोन्नति पर सम्मान पूर्व विदाई दी गई। इस दौरान यूनियन के लोगों ने निवर्तमान पीओ मनोज कुमार पाठक, नए पीओ राकेश कुमार सत्यार्थी व नए मैनेजर कमर फाहिम को अंगवस्त्र व पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। आयोजित स्वागत सह विदाई समारोह को संबोधित करते हुए मनोज कुमार पाठक ने अपने कर्मियों व पदाधिकारियों की तारीफ करते हुए कहा अपने कार्यकाल के दौरान आपके द्वारा मिले सहयोग हमेशा याद रहेगा।

# 108 एम्बुलेंस चालकों व इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियनों को नहीं मिला 3 महीने का वेतन, डीसी को सौंपा ज्ञापन

15 अक्टूबर तक नहीं हुआ भुगतान, तो होगा अनिश्चितकालीन हड़ताल

**रामगढ़।** 3 महीने के बकाया वेतन की मांग को लेकर 108 एंबुलेंस के चालक और इमरजेंसी मेडिकल टेक्नीशियन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए। सोमवार को पूरे जिले में 108 एंबुलेंस सेवा ठप रही। इस दौरान सिविल सर्जन कार्यालय के बाहर एंबुलेंस चालकों ने आंदोलन किया। साथ ही डीसी को वेतन भुगतान करने को लेकर एक ज्ञापन भी सौंपा है। इस दौरान उन्होंने जिला प्रशासन को एक दिन का वक्त दिया है। अगर 15 अक्टूबर तक मानदेय का भुगतान नहीं होता है, तो वे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले जाएंगे।




### जेडएचएल और जीवीके ईएमआरआई कंपनी पर लगे गंभीर आरोप

आंदोलन के दौरान एंबुलेंस चालकों ने बताया कि जीवीके ईएमआरआई और जेडएचएल कंपनी के द्वारा ईएमटी और ड्राइवर को कांटेक्ट पर रखा गया था। इन दोनों पदों पर नियुक्त कर्मियों को तीन माह का वेतन नहीं दिया गया है। जेडएचएल कंपनी पर 108 एंबुलेंस चालकों का जुलाई और अगस्त 2023 तथा जीवीके ईएमआरआई कंपनी पर सितंबर 2024 का वेतन भुगतान नहीं करने की बात कही गई है। आंदोलन कर रहे लोगों ने बताया कि उन्होंने अपनी जान की परवाह किए बगैर सातों दिन 24 घंटे सेवा दी है। इसके बावजूद मामूली वेतन पाने वाले कर्मियों का वेतन रोककर उन्हें भारी परेशानी में डाल दिया गया है।

### जीवीके ईएमआरआई कंपनी का खत्म हो चुका है कॉन्ट्रैक्ट

जीवीके ईएमआरआई कंपनी का कॉन्ट्रैक्ट अगस्त 2024 में समाप्त हो चुका है। उसके द्वारा अभी तक किसी भी कर्मी को जॉइनिंग लेटर भी नहीं दिया गया है। इसके अलावा जेडएचएल कंपनी के द्वारा वेतन भुगतान नहीं करने का अलग ही कारण बताया जाता है। कंपनी के प्रतिनिधि कहते हैं कि उन्हें एनआरएचएम से भुगतान नहीं मिला है। जिसकी वजह से 108 एंबुलेंस चालक को के वेतन का भुगतान नहीं कर पा रहे हैं।

### हड़ताल में ये थे शामिल

मौके पर संजीत कुमार गोप, प्रिया बारला, बलराम कुमार, कुलदीप महतो, अरविंद शर्मा, रोहित महतो, दीपक कुमार, अभिमन्यू कुमार, सुशांत सिंह, शंकर कुमार, प्रदीप महतो, पवन कुमार, आनंद यादव सहित कई एंबुलेंस चालक व इएमटी शामिल थे।

# सेविका-सहायिकाओं का धरना दसवें दिन भी रहा जारी



**रामगढ़।** झारखंड राज्य आंगनबाड़ी संयुक्त संघर्ष कर्मचारी संघ के बैनर तले जिले के आंगनबाड़ी सेविका-सहायिका मानदेय बढ़ाने सहित आठ सूत्री मांगों के समर्थन में सोमवार को दसवें दिन भी जिला समाहरणालय में अनिश्चितकालीन धरना पर बैठे रहे। जिसका नेतृत्व रामगढ़ जिला के कार्यकारी अध्यक्ष प्रदीप शर्मा और प्रदेश संयोजक जय प्रकाश पांडेय ने किया। धरना को संबोधित करते हुए प्रदीप कुमार और जय प्रकाश पांडेय ने संयुक्त रूप से कहा कि सुप्रीम कोर्ट ने सभी राज्यों को आंगनबाड़ी सेविका और सहायिका को कम से कम 18 हजार की राशि प्रतिमाह के साथ अन्य सभी महंगाई भत्ता, रिटायरमेंट, सुविधाएं, पेंशन, यात्रा भाता, सहित अन्य सभी सुविधाओं को तुरंत लागू करने का निर्देश दिया है। मामले में राज्य और केंद्र सरकार मूकदर्शक बनी हुई है। उन्होंने कहा जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं होती है, तब तक अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। मौके पर माधुरी देवी, ललिता देवी, शुशिला देवी, रूकमनी देवी, कुंती देवी, दुर्गा पोदार, मेरी माग्रेट टोप्पो, अमरावती देवी, दीप शिक्षा, विजयलक्ष्मी, अजंती देवी, गीता देवी, संगीता कुमारी, सहित भारी संख्या में सेविका-सहायिका शामिल थे।

## पटरी पर मिली गर्भवती युवती का शव, जांच में जुटी पुलिस

**रामगढ़।** रांची रोड रेलवे स्टेशन और बरकाकाना जंक्शन रेल खंड पर पुलिस ने एक गर्भवती युवती का शव बरामद की है। करीब 18 वर्षीया युवती का शव की पहचान नहीं होने से पुलिस की जद्दो-जहद काफी बढ़ गई है। रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार ने बताया कि 12 अक्टूबर को रांची रोड रेलवे स्टेशन से 1 किलोमीटर दूर बरकाकाना रूट पर 18 वर्षीय युवती का शव मिली थी। उसके सिर पर चोट लगी थी। प्रारंभिक जांच के दौरान पुलिस ने उसके गले पर निशान भी पाए थे। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा, तो पूरा माजरा साफ हो गया। प्रथम दृश्या यह मामला हत्या का प्रतीक हो रहा है। महिला लगभग 8 महीने की गर्भवती थी। जिसे मेडिकल टीम ने स्पष्ट किया है। पुलिस को घटनास्थल पर ऐसा कोई दस्तावेज और सुराग नहीं मिला जिससे युवती का नाम पता स्पष्ट हो सके। पुलिस ने आसपास के सभी इलाकों में छानबीन की और युवती की तस्वीर दिखाई। लेकिन किसी ने भी उसकी पहचान नहीं की। अब पुलिस युवती के पूरे हुलिए को मीडिया में प्रकाशित कर रही है। साथ ही सभी थानों को इसकी सूचना दे दी गई है। पुलिस के अनुसार पहचान होने के बाद पूरा मामला स्पष्ट हो पाएगा।



## मजदूरों के बीच श्रमिक कार्ड का हुआ वितरण



**कुजू।** श्रम नियोजन प्रशिक्षण विकास विभाग के द्वारा ग्राम पंचायत बड़का चुम्बा में मजदूरों के बीच श्रमिक कार्ड का वितरण किया गया। मौके पर मांडू प्रखंड के श्रमिक मित्र सुरेंद्र कुमार के द्वारा सरकार के द्वारा संचालित योजना के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दिया गया। जिसमें सेफ्टी कीट योजना, श्रमिक औजार कीट योजना, साइकिल सहायता योजना, छात्रवृत्ति सहायता योजना, मृत्यु सहायता योजना, प्रसूति सहायता योजना, पेंशन योजना आदि के बारे में बताया गया। इस दौरान श्रमिको के बीच श्रमिक कार्ड का वितरण किया गया। साथ ही ज्यादा से ज्यादा संख्या में श्रमिकों को अपना निबंधन करा कर सरकार की योजना का लाभ लेने की बात कही गई। मौके पर सावित्री देवी, खुशबू कुमारी, कविता देवी, सुषमा देवी, रानी कुमारी, पूनम देवी, पुष्पा देवी, समसून निशा, नूरजहां खातून आदि मौजूद थे।

रजरप्पा स्टेडियम में दो दिवसीय 18वीं झारखंड राज्य जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का हुआ शुभारंभ

# चैंपियनशिप का आयोजन होने से खिलाड़ियों को मिलता है बेहतर प्लेटफार्म : कल्याणजी प्रसाद

**रजरप्पा।** रामगढ़ जिला एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में रजरप्पा स्टेडियम में आयोजित दो दिवसीय 18वीं झारखंड राज्य जूनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप का सोमवार को भव्य उद्घाटन हुआ। इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित सीसीएल रजरप्पा क्षेत्र के महाप्रबंधक कल्याणजी प्रसाद, विशिष्ट अतिथि झारखंड प्रक्षेत्र-डी के सहायक क्षेत्रीय अधिकारी सह डीएवी रजरप्पा के प्राचार्य डॉ. एसके शर्मा एवं युवा नेता पीयूष चौधरी ने खेल ध्वज फहराकर चैंपियनशिप का शुभारंभ किया। तत्पश्चात अतिथियों ने मार्चपास्ट का निरीक्षण किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि इस तरह के चैंपियनशिप का आयोजन होने से खिलाड़ियों को उचित प्लेटफॉर्म मिलता है, जिसमें बेहतर प्रदर्शन कर वे आगे बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ खेलकूद भी काफी आवश्यक है। बच्चे खेलकूद के क्षेत्र में भी अपना भविष्य सवार सकते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को अपनी शुभकामनाएं देते हुए बेहतर प्रदर्शन करने की अपेक्षा जताई। इससे पूर्व आयोजन के नेतृत्वकर्ता झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के अध्यक्ष सीडी सिंह ने बुके व मोमेंटो देकर एवं शॉल ओढ़ाकर अतिथियों का स्वागत किया। अध्यक्ष सीडी सिंह ने बताया कि इस चैंपियनशिप में झारखंड के सभी 24 जिलों से 600 प्रतिभागियों एवं 100 तकनीकी पदाधिकारियों ने हिस्सा लिया है। पहले दिन 100, 200, 400, 600, 800, 1000, 1500 मीटर दौड़, थ्रो, लौंग जंप, हाई जंप, ट्रिपल जंप, शॉटपुट सहित कई खेल हुए। जिसमें प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर झारखंड एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव शिवकुमार पांडेय, योगेश प्रसाद, अजीत कुमार, प्रभात रंजन तिवारी, अजय नायक, गंगाधर प्रसाद, आशु भाटिया, शैलेश कुमार, अनवर हुसैन, अशोक भट्टाचार्य, अभिजीत पात्रा, सुखसागर सिंह, तुलेश्वर चौधरी, पूरनचंद राम, धर्मनाथ महतो, चंद्रशेखर राम करमाली, मो. कमरूद्दीन, पीयूष कुमार, सुमित कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे।





# गरीब किसान को डरा धमकाकर पुलिस ने की 1.25 लाख की अवैध वसूली, पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर लगाई न्याय की गुहार

**चैनपुर (गुमला)।** जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र में एक गरीब किसान के साथ पुलिस की अवैध वसूली का मामला सामने आया है। किसान रोशन एक्का ने पुलिस अधीक्षक शंभू सिंह को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। दिए गए आवेदन में आरोप लगाया है कि पुलिस ने उनसे 1.25 लाख रुपये की अवैध वसूली की है। रोशन एक्का ने बताया कि वह एक किसान है और उसका बैल बीमारी से मर गया । जो बचा है वह भी बूढ़ा हो गया है । जिसके कारण वह अपने गांव सोनाटोली से बैल और गाय खरीदने के लिए बलरामपुर गए थे। वहां से एक जोड़ा बैल,दो गाय और बछड़ा लेकर आये। जब वह वापस लौट रहे थे तो डुमरी थाना प्रभारी रास्ते में पकड़कर गाड़ी में बंद कर दिया। इसके बाद प्रकाश तिर्की शिवकुमार साहू एवं मुकेश कुमार भी गाड़ी के पास पहुंचे और हम लोगों को गाड़ी के अंदर देखें प्रकाश तिर्की ने कहा कि मेरा भाई लोग है, सर छोड़ दीजिए । जहां से बेल



खरीद वहां से मैं ग्रामीण एवं सरपंच से कागज बनवाकर लाया हूं। कागज दिखाने पर थाना प्रभारी में कागज देखने से इनकार कर दिया। डुमरी थाना प्रभारी का कहना है कि पुलिस अधीक्षक गुमला को व चैनपुर थाना प्रभारी को पता हो गया है । जिसके कारण एसपी सर नहीं मानेंगे । इसलिए 1लाख 25 हजार देना ही होगा। पैसा दिए बगैर हम लोगों को गाड़ी से छोड़ने के लिए तैयार नहीं हुए । मैं गरीब किसान किसी प्रकार अपना काम चलाने के लिए बैल गाय खरीद कर लाया और उतना पैसा में कहां से देने सकूंगा बोला और थाना ले चलने के लिए कहा। तभी वहां मौजूद शिव कुमार साहू व मुकेश कुमार आपस में बात करने लगे और पैसा देने के लिए तैयार हुए। वही रात 12ः00 बजे शंख नदी पुल के पास डुगरी थाना प्रभारी को 50 हजार रु दिए। आगे रोशन तिर्की ने आरोप लगाते हुए कहा कि शिवप्रसाद साहू व मुकेश कुमार को प्रकाश तिर्की का ट्रैक्टर है, यह लोग डुमरी थाना प्रभारी के साथ मिलकर अवैध रूप से बालू का कारोबार करते हैं। इसीलिए उन लोगों की बात को मानकर हम लोगों को छोड़ दिया और घर भेज दिया। पुलिस ने उन्हें बताया कि उनके पास मवेशी तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है, लेकिन बाद में उन्हें छोड़ दिया गया। लेकिन इससे पहले कि वे जाते, पुलिस ने उनसे 1.25 लाख रुपये की वसूली की। रोशन एक्का ने कहा, मैं गरीब किसान हूं और मेरे पास इतना पैसा नहीं है। मैंने पुलिस से कहा कि मैं पशु तस्कर नहीं हूं, लेकिन उन्होंने मेरी बात नहीं सुनी। इस मामले में डुमरी थाना पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठाए जा रहे हैं। क्या पुलिस ने वास्तव में अवैध वसूली की है या यह किसान का झूठा आरोप लगा रहा है, इसकी जांच होनी चाहिए।इधर पीड़ित ने पुलिस अधीक्षक से निवेदन किया है कि अवैध पैसा वसूली करने वालों पर उचित कार्रवाई करते हुए उसका पैसा वापस दिलाने की कृपा की जाए।

# आपकी विकास पार्टी ने विधानसभा चुनाव को लेकर जारी की प्रत्याशियों की पहली सूची




रांची एक्सप्रेस संवाददाता

कोडरमा झारखंड में विधानसभा चुनावों की तैयारी जोरों पर है और सभी राजनीतिक पार्टियां अपनी रणनीति के साथ मैदान में उतर रही हैं। इसी कड़ी में नई राजनीतिक ताकत ÷आपकी विकास पार्टी÷ ने भी अपने प्रत्याशियों की पहली सूची जारी कर दी है। केंद्रीय अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने इस सूची को जारी किया। और साथ ही साथ पार्टी का चुनाव चिन्ह कलम की निब सात किरणों के साथ का भी लॉन्च किया। इस मौके पर उन्होंने झारखंड के विकास और जनता के हितों पर जोर देते हुए कहा कि झारखंड के अलग राज्य बने 24 साल हो गए हैं, लेकिन यहां के लोग अब तक विकास से वंचित हैं। विभिन्न पार्टियों ने राज्य पर शासन किया,लेकिन जनता के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। प्रत्याशियों की पहली सूची में नाला विधानसभा से जयंती बनर्जी, डुमरी विधानसभा से रकीब आलम, कोडरमा विधानसभा से डॉ. कहकसा कमाल, धनवार विधानसभा से मो. सगीर एवं बड़कागांव विधानसभा से मो. खिताब अनवर के नाम शामिल है। वहीं मुस्तफा ने कहा कि हमें विश्वास है कि हमारी पार्टी के प्रत्याशी चुनाव जीतकर विधानसभा पहुंचेंगे और झारखंड के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। उन्होंने यह भी कहा कि उनकी पार्टी का एजेंडा राज्य के पिछड़े इलाकों में विकास, रोजगार, स्वाथ और शिक्षा के सुधार पर केंद्रित रहेगा। बताते चले कि आपकी विकास पार्टी का जब से लॉन्चिग हुआ है तब से जन समुदाय के हित के लिए निरंतर आंदोलनरत रहा है। अब देखना यह होगा कि जनता नई पार्टी को किस रूप में स्वीकार करती है और आगामी चुनावों में इसका क्या प्रभाव पड़ता है।

# शारदीय नवरात्र के महानवमी को निर्माणाधीन माँ वैष्णों देवी मंदिर में किया गया भंडारे का आयोजन



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

झुमरी तिलैया - असनाबाद स्थित निर्माणाधीन माँ वैष्णों देवी मंदिर में शारदीय नवरात्र के महानवमी पर भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में साकार टीएमटी के निदेशक उदय सोनी मुख्य रूप से उपस्थित थे।उन्होंने अपने संबोधन में कहा कि शहर में माँ वैष्णों देवी मंदिर का निर्माण होना एक बहुत बड़ी पहल है।उन्होंने मंदिर कमेटी को इस निर्माण में यथा संभव मदद करने की बात कही।वही कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे समिति के अध्यक्ष पंकज सिंह ने उनका आभार व्यक्त करते हुए बुके और अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया।वही नवरात्र के दौरान ध्वजाधारी धाम के महंत श्री श्री 1008 सुखदेव जी महाराज,डर. बिरेंद्र कुमार,मोनू सिंह एवं अन्य सदस्य गण ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।कार्यजर्म का संचालन समिति के विजय वर्णवाल ने किया।मौके पर समिति के रोहित शर्मा, नवीन सिन्हा,शिव कुमार यादव,सिद्धि प्रसाद,टिंकु वर्मा,कुलदीप यादव, बिजय पंडित,संजय साव,दिलीप दांगी,संजय सिन्हा,रंजित सिन्हा,रौनक सिंह,अजित कुमार गुप्ता,राहुल सिंह,पृथ्वी सिंह,रौनक सिन्हा, अरविंद,वर्णवाल,शुभम राज, सोभित कुमार,प्रमानंद मुन्ना,राणा प्रताप सिंह,संजय शर्मा,अरविंद विश्वकर्मा, महेश यादव,जितेंद्र साव,प्रिंस कुमार,यश कुमार,नितिन कुमार पंडित,विशाल सिंह यादव,प्रीत कुमार,राजा कुमार,वीर कुमार आदि उपस्थित थे।

# सतगावां में सार्वजनिक दुर्गा माँ का किया गया विसर्जन



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

सतगावां प्रखंड के सार्वजनिक दुर्गा पूजा समिति सतगावां में हर साल के भाँति इस वर्षा भी शान्ति पूर्वक माँ दुर्गा का प्रतिमा को विसर्जन किया गया।नो दिनों तक चले शारदीय नवरात्र के बाद प्रखंड में सोमवार को विजयादशमी और दशहरा का त्योहार धूमधाम से मनाया गया। त्योहार शांति व सौहार्द के माहौल में संपन्न हुआ। गुरूवार,शुक्रवार,व शनिवार रविवार को लोगों ने पूजा पंडालों में स्थापित मां दुर्गा एवं अन्य देवी देवताओं की प्रतिमा का दर्शन कर सुख-समृद्धि की कामना की। सोमवार की शाम मां दुर्गा की प्रतिमाओं का विसर्जन किया गया।एवं सतगावां थाना के प्रभारी विजय गुप्ता के द्वारा बड़ी सहयोग मिले एवं प्रखंड विकास पदाधिकारी ओम प्रकाश बड़ाईक का और अंचल अधिकारी केशोंव प्रसाद चौधरी भी शामिल थे। मां दुर्गा के भक्तों ने नम आंखों से मां को विदाई दी। साथ ही अगले वर्ष फिर से आने वादा लिया।लोग भक्तिगीतों की धुन पर झुमते दिखे गाजे-बाजे के साथ निकली शोभा यात्रा के बाद मां को विदाई दी गई। मौके पर पूजा समिति अध्यक्ष सुनील यादव प्रखंड के प्रतिनिधि एवं समाजसेवी शंकर यादव बिनोद यादव रामोतार चौधरी दीपेश कुमार अग्रवाल ऋतुराज यादव अखिलेश कुमार आकाश यादव बंटी यादव मनोज चौधरी सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

**कंपनी की वार्षिक आम सभा**

# दो साल की अल्प अवधि में विभिन्न स्रोतों द्वारा 2 करोड़ से भी ज्यादा के रागी उत्पाद की बिक्री पर जताया गया हर्ष

## उपायुक्त ने रागी मिशन के आजीविका मॉडल को और भी उचाई के स्तर पर ले जाने का दिया निर्देश

**गुमला।** जिला प्रशासन गुमला एवं पलाशजेएसएलपीएससंपोषित स्कूरू बघिमा स्त्रक्ष्ट द्वारा सोमवार को नगर भवन गुमला में वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया द्धउक्त आम सभा की अध्यक्षता कर रहें उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ,आईटीडीए के परियोजना निदेशक रीना हंसदा, जिला कृषि पदाधिकारी विजय कुजूर, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी आरती कुमारी, जिला अग्रणी प्रबंधक पवन कुमार, जेएसएलपीएस, जेटीडीएस के डीपीएम, द हंस फाउंडेशन,प्रदान,अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के प्रतिनिधि, पीपीआईए फेलो, एमवीएम बघिमा पालकोट,एफपीसी बोर्ड ऑफ डायरेक्टर व महिला एवं कृषक एवं शेयर धारको के गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ । इस आयोजन में भगवती देवी, कुवारी बरवा व करुणा देवी ने कंपनी का वार्षिक लेखा जोखा, लाभांश, कुल व्यापार द्वारा अर्जित कमाई सभी के सामने प्रस्तुत कियाद्धकंपनी द्वारा दो साल की अल्प अवधि में विभिन्न स्त्रोतों द्वारा 2 करोड़ से भी ज्यादा के रागी उत्पाद की बिक्री पर हर्ष जताया गया। जिला एवं






जेएसएलपीएसस राज्य कार्यालय के प्रयासों से विभिन्न बाजार के स्त्रोतों का उपयोग करते हुए इस मुहिम को और भी आगे बढ़ने का निश्चय किया गया। जिला प्रशासन द्वारा रागी मिशन के तहत वितरित 35 MT रागी बीज के सही इस्तेमाल एवं उपज को रागी प्रोसेसिंग यूनिट में सदुपयोग करने का निर्णय लिया गया। कंपनी द्वारा World Food India 2024 नई दिल्ली में अपनी भागीदारी के सफल अनुभव भी मंच के माध्यम से साझा किया गया IFPC के सदस्यों को उपायुक्त द्वारा रागी मिशन के आजीविका मॉडल को और भी उचाई के स्तर पर ले जाने का निर्देश दिया गया ताकि अन्य FPC एवं संस्थाओ के लिए यह एक अनुसरणीय मॉडल के रूप में प्रेरणा दे सके द्धअन्य उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं अतिथियों ने भी अपने उद्बोधन से FPC के सदस्यों का उत्साहवर्धन एवं मार्गदर्शन किया। इस वार्षिक आम सभा में MVM बघिमा के FPC के BOD, शेयर धारक, महिला कृषक एवं रागी प्रोसेसिंग यूनिट के 500 से भी ज्यादा सदस्यों की उपस्थिति रही।

# बसिया में झामुमो के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन

## विभिन्न वक्ताओं ने किया हेमंत सरकार के कार्यक्रमों की जमकर तारीफ



**बसिया (गुमला)।** बसिया अनुमंडल मुख्यालय में सोमवार को झारखंड मुक्ति मोर्चा के चुनावी कार्यालय का उद्घाटन किया गया। चुनाव की घोषणा के पहले खोले गए इस कार्यालय के बहाने झामुमो कार्यकर्ताओं ने सरकार के कार्यक्रमों की जमकर तारीफ की और एक तरह से चुनावी एजेंडा सेट करने का भी काम कर दिया।बसिया बाईपास रोड स्थित पेट्रोल पंप के पास एक सादे समारोह में झामुमो के प्रखंड अध्यक्ष अलीम खान, सचिव सुकरात उराँव, जसिंता बारला, उमेश नाग, सतीश नायक आदि पार्टी पदाधिकारियों के द्वारा संयुक्त रूप से फीता काट कर इसका उद्धघाटन किया गया। इस अवसर पर एक बैठक का आयोजन करते हुए कार्यकर्ताओं को हेमंत सरकार के मंइयां सम्मान योजना सहित तमाम कल्याणकारी योजनाओं की गहन जानकारी दी गई। इसी तरह भाजपा की केंद्र सरकार के द्वारा एक झूठे केस के माध्यम से हेमंत सोरेन को जेल भेजने व चुनी हुई सरकार को अस्थिर करने का आरोप लगाते हुए इस तथ्य को प्रचारित करने का संकल्प लिया गया कि झांरखण्ड में सबसे ज्यादा शासन करने के बावजूद भाजपा आज कैसे एक मइया योजना को देखकर डरी सहमी हुई है। बताते चलें कि बसिया कामडारा को सिसई विधानसभा के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण क्षेत्र माना जाता है। इस क्षेत्र से अभी झामुमो से ही विधायक पदासीन हैं। ऐसे में इस कार्यक्रम की ओर सबों की नजरें टिकी हुई हैं। संदर्भवश बतौर शक्ति प्रदर्शन आयोजित इस उद्घाटन समारोह को प्रखंड अध्यक्ष अलीम खान, प्रखंड सचिव सह बीस सूत्री प्रखंड अध्यक्ष सुकरात उराँव, कामडारा जेएमएम प्रखंड अध्यक्ष विमल केरकेट्टा, विधायक प्रतिनिधि जसिंता बारला,जयमसीह टोपनो आदि लोगों ने संबोधित करते हुए राजनैतिक बढ़त हासिल करने का अपना मंसूबा जाहिर करने का काम कर दिखाया।

# मतदाताओं को जागरूक करने के लिए होगा स्वीप रोबो जतरा कार्यक्रम का आयोजन

**गुमला।** गुमला जिले में आगामी विधान सभा चुनाव के निमित मतदाताओं को चुनाव के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से उपायुक कर्ण सत्यार्थी की पहल से दिनांक 26 अक्टूबर 2024 को गुमला स्वीप सेल द्वारा ÷स्वीप रोबो जतरा÷ का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम गुमला टाउन हॉल में प्रातः 11 बजे से आरंभ होगा। इस आयोजन में राज्य भर के कक्षा 9 से 12 तक के सभी सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय के छात्र-छात्राएं भाग ले सकते हैं। रजिस्ट्रेशन की अंतिम तिथि दिनांक 20 अक्टूबर की है।कार्यक्रम में विभिन्न रोबोटिक प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी, जैसेरेस फॉर डेमोक्रेसी (रोबोटिक दौड़ प्रतियोगिता),पोलबोट (ड्रोन पिक एंड ड्रॉप चैलेंज),पोल




इंस्पेक्शन रोबोट (लाइन फॉलोइंग रोबोटिक प्रतियोगिता)वफाइट फॉर डेमोक्रेसी (रोबोटिक वॉर प्रतियोगिता) । इस आयोजन का उद्देश्य छात्रों में लोकतंत्र के प्रति जागरूकता बढ़ाने के साथ-साथ उनकी वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता को प्रोत्साहित करना है। आयोजन के लिए पंजीकरण क्यूआर कोड के माध्यम से किया जा सकता है। अधिक जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर 9905443673 और 8986643115 पर संपर्क किया जा सकता है। इसके अलावा आधिकारिक वेबसाइट प्रतिभागी दिए गए वेबसाइट Gumla.nic.in., Gumlasciencecentre.com पर भी विजिट कर सकते हैं।

# जेएसजेयू ने मुख्यमंत्री से की राज्य के पत्रकारों को पेंशन समेत अन्य सुविधाएं दिलाने की मांग

**गुमला।** जेएसजेयू के प्रदेश अध्यक्ष बलदेव प्रसाद शर्मा ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को एक पत्र प्रेषित करते हुए राज्य के पत्रकारों को पेंशन व अन्य सुविधाएं दिलाने की मांग की है। पत्र मे कहा गया है कि झारखंड राज्य के गठन को अब लगभग 24 साल पूरे होने वाले हैं। झारखंड राज्य के गठन में पत्रकारों की भी सक्रिय भूमिका रही है, जिसे अनदेखी नहीं की जा सकती है । जिसके कारण यहां की राज्य सरकार से पत्रकारों को भी काफी अपेक्षाएं हैं। क्योंकि वर्तमान समय में सरकार समाज के सभी वर्गों के हितों को ध्यान दें रही है, किन्तु पत्रकारिता से जुड़े हुए लोगों के लिए अब तक कोई सार्थक पहल नहीं की गई है। पूर्व के मुख्यमंत्री रघुवर दासने भी पत्रकारों को पेंशन देने का निर्णय लिया था लेकिन अब तक वह भी धरातल पर नहीं उतर पाया है।देश के अनेक राज्यों में सेवानिवृत्ति पत्रकारों के लिए आर्थिक सहायता देने के लिए विभिन्न योजनाएं प्रचलन में है। जिसमें पेंशन और श्रद्धा निधि के रूप में 10000 से 15000 तक प्रतिमाह सहायता राशि मिलने की व्यवस्था है । झारखंड सरकार भी ऐसी योजना लागू करें, ऐसी हमारी आपसे अपेक्षा है।आजकल पत्रकारिता सुगम कार्य नहीं रह गया है। जब से माफियाओं का प्रवेश हुआ है। पत्रकारिता जीवन जोखिम का कार्य हो गया है। हम झारखंड स्टेट जनरलिस्ट्स यूनियन के माध्यम से मांग करते हैं कि पत्रकार सुरक्षा कानून बनाकर पत्रकारिता को संरक्षण प्रदान करने की कृपा करें। महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ जैसे राज्यों में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू हो चुका है । उत्तर प्रदेश सहित कुछ राज्यों में यह प्रक्रियाधीन है । इसीलिए हम आपसे मांग करते हैं कि झारखंड राज्य में भी पत्रकार सुरक्षा कानून बनाई जाए।पत्रकारों की आर्थिक स्थिति को लेकर चिंता निरंतर बनी रहती है। अधिकांश पत्रकार आर्थिक समस्या से रूबरू होते रहते हैं । ऐसे में हमें अपने परिवार की स्वास्थ्य समस्याओं को लेकर चिंता निरंतर बनी रहती है । अनेक राज्यों में पत्रकार कल्याण की योजनाएं चल रही है । जिसमें स्वास्थ्य बीमा भी शामिल है । झारखंड राज्य में पत्रकारों को परिवार सहित स्वास्थ्य बीमा रियायती दर पर मिले ऐसा आपसे हम आपसे आग्रह करते हैं।

# कामडारा में निकाली गई मां दुर्गा की विसर्जन शोभायात्रा

**कामडारा (गुमला)।** कामडारा व पोकला गेट मे सोमवार को विसर्जन जुलूस निकाल कर भक्तों ने मां दूर्गा की प्रतिमा की विदाई नम आंखों से दी ।वहीं लोगों ने विसर्जन के पहले गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली ।कामडारा प्रखंड मुख्यालय स्थित सार्वजनिक दूर्गा पूजा मंदिर से बड़ा तालाब तक लोगों ने समिति के अध्यक्ष यमुना प्रसाद गुप्ता के नेतृत्व पर मां दूर्गा की प्रतिमा के साथ शोभायात्रा निकाली गयी ।इसके बाद बड़ा तालाब मे मूर्ति को विसर्जित की गई।इस दौरान मां



की जय - जयकार व अगले वर्ष पुनः आने की नारा से पूरा वातावरण गुंजायमान रहा। इधर पोकलागेट मे समिति के अध्यक्ष मनोज साहु के नेतृत्व पर पोकला गेट से लेकर गांव टुरुण्डू तक मां दूर्गा की प्रतिमा के साथ शोभायात्रा निकाली गयी ।इस दौरान गाजे बाजे के साथ श्रद्धालुओं ने जमकर नाचते हुये मां दूर्गा की विदाई दी ।इसके बाद टुरुण्डू बांध मे प्रतिमा को विसर्जित किया गया।उक्त दोनो स्थानो पर स्थानीय पुलिस प्रशासन ने विधि व्यवस्था को दुरुस्त बनाये रखने के लिये गश्त करते हुये नजर आई। थाना प्रभारी शशि प्रकाश , दंडाधिकारी प्रकाश कुमार समेत प्रखंड प्रशासन के अधिकारी समेत सुरक्षा बलों के जवान डटे रहे ! वहीं उक्त दोनो स्थानो पर विसर्जन के दौरान स्थानीय गणमान्य समेत महिला - पुरूष लोग काफी संख्या मे शामिल हुये।

# सरना समाज की बैठक में करम पूजा समेत अन्य विषयों पर किया गया विचार-विमर्श



**डुमरी (गुमला)।** सरना समाज डुमरी की एक बैठक रविवार रात को डुमरी अखरा में हुई। बैठक की अध्यक्षता अजय उरांव ने की । बैठक में गांव करम पूजा धूमधाम से मनाने, सामाजिक बैठक सह बनभोज, समाज और धार्मिक स्थलों का विकास व सुंदरीकरण, गांव व समाज के विकास में बुजुर्गों की भूमिका के साथ राजनीति में युवाओं की भागीदारी सहित अन्य बातों पर चर्चा व विचार विमर्श किया गया । इसके लिए सर्वसहमति से आगामी 15 अक्टूबर को गांव करम पूजा मनाने, 20 अक्टूबर को सामाजिक बैठक सह वनभोज कार्यक्रम का तिथि निर्धारित किया गया । सामाजिक बैठक सह बनभोज कार्यक्रम में सभी सरना गांव के लोगों को आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया । साथ ही अन्य सभी मुद्दों पर चर्चा व विचार विमर्श किया गया ।मौके पर बीरेंद्र भगत ,पसस बेला देवी, सुखमनी देवी, संपति देवी, अनुराधा देवी, सेवाती उरांव, बिमला कुजूर, अनिल भगत, पीतांबर भगत,दिलीप उरांव, कांति देवी,बिमला देवी, देवेश उरांव,सुखनंदन भगत सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे ।


# बाबा टांगीनाथ धाम में 21 अक्तूबर तक नहीं चढ़ेगी बकरे की बलि

**डुमरी (गुमला)।** डुमरी प्रखंड अंतर्गत मझगांव गांव में स्थित जिले के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल बाबा टांगीनाथ धाम में 21 अक्तूबर तक बकरे की बलि नहीं चढ़ाई जाएगी। उक्त तथ्य की जानकारी बाबा टांगीनाथ धाम विकास समिति के उपाध्यक्ष संजय साहु ने दी।उन्होंने कहा कि नवरात्रि के दौरान धाम में पूजा करने वाले शंकर बैगा का निधन नवरात्र की षष्ठी तिथि



को हो गया था, जिसके कारण दिवंगत के क्रिया कर्म का कार्य पूर्ण होने तक टांगीनाथ धाम में बैगा परिवार के द्वारा पूजा पाठ या बलि कराना निषेध है। अतः सभी श्रद्धालुओं से अपील की गई है कि जिनको भी बाबा टांगीनाथ धाम में बकरे की बलि चढ़ानी है वे 21 अक्तूबर सोमवार के बाद धाम में आकर विधिवत पूजा अर्चना कर अपना कार्यक्रम संपन्न करें।

# रामलीला का बदलता स्वरूप समाज के लिए खतरा



विनोद कुमार सिंह

**एक बार और अब रामलीला की जगह लालाओं की लीला काफी हद तक हावी हो गई। रामलीला का बदलता स्वरूप समाज व संस्कृति नकुशान कर रही है। एक स्वस्थ्य समाज व हमारे सम्भयता व संस्कृति के लिए खतरे की घंटी है।**

आप में सें यहाँ कोई राम है?
दिल्लीवासियों का सम्बन्ध राम लीलाओं से काफी ही पुराना है। जिसका जीता जागता उदाहरण दिल्ली का ऐतिहासिक। रामलीला मैदान है। जिसके जुड़ी हुई कुछ किस्से आज भी सुनने को मिलती रहती है। पिछले दिनों दिल्ली व एन सी आर राम भक्तों व रामलीलाओं मंचन व जयश्री राम व हर हर महादेव के नारे से पुरा वातावरण गुंजायमान हो रहा था। दिल्ली व एन सी आर वाले शाम होते हीअपने परिवार के सदस्यो के संग रामलीला का आनंद लेने घर से निकल पड़ते थे। मुझे भी कुछ रामलीलाओं को अवलोकन का सुअवसर मिला। इस दौरान मुझे एक जिज्ञासु व दर्शक की पैनी नजर से रामायण के कई पात्रओ के बारे में बारीकी से जानने का अवसर मिला। रामलीलाओं स्थलों व मंचों के कई क्षण व दृश्य ऐसे आयें जिसने मुझे ना प्रभावित किया बल्कि कुछ सोचने को मजबूर कर दिया। इन में दो उल्लेखनीय पहलू है। रामलीला कर राम -रावण युद्ध का प्रसंग। आप को बता दें राम -रावण का युद्ध काफी ही शिक्षाप्रद व रोचक है। आज रामलीलाओं में मर चुका है रावण का शरीर,सुनसान है किले का परकोटा,चारो दिशाओं में उदासी पसरी है,किसी के घर में नही जल रहा दीया। विभीषण के घर छोड़ कर सागर के तट पर बैठ है विजय श्री राम। विभीषण को लंका का राज्य पाठ सौंपते हुए ताकि सुबह हो सके निर्विघ्न राज्याभिषेक,स्वयं राम लक्ष्मण से पुछते अपने सहयोगियों के कुशल क्षेम,चरणो में हनुमान बैठे। लक्ष्मण मन से क्षुब्द है। भ्राताश्री राम सीता माता को अशोक बाटिका मे क्यों नही लेने जाते है।

विभीषण का राज्याभिषेक हो गया है। लंका में राम प्रवेश कर एक भव्य भवन पहुंच गये है। हनुमान को अशोक वाटिका में संदेश देने भेजते है कि रावण मारा गया है और अब विभीषण लंकापति है। हनुमान का यह संदेश सुनकर माँसीता खामोश है,निहारती है उस रास्ते को। उनके मन में प्रश्न उठते है कि रावण का वध करते ही वनवासी राम,राजा राम बन गये क्या। लंका पहुंच कर वे क्यूं नही जानना चाहते है,एक वर्ष कहाँ रही सीता,कैसे रही उनकी सीता। मॉ सीता के नयनों से अविरल बहते हए अश्रुधार। ना राम भक्त हनुमान नही समझ पाते, ना रामायण के रचयिता बाल्मिकी कह नही पाते है। माँ सीता आज सोचती है कि अगर राम आते मै उन्हें यहाँ के परिचायिकाओं से, जिन्होने रावण के आदेश पर मुझे भयभीत तो किया,लेकिन नारी के पूर्ण गरिमा प्रदान की,वे रावण की अनुचरी थी लेकिन मेरे लिए माताओं के समान थी। अगर स्वयं राम आते यहाँ मै उन्हें इसे मिलवाते,यहाँ के अशोक के वृक्षों से जिन्होंने मुझे अपने विश्वास पर अड़े की आपर शक्ति देती रही,यहाँ की पुष्प व लताओं से जिन्होनें उनकी सीता कीआँसुओं को ओंस के कणों की तरह सहेज कर रखा। लेकिन वे अब तो वे राजा राम है कैसे आते अपनी सीता को लेने के लिए। देखते देखते कई पहर बीत गए,लंकापति विभीषण के नेतृत्व में माता सीता जी का श्रंगार की गई। भव्य पालकी मे बैठी हुई माँ सीता आज मन मन सोच रही है कि राजा जनक जी ने उन्हें इसी तरह से घर से विदा किया था। तभी वातावरण में स्वर गुंजता है कि सीता को मेरे पास पैदलआने दो। भुमि सुता माँ सीता जमीन पर कॉपती हुई चलते मन में ज्वलंत प्रशन उठते है कि मैंने स्वयंवर में जिसका वरण किया था क्या ये वही है यह पुरुष,जिसके प्रेम में अयोध्या का महल छोड़ कर उनके संग वन वन भटकी थी। हॉ रावण नें गोद मे उठाया था। मुझसे क्या था प्रणय निवेदन वह स्वयं में राजा था,चाहता तो बल पूवर्क ले जाता राजमहल में,लैकिन उसने मेरे स्त्रीत्व का अपमान कभी नही किया। रावण के विषय में सही जानकारी से आज बहुत लोग अपरिचित है। रावण कौन था,क्या रामायण का एक पात्र मात्र था आपके मन में भी कुछ ऐसे सवाल होंगे तो मै बता दूँ कि रावण एक महाज्ञानी,महा पराक्रमी और महाबलशाली था। रावण चारों वेदों का जानकार था। वह धरती पर मौजूद सबसे बुद्धिमान व्यक्तियों में से एक था। हालांकि उसके अहंकार के कारण उसका अंत हुआ। रावण भगवान शिव का परम भक्त था और उसे यह वरदान था कि कोई भी देवी-देवता का उसका अंत नहीं सकता। यही कारण है कि रावण का वध करने के लिए भगवान विष्णु को मानव रूप में अवतार लेना पड़ा। भगवान विष्णु के अवतार भगवान श्रीराम ने रावण की नाभि में तीर मारकर उसका अंत किया। रावण के अंत से पहले भगवान श्रीराम और रावण की सेना के बीच कई दिनों तक युद्ध चला। धर्म और अधर्म के बीच हुआ यह युद्ध कितने दिनों तक चला,इस बार में बहुत कम लोगों को जानकारी है।

वाल्मीकि रामायण के अनुसार भगवान श्रीराम और रावण की सेना के बीच 84 दिनों तक युद्ध लड़ा गया। युद्ध में सफलता के लिए स्वयं भगवान श्रीराम ने शक्ति की उपासना की थी। जिसके बाद लगातार 9दिनों तक युद्ध के बाद दसवें दिन रावण का अंत कर दिया। इसलिए हिन्दू धर्म में नौ दिनों तक शक्ति की उपासना की जाती है और दसवें दिन दशहरा मनाया जाता है। रामायण के अनुसार भगवान श्रीराम और रावण के बीच लगातार 8 दिनों सीधे युद्ध हुआ था। अश्विन शुक्ल पक्ष की तृतीया तिथि को दोनों के बीच शुरू हुआ संग्राम दशमी को रावण वध के साथ समाप्त हुआ। रावण का अंत करने के बाद भगवान श्रीराम को वापस अयोध्या पहुंचने में करीब 20 दिन लगे थे। शास्त्रों के अनुसार रावण की सेना में करोड़ो लोग थे,बावजूद इसके भगवान श्रीराम और उनकी वानर सेना ने बहुत पराक्रम के साथ युद्ध किया और श्रीराम ने रावण का अंत कर दिया। सिर्फ रावण ही नहीं बल्कि उसकी सेना में ऐसे कई पराक्रमी योद्धा थे,जिन्हें किसी मनुष्य के लिए हराना असंभव था। इसलिए भगवान विष्णु के अवतार के साथ-साथ भगवान शिव और अन्य देवताओं ने भी अवतार लिए थें। श्रीराम-रावण के युद्ध में रावण के चार भाइयों कुम्भकर्ण,खर,दूषण और अहिरावण ने हिस्सा लिया था। इनमें से अहिरावण का अंत हनुमानजी ने किया था जबकि बाकी तीन भाइयों का अंत श्रीराम के हाथों हुआ। युद्ध में रावण के सात शूरवीर पुत्र भी उतरे थे। इनमें से मेघनाद, प्रहस्त और अतिकाय का अंत लक्ष्मणजी ने किया जबकि नरान्तक, देवान्तक और अक्षय कुमार का अंत हनुमान के हाथों हुआ। रावण के एक पुत्र त्रिशिरा का अंत श्रीराम के हाथों हुआ। आगे की कथा आप सभी स्वयं जानते है-स्वयं सीता को अग्नि परीक्षा तक देने पड़ी राम,सीता व लक्ष्मण अयोध्या लौटे,नगर वासियों नें दिवाली मनाई थी। आप सभी भी दिवाली मनाने की तैयारी में जुट गए होगें। मै उदास हूँ,कुछ सोचने को मजबुर हो गया हूँ दशहरे की रात से। देश की राजधानी में रामलीला मंचन व मंच से लेकर रावण को जलाने के जशन में समाज की जानी हस्तियों ने ना सिर्फ शिरकत की बल्कि अपने को गौरवान्वित महसुस कर रहें। आज जिसने भी जलाई है क्या उसमें से किसी में मयार्दा पुरुषोत्तम राम के गुण थें क्या। चाहे वे केन्द्रीय मंत्री हो,मुख्य मंत्री हो या राजनीतिक दलों के राजनेता हो,समाजसेवी हो यहाँ तक कई संवैधानिक पदों पर आसीन माननीय-सम्मानीय हो या फिहस्तियाँ हो,कोई भी हो व्यक्ति हो या जिसने भी रावण दहन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया हो उनको लेकर मेरे मन में बार यह बार एक सबाल पूछ रहा है। यहाँ आपमें से कोई राम है क्या। मुझे तो यहाँ कोई भी राम नही मिला। वही दूसरी तरफ रामलीला आयोजक की व्यवस्था पर भी कई सवालिया निशान उठता है। रामलीला स्थलो की व्यवस्था,मंच के बाहर अव्यवस्थित पाकिंग,अस्थाई रूप से बनाई चारदीवारी पर पान मासला अन्य विज्ञापन सम्बन्धी विशालकाय पोस्टरों,रामलीला में आने जाने दर्शकों के मन जरूर दुष्प्रभाव सरकारी महकमे के आल अफसरों की उपस्थिति,दिल्ली पुलिस,आदि के साथ लाला जी का फोटो से व्यापार व रुतवा में स्वाभाविक रूप से प्रभाव पड़ता है। आयोजको का ध्यान रामलीला के सरकारी व सार्वजिक स्थान के लिए उपलब्ध कराई जाती है। जहाँ पर केन्द्र सरकार राज्य सरकार,कई स्वायत संस्थानों को रियायती दरों पर बिजली पानी,सुरक्षा व्यवस्था,मैदान उपलब्ध कराई जाती है। आयोजको द्वारा रामलीला मंचन के लिए चंदे से बड़ी रकम उगाई की जाती है। जिसका कोई हिसाब किताब कोई आडिट रिपोर्ट होती है या नही । भगवान ही जाने। एक रामलीला मंच में आयोजकों के द्वारा अपने लिए शीश महल की शान शौकत उपलब्ध थीं हद तो तक हो जब - भगवान श्री राम की प्रतिमा-खुले मैदान में स्थापित किया गया। इतना ही नही - हिन्दु देवी देवताओं की प्रतिमा को जमीन पर कुछ रखी गई थी लाला जी व उनके परिवार व मित्र परिजनों की आलीशान महलों में शीसें अन्दर - खान पान की व्यवस्था,फोटो सुट प्राईवेट प्रचार प्रसार के लिए कथाकथित झोला छाप आई -माईक लेकर मीडिया कर्मियों का खास इंतजाम था। फोटो सूट आदि व्यवस्था की गई थी। जो कि साधारण व्यक्ति अपने परिवार के सदस्यों के साथ रामलीला देखने को आते है। सबसे पहले उन्हें यहाँ प्रवेश के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ती है। जैसे तैसे वह पहुंचते है फिर आयोजकों के प्राईवेट सिक्युटी गार्ड जिसे आयोजको अपने मित्र व परिजनों की आव भगत - शान शौकत रखी गई है। वे आम जनता को प्रताड़ित करने से नही चुकते है। ऐसे में अपने स्वभाव के मुताबिक तीरक्षी नजर अगर आप को कोई राम दिखे तो हमे भी बतायेगा जरूर। एक बार और अब रामलीला की जगह लालाओं की लीला काफी हद तक हावी हो गई। रामलीला का बदलता स्वरूप समाज व संस्कृति नकुशान कर रही है। एक स्वस्थ्य समाज व हमारे सम्भयता व संस्कृति के लिए खतरे की घंटी है।



## संपादकीय

### हत्या से सनसनी

मुंबई के बांद्रा ईस्ट में अज्ञात व्यक्तियों ने महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के नेता बाबा सिद्दीकी की कार से आए तीन लोगों ने नजदीक से गोली मार कर हत्या कर दी। गोली लगने के बाद गंभीर रूप से घायल बांद्रा पश्चिम से तीन बार विधायक और राज्य के पूर्व मंत्री रहे सिद्दीकी को पास के लीलावती अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने सुपारी हत्या की शंका जताई है। हमलावरों में से दो को लोगों ने मौके पर ही दबोच लिया। सिद्दीकी 40 साल कांग्रेस में रह चुकने के बाद हाल में कांग्रेस छोड़कर राकांपा (अजीत) में शामिल हुए थे। उनका पुत्र विधायक है। जिस तरह से इस घटना को अंजाम दिया गया है, उससे राज्य में कानून-व्यवस्था की बिगड़ी हालत का पता चलता है। विपक्ष भी सत्तारूढ़ गठबंधन सरकार और खास तौर पर उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस पर हमलावर है, जिनके पास गृह विभाग भी है। चर्चा है कि हत्या को गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई के गुर्गों ने अंजाम दिया है। गैंगस्टर लॉरेंस विश्नोई ने अभिनेता सलमान खान को भी धमकी दे रखी हैङ्क और बाबा सिद्दीकी सलमान खान के काफी करीबी थे। पुसिल हर कोण से घटना के तार जोड़ने में जुट गई है, और महाराष्ट्र पुलिस के तेजतर्रार अफसरों को इस काम में लगाया गया है। भले ही इस घटना में कोईराजनीतिक एंगल दिखाई न पड़.रहा हो लेकिन इसके राजनीतिक असर से इनकार नहीं किया जा सकता। जल्द ही राज्य में विधानसभा चुनाव होने हैं, और इस प्रकार घर के बाहर हमलावर बेखौफ हत्या को अंजाम देने में सफल हो जाते हैं, तो निश्चित ही कानून-व्यवस्था पर सवाल खड़े.होंगे। लॉरेंस विश्नोई गैंग ने जिस तरह से एक के बाद एक हरकत से पुलिस को चुनौती दी है, उससे जरूरी हो गया है कि पुलिस सख्ती दिखाए। इसलिए पुलिस भी सख्ती दिखाना चाहती है। कुछ समय पहले सलमान खान के घर के बाहर भी रैकी करते हुए लॉरेंस विश्नोई गैंग के गुर्गे पकड़े.गए थे। अंड़रवर्ल्ड.के 87 से ज्यादा गैंगस्टर्स को मार गिराने और कई सरगनाओं का सफाया करने वाले एनकाउंटर स्पेशलिस्ट दया नायक को बाबा सिद्दीकी हत्या मामला सौंपा गया है। दरअसल, जरूरी है कि गैंगस्टर्स को काननू-व्यवस्था पर, चुनाव से ऐन पहले तो कतई नहीं, हावी न होने दिया जाए। आमजन का कानून-व्यवस्था पर विश्वास बना रहना जरूरी है, और ऐसा गुंड़ा और अराजक तत्वों पर शिकंजा कसकर ही किया जा सकता है।

## चिंतन-मनन

### द्वंद्व के बीच शांति की खोज

केवल ज्ञान की बातें करों। किसी व्यक्ति के बारे में दूसरे व्यक्ति से सुनी बातें मत दोहराओ। जब कोई व्यक्ति तुम्हें नकारात्मक बातें कहे, तो उसे वहीं रोक दो, उस पर वास भी मत करो। यदि कोई तुम पर कुछ आरोप लगाये, तो उस पर वास न करो। यह जान लो कि वह बस तुम्हारे बुरे कर्मो को ले रहा है और उसे छोड़ दो। यदि तुम गुरु के निकटतम में से एक हो तो संसार के सारे आरोपों को हंसते हुए ले लोगे। द्वद्व संसार का स्वभाव है और शांति आत्मा का स्वभाव है। द्वद्व के बीच शान्ति की खोज करो। द्वद्व समाप्त करने की चेष्टा द्वद्व को और ज्यादा बढ़ाती है। आत्मा की शरण में आकर विरोध के साथ रहो। जब शान्ति से मन ऊबने लगे तो सांसारिक क्रिया-कलापों का मजा लो। और जब इनसे थक जाओ तो आत्मा की शान्ति में आ जाओ। यदि तुम गुरु के करीब हो, तो दोनों क्रिया कलाप साथ-साथ करोगे। ईश्वर व्यापक हैं। और अन्नत काल से ईश्वर सभी विरोधों को संभालते आए हैं। यदि ईश्वर सारे विरोधों को ले सकते हैं, तो निश्चित ही तुम भी ऐसा कर सकते हो। जैसे ही तुम विरोध के साथ रहना स्वीकार कर लेते हो, विरोध स्वतः समाप्त हो जाता है। शान्ति चाहने वाले लोग लड़ना नहीं चाहते और इसके विपरीत लड़ाई करने वाले शान्ति पसन्द नहीं करते। शान्ति चाहने वाले लड़ाई से बचना चाहते हैं। आवश्यक यह है कि मन को शांत करें और फिर लड़ें। गीता की यही मूल शिक्षा है। कृष्ण अजरुन को उपदेश देते हैं कि अजरुन युद्ध करो मगर हृदय को शान्त रखकर। संसार में जैसे ही तुम एक विरोध को समाप्त करते हो तो दूसरा खड़ा हो जाता है। उदाहरण के लिए जैसे ही रूस की समस्या समाप्त हुई, बोस्निया की समस्या खड़ी हो गई। एक समस्या हल होती है, तो दूसरी शुरू हो जाती है।.....

# मिसाइल मैन डॉ एपीजे अब्दुल कलाम



संजय गोस्वामी



डॉ. कलाम साहब को मिसाइल मैन के नाम से भी जाना जाता था. वे भारत के भारतीय गणतंत्र के ग्यारहवें निर्वाचित राष्ट्रपति थे। डॉ अब्दुल कलाम को पीपल्स प्रेजिंडेट भी कहा जाता था उनका मानना था कि श्इंतजार करने वालों को सिर्फ उतना ही मिलता है, जितना कोशिश करने वाले छोड़ देते हैं। ऐसे प्रेरणादायी शब्द से छात्रों को संबोधित करते रहते थे।

एक साधारण परिवार में 15 अक्टूबर 1931 को धनुषकोडी गाँव (रामेश्वरम, तमिलनाडु) में एक मध्यमवर्ग मुस्लिम परिवार में इनका जन्म हुआ। अपनी मेहनत और बुद्धिमता से ना सिर्फ विज्ञान के क्षेत्र में प्रसिद्धि हासिल की और भारत के राष्ट्रपति पद तक का सफर तय किया बल्कि ये भी साबित किया कि अगर कोई इंसान ठान ले तो कुछ भी असंभव नहीं है। 1963 में कलाम भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संस्थान, इसरो से जुड़े और यहां भी भारत की ताकत को बढ़ाने में अपना योगदान दिया। सैटेलाइट लॉन्च वेहिकल यानीं स्ट के प्रॉजेक्ट मिशन से जुड़े। अब्दुल कलाम को मिसाइल मैन के नाम से जाना जाता है उन्होंने अपनी मेहनत और क्षमता के दम पर भारत को वो शक्ति दी जिससे भारत अपनी धाक दुनिया के सामने जमा सका। 1982 में कलाम रक्षा अनुसंधान विकास संगठन, त्त्क्व् से जुड़े और उनके नेतृत्व में ही भारत ने नाग, पृथ्वी, आकाश, त्रिशूल और अग्नि जैसे मिसाइल विकसित किए। इन्होंने भारत रत्न, भारत के सर्वोच्च नागरिक सम्मान सहित कई प्रतिष्ठित पुरस्कार प्राप्त किये। उनके भाषणों में कम से कम एक कुरल का उल्लेख अवश्य रहता था। राजनीतिक स्तर पर कलाम की चाहत थी कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर भारत की भूमिका विस्तार हो और भारत ज्यादा से ज्याद महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाये। भारत को महाशक्ति बनने की दिशा में कदम बढाते देखना उनकी दिली चाहत थी। उन्होंने कई प्रेरणास्पद पुस्तकों की भी रचना की थी और वे तकनीक को भारत के जनसाधारण तक पहुँचाने की हमेशा वकालत करते रहे थी। बच्चों और युवाओं के बीच डाक्टर कलाम अत्यधिक लोकप्रिय थे। वह भारतीय अन्तरिक्ष विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान के कुलपति भी थे।ष्ट्रपति पद से सेवामुक्त होने के बाद डॉ कलाम शिक्षण, लेखन, मार्गदर्शन और शोध जैसे कार्यों में व्यस्त रहे और भारतीय प्रबंधन संस्थान, शिल्लोंग, भारतीय प्रबंधन संस्थान, अहमदाबाद, भारतीय प्रबंधन संस्थान, इंदौर, जैसे संस्थानों से विजिटिंग प्रोफेसर के तौर पर जुड़े रहे। इसके अलावा वह भारतीय विज्ञान संस्थान बैंगलोर के फेलो, इंडियन इंस्टिट्यूट ऑफ स्पेस साइंस एंड टेक्नोलॉजी, थिरुवनन्थपुरम, के चांसलर, अन्ना यूनिवर्सिटी, चेन्नई, में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग के प्रोफेसर भी रहे।उन्होंने आई. आई. आई. टी. हैदराबाद, बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी और अन्ना यूनिवर्सिटी में सूचना प्रौद्योगिकी भी पढाया था।कलाम हमेशा से देश के युवाओं और उनके भविष्य को बेहतर बनाने के बारे में बातें करते थे। इसी सम्बन्ध में उन्होंने देश के युवाओं के लिए ह्ल्व्हाट कैन आई गिवह्ल पहल की शुरूआत भी की जिसका उद्देश्य भ्रष्टाचार का सफाया है। देश के युवाओं में उनकी लोकप्रियता को देखते हुए उन्हें 2 बार (2003 - 2004) ह्यएम.टी.वी. यूथ आइकॉन ऑफ द इयर अवार्डह्ल के लिए मनोनित भी किया गया था।वर्ष 2011 में प्रदर्शित हुई हिंदी फिल्म ह्यआई ?म कलामह्ल उनके जीवन से प्रभावित है। डॉ एपीजे अब्दुल कलाम ने विंग्स ऑफ फायर, इग्नाइटेड माइंड्स, इंडिया 2020 जैसी कई मशहूर और प्रेरणा देने वाली किताबें लिखी हैं। जो खासकर छात्रों को प्रेरित करती रही।इन्होंने 1974 में भारत द्वारा पहले मूल परमाणु परीक्षण के बाद से दूसरी बार 1998 में भारत के पोखरान-द्वितीय परमाणु परीक्षण में एक निर्णायक, संगठनात्मक, तकनीकी और राजनैतिक भूमिका निभाई! सपने वो नहीं होते जो रात को सोने समय नींद में आये, सपनें वो होते हैं जो रातों में सोने नहीं देते। ऐसे दमदार विचार रखने वाले भारत के पूर्व राष्ट्रपति एपीजे अब्दुल कलाम अब इस दुनिया में नहीं रहे। 27 जुलाई 2015 की शाम डॉ अब्दुल कलाम भारतीय प्रबंधन संस्थान शिलोंग में श्रहने योग्य ग्रह पर एक व्याख्यान दे रहे थे जब उन्हें जोरदार कार्डियक अरेस्ट (दिल का दौरा) हुआ और ये बेहोश हो कर गिर पड़े। लगभग 6:30 बजे गंभीर हालत में इन्हें बेथानी अस्पताल में आईसीयू में ले जाया गया और दो घंटे के बाद इनकी मृत्यु की पुष्टि कर दी गई।जिसके बाद करोड़ों लोगों के प्रिय और चहेते डॉ अब्दुल कलाम परलोक सिधार गए।

# हरित ऊर्जा : सस्ती प्रौद्योगिकी वक्त की मांग



अजय प्रताप तिवारी



बढ़ती जनसंख्या, घटते संसाधन न सिर्फ मानव जीविका को प्रभावित करते हैं, बल्कि इनसे ऊर्जा संसाधन भी प्रभावित होते हैं। आज वैश्विक स्तर पर घटते ऊर्जा स्त्रोत के समाधान की तलाश में सभी देश अपने-अपने स्तर पर काम कर रहे हैं। ऊर्जा की बढ़ती मांग और जीवाश्म ईंधन के दहन से ग्रीनहाउस गैसों में लगातार वृद्धि हो रही है, जिससे जलवायु परिवर्तन की घटनाएं बढ़ रही हैं।

ग्रीनहाउस गैसों को कम करने तथा ऊर्जा की मांग को पूरा करने में हरित ऊर्जा कारगर साबित हो रही है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी की रिपोर्ट (2024) के अनुसार अगले तीन वर्षों में दुनिया भर में बिजली की मांग बढ़ेगी। इसे पूरा करने तथा पर्यावरणीय प्रभाव कम करने के लिए हरित ऊर्जा की ओर दुनिया देख रही है। भारत सौर ऊर्जा, जलीय और पवन ऊर्जा पर काफी जोर दे रहा है। भारत में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने के लिए राज्य और केंद्र सरकार द्वारा कई योजनाएं चलाई जा रही हैं। सौर ऊर्जा को बढ़ावा और ऊर्जा संबंधी समस्याओं को कम करने के लिए पीएम सूर्य घर योजना को सरकार प्रोत्साहन दे रही है।

योजना के अंतर्गत एक करोड़ परिवारों को 300 यूनिट तक खे बिजली प्रदान की जाएगी। योजना का उद्देश्य ग्रामीण और दूरदराज इलाकों में बिजली की समस्या खत्म करना तथा सुरक्षित पर्यावरण प्रदान करना है। योजना केंद्र और राज्य सरकारों द्वारा आर्थिक सहायता प्रदान किया जा रहा है। इस योजना की खास बात यह है कि इसके तहत एक सोलर पैनल लगवाने के बाद कई वर्षों तक बिजली की मुफ्त आपूर्ति मिलती रहेगी। यह योजना आर्थिक और पर्यावरणीय दृष्टिकोण से लाभदायक है। देश के आर्थिक विकास और उन्नति में ऊर्जा का महत्त्वपूर्ण भूमिका होती है। देश में ऊर्जा के विभिन्न आयामों को बढ़ावा देने से रोजगार का सृजन भी होता है। आने वाले कुछ वर्षों में एनर्जी सेक्टर में स्किल्ड वर्करों की मांग बढ़ेगी। भारत में बिजली समस्याओं से छुटकारा पाने में पीएम सूर्य घर योजना कारगर साबित हो रहा है लेकिन इसके समक्ष चुनौतियां कम नहीं हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जा सकता।

सौर ऊर्जा से उत्पादित बिजली भंडारण के लिए पूरी तरह से बैटरियों पर निर्भर होना पड़ता है, जो महंगी होती है तथा बैटरियों का सीमित जीवनकाल होता है, जिस वजह से बार-बार बदलना बड़ी समस्या बन सकती है। सौर ऊर्जा परिवर्तनशील और अनियमित प्रकृति की है। इसका एकमात्र हल भंडारण ही है। वैश्विक स्तर पर सौर ऊर्जा का भंडारण प्रति वर्ष 23 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है।

अमेरिका और चीन में सौर ऊर्जा भंडारण सबसे ज्यादा है जबकि भारत में भंडारण की क्षमता सौर ऊर्जा उत्पादन से बहुत कम है। भारत वर्ष 2030 तक वैश्विक स्तर पर अक्षय ऊर्जा के उत्पादन में तीसरे स्थान पर होने की संभावना है, लेकिन अक्षय ऊर्जा भंडारण में विश्व में शीर्ष पांचवां देश होगा। सोलर पैनल्स का औसत जीवनकाल 20-25 वर्ष होता है, लेकिन समय के साथ इनकी उत्पादन क्षमता घटने लगती है, इन्हें बदलने की आवश्यकता होती है, इसलिए भविष्य में अधिक निवेश की आवश्यकता होगी।

भारत में सोलर पैनल और अन्य उपकरणों की प्रारंभिक लागत अधिक होती है, जो आमजन के लिए आर्थिक बोझ हो सकता है, भले ही सरकार सब्सिडी दे रही हो लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक किल्लत बड़ी समस्या है। ग्रामीण क्षेत्रों में सब्सिडी मिलने में देरी और सब्सिडी की जटिल प्रक्रिया होने से सोलर पैनल्स में निवेश करने से लोग हिचकिचाते हैं। लोगों में सोलर पैनल्स की तकनीकी जानकारी की भी कमी है, जिससे वे इस योजना के लाभ समझ नहीं पाते। सोलर पैनल्स के प्रदर्शन पर जलवायु परिवर्तन का भी प्रभाव पड़ सकता है। मौसम में अप्रत्याशित परिवर्तन होते हैं, तो इससे ऊर्जा उत्पादन प्रभावित हो सकता है। देश में सोलर पैनल्स की स्थापना के लिए प्रशिक्षित तकनीशियनों की भी कमी है। सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने से पर्यावरणीय प्रभाव कम होने के साथ ही ई-कचरा भी बढ़ेगा जिसकी रीसाइक्लिंग के लिए काफी निवेश करना होगा।

संयुक्त राष्ट्र पर्यावरण कार्यक्रम की एक रिपोर्ट ने वैश्विक स्तर पर चेताया है कि जीवाश्म इंधन का उपयोग कम नहीं किया गया तो ग्रीन हाउस गैसों का उत्सर्जन 2050 तक बढ़ कर दोगुना हो जाएगा। इसलिए आज वैश्विक स्तर पर सौर ऊर्जा को बढ़ावा देने की जरूरत है। इसके लिए तकनीकी सुधार और लागत कम करने के लिए अनुसंधान को बढ़ावा देना चाहिए। सौर उपकरणों और पैनलों पर करों में छूट देना चाहिए ताकि इन्हें सस्ता और सुलभ बनाया जा सके। सौर ऊर्जा से संबंधित आवश्यक अवसंरचना के विकास पर ध्यान देना चाहिए। पीएम सूर्यघर योजना बिजली की उच्च लागत उत्पादन को कम करते हैं तथा बिजली की उत्पादकता को बढ़ाते हैं। जरूरत इस बात की है कि सौर ऊर्जा की भंडारण क्षमता को बढ़ाने के लिए सरल और सस्ती प्रौद्योगिकी का विकास किया जाए।

## संक्षिप्त

### काली पूजा के भव्य पूजा पंडाल के लिए भूमि पूजन

**रांची :** 14 अक्टूबर 2024 को माँ दक्षिणेश्वरी काली पूजा समिति, अमर चौक, चुटिया, राँची ने आगामी 31 अक्टूबर 2024 को काली पूजा के भव्य पूजा पंडाल के लिए भूमि पूजन किया। जिसमें रामगढ़ जिले के मांडू से आऐ पुरोहित पंडित गजानंद पांडे जी के द्वारा पूरे विधि विधान के साथ भूमि पूजन किया गया, जिसमें यजमान माँ तारा पुत्र श्री



सुनील महतो के साथ पूजा समिति के पदाधिकारी शामिल हुए इस। आयोजन में समिति के अध्यक्ष राजकुमार महतो, राधेश्याम केसरी, लालो महतो, संजय प्रसाद, रविंद्र प्रसाद, सरवन महतो, दीपक साहू, रणजीत राम, कुंज बिहारी महतो, सोनू कुमार, दीपक महतो, सुनील महतो, दिनेश महतो मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### सोनाहातु में विजयादशमी के दिन रावण दहन कार्यक्रम सम्पन्न

**सोनाहातु :** प्रखण्ड स्थित सोनाहातु गांव के बुड़कुड़िया टांड़ में विजयादशमी के दिन हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी मेला सह विशाल रावण दहन कार्यक्रम आयोजित किया गया। मेले में गांव के आसपास समेत दूर दराज गांव से लोग पहुंचे। सुबह से ही विभिन्न तरह की दुकानें लगी थी।



मुखिया विकास सिंह मुण्डा के नेतृत्व में परम्परागत तरीके से बिरसा मुण्डा प्रतिमा स्थल पहुंचकर माल्यार्पण किया। माल्यार्पण के बाद सैंकड़ों की संख्या में गाजे-बाजे के साथ बुड़कुड़िया मेला स्थल पहुंचे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नरेंद्र मोदी विचार मंच यूवा शाखा के राष्ट्रीय अध्यक्ष धनपति महतो उपस्थित थे। मौके पर उन्होंने कहा कि विजयादशमी के दिन ही भगवान श्रीराम ने रावण का वध किया था। जिसमें अहंकारी, अत्याचारी, अधर्मी एवं बुराई पर नाश कर अधर्म पर धर्म पर,एवं असत्य पर सत्य की विजय हुई थी।आज खुशी का दिन है। उन्होंने कहा कि आने वाले दिन में सोनाहातु के इस पावन धरती पर बुड़कुड़िया मेला सह रावण दहन कार्यक्रम को भव्य रूप से किया जायेगा।मौके पर विदेशी सेकारो,रामकुमार भगत, दीपक मुंडा, रवि सिंह मुण्डा, निर्मल सेठ, अमूल्य मुण्डा, अरबिंद जयसवाल, जयकिशोर महतो, अनुप अधिकारी, राम भगत आदि का सराहनीय योगदान रहा।

# वीआईपी पार्टी की रायशुमारी, 20 सीटों पर प्रत्याशी देने का फैसला

**रांची :** वीआईपी पार्टी पदाधिकारियों की रायशुमारी, 20 सीट पर प्रत्याशी देने का निर्णय विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) झारखंड में 20 से अधिक सीटी पर चुनाव लड़ेगी। रांची प्रेस क्लब में राज्य भर में राज्य भर प्रेस कांफ्रेंस कर यह घोषणा आज कर दी। प्रोपेलर राजकुमार चौधरी ने कहा कि राज्य की जनता में 25 सालो में गठबंधन सरकार को देखा। एक और जहां वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पाटी इंडिया मठबंधन के साथ मिलकर सत्ता में है वहीं पिछ्ली सरकारो पर नजर दौडाए तो पार्टियों के साथ ताल मेल कर भारतीय जनता पाटी जैसी राष्ट्रीय पार्टी भी सता पर ती काबिज होती रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय ही लेकर क्षेत्रीय पार्टियों ने राज्य का




कितना हित किया है यह सभी पार्टियों के लिए आत्म मंथन का विषय है। राजकुमार चौधरी ने कहा कि झारखंड में करीब 3.5 करोड़ लोग रहते हैं, जिनमे निषाद समाज की जनसंख्या सात प्रतिशत अर्थात करीब 24 लाख के करीब है। उन्होने लगभग 25 विधान सभा अपने दम पर प्रत्याशी जीतते आ रहे है। अब निषाद वंशीय समाज सिर्फ बैंक बनकर विधानसभा भेजनें का माध्यम नहीं बनेगा बल्कि स्वयं विधानसभा में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराते हुए अपने हक और हुकुक की लड़ाई लड़ेगा।

प्रोफेसर राजकुमार चौधरी ने एक परिपक्व नेता की तरह इस बात से इनकार नहीं किया कि राज्य में गठबंधन की सरकार का होना भौगोलिक मजबूरी है, लेकिन शख्या बल पर निषाद वशीय समाज भी किसी से कम नहीं है, बावजूद इसके सता के गलियारी में इस समाज की चर्चा ना तो भाजपा, कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टियों ने की और ना ही स्थानीय हिली का दम भरने वाली सता पर काबिज झारखंड मुक्ति मोर्चा निषाद वंशीय समाज के बीच आकर अपने आप को जनहित और राज्यहित वाली सरकार साबित करने की स्थिति में है। उन्होंने की कहा कि जब हमारी सुध लेने वाला कोई नहीं है तो हम किसी के अरोसे क्यों बैठे रहे। इस विधानसभा चुनाव में निषाद समाज न सिर्फ अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगी बल्कि 20 से अधिक विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी देने जा रही है और अपनी राजनीतिक दावेदारी किसी और के हाथ में नहीं जाने देगी।

# बाघवार अकादमी के प्रांगण में मां दुर्गा के नौ रूपों का किया गया नाट्य मंचन

**चान्हो :** चान्हो स्थित बाघवार अकादमी के प्रांगण में सोमवार को कक्षा 5, 8 एवं 9 के छात्र एवं छात्राओं के द्वारा मां दुर्गा के नौ रूपों पहली शैलपुत्री, दूसरी ब्रह्मचारिणी, तीसरी चंद्रघंटा, चौथी कुष्मांडा, पांचवी स्कंदमाता, छठी कात्यायनी, सातवीं कालरात्रि, आठवीं महागौरी और नौवी सिद्धियात्री का नाट्य मंचन किया गया। समस्त नाटक अंग्रेजी में प्रस्तुत किया गया। इस नाट्य मंचन के माध्यम से मां दुर्गा के नौ रूपों के साथ साथ उनके द्वारा महिषासुर वध को भी दशार्या गया। दो दिनों के अल्प अवधि में कक्षा 8 की कक्षा आचार्य कुलदीप कुमार के मार्गदर्शन में तैयार किया इस नाट्य मंचन में हिस्सा लेने वाले विद्यार्थियों के नाम उनकी कक्षा अनुसार इस प्रकार हैं- श्रेया रानी, शिवानी कुमारी, वैष्णवी कुमारी सुचिता कुमारी, रेशमा कुजूर, आदिति कुमारी, अंजली कुमारी, इशा प्रिया, माही कुमारी,




पीहू रानी, निशा कुमारी, शिवम तिवारी, राहुल कुमार सभी कक्षा 9वीं के छात्र एवं छात्राएं हैं। आकांक्षा कुमारी एवं अरुण टोप्पो दोनों कक्षा 8 तथा सांची सलोनी, शिवानी कुमारी, आलिया निशा सभी कक्षा 5 की छात्राएं हैं। यहां उपस्थित विद्यार्थियों सहित सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं ने इस लघु नाटिका की अंतः मन से सराहना की।

मंच संचालन कुलदीप कुमार के द्वारा किया गया। अपने संदेश भाषण में विद्यालय के निदेशक अशोक बाघवार ने कहा की दशहरा अथवा दुर्गा पूजा बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। विद्यार्थियों को संदेश देते हुए उन्होंने कहा कि अपने अंदर व्याप्त बुराई को निकाल सच्चाई के मार्ग पर चलें क्योंकि अंत में सच्चाई की ही जीत होती है। इस अवसर पर विद्यालय के सभी विद्यार्थी सहित सभी शिक्षक गण तथा नॉन टीचिंग स्टाफ मौजूद थे।

# शहीद देवेंद्र मांझी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुण्यतिथि मनायी गयी

**रांची :** झारखंड आंदोलनकारी महासभा एवं शहीद देवेंद्र मांझी फाउंडेशन के तत्वाधान में शहीद देवेंद्र मांझी के पुण्यतिथि के अवसर पर शहीद देवेंद्र मांझी के प्रतिमा पर माल्यार्पण डोरंडा मैं किया गया माल्यार्पण महासभा के अध्यक्ष श्री राजू महतो एवं फाउंडेशन के सचिव श्री प्रवीण केरकट्टा के द्वारा किया गया कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महासभा के अध्यक्ष श्री राजू महतो ने कहा की झारखंड अलग राज्य का निर्माण लंबे त्याग और संघर्ष संघर्ष के साथ- साथ आने को कुर्बानियां दी गई तब जाकर राज्य का निर्माण हुआ शहीदों के श्रृंखलाओं में शहीद देवेंद्र मांझी का नाम सर्वोपरि है उन्होंने झारखंड के आदिवासी मूलवासी



जनता के लिए के लिए जल जंगल जमीन की लड़ाई एवं उनके मलकाना हक दिलाने की लड़ाई लड़ी आज भी अलग राज्य निर्माण के 24 वर्ष बाद आदिवासी मूलवासी जनता का भावना के अनुरूप एवं शहीद देवेंद्र मांझी के सपनों का झारखंड नहीं बन पाया है और ना ही अलग राज्य निर्माण के इस महान सपूत को अभी तक शहीद का दर्जा नहीं दिया जाना अत्यंत शर्मनाक है, श्री महतो ने सरकार से मांग की है शहीद देवेंद्र मांझी को सरकारी स्तर से शहीद का दर्जा अभिलंब दिया जाए एवं शाहिद देवेंद्र मांझी का गगनचुंबी प्रतिभा स्थापित किया जाए इस अवसर पर आदिवासी मूलवासी जन अधिकार मंच के उपाध्यक्ष विजय शंकर नायक ने कहा कि झारखंड के इस वीर सपूत ने अपनी प्राणों की आहुति देकर बलिदान देने का एक मिसाल कायम किया है जिसे झारखंड की जनता कभी भी नहीं भूल सकती है और झारखंड में आदिवासी मूलवासी जनता के सपनों का झारखंड बनाने के लिए हम सब कृत संकल्प हैं यही शाहिद देवेंद्र मांझी का सच्ची श्रद्धांजलि होगी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए फाउंडेशन के सह सचिव परवीन केरकेट्टा ने कहा कि शहीद देवेंद्र मांझी के सपनों को साकार करने के लिए हम सभी उनके बतलाई मार्ग में चलने को हमेशा अग्रसर रहेंगे इसमें कोई कोर कसर नहीं रहेगा कार्यक्रम में बिरसा मुंडा ,गुमड़ा उरांव, विधु उरांव, विजय उरांव, ढूंढे प्रधान, गगन महतो, संजू राणा मुंडा, यासीन अंसारी आदि सम्मिलित हुए।

# मांडर बेड़ो मार्ग पर लोयो बांध के निकट हुए सड़क दुर्घटना साइकिल सवार मजदूर की मौत

**मांडर :** मांडर बेड़ो मार्ग में लोयो बांध के समीप रविवार की रात को सड़क दुर्घटना में साइकिल सवार मजदूर सुना उरांव 51 वर्ष की मौत हो गयी वह लोयो गांव का रहने वाला था। घटना करीब साढ़े नौ बजे की है। बताया जा रहा है कि सुना उरांव प्रत्येक दिन की तरह रांची से मजदूरी कर ट्रेन से वापस लौटने के बाद टांगरबसली रेलवे स्टेशन से साइकिल से अपने घर जा रहा था. इसी क्रम में लोयो गांव से बाइक से आ रहे एक युवक ने उसे धक्का मार दिया। जिससे सुना उरांव की मौके पर ही मौत हो गयी. हादसे में बाइक सवार मांडर के नगड़ा निवासी सुमन जॉर्ज टोप्पो को भी गंभीर चोटें आयी है. जिसे मांडर रेफरल अस्पताल में प्राथमिक उपचार के बाद रिम्स रेफर किया गया है।

# मुडमा जतरा को लेकर पड़हा भवन में जतरा संचालन समिति एवं प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक

**मांडर :** 18 व 19 अक्तूबर को लगने वाले दो दिवसीय मुड़मा जतरा की तैयारी को लेकर जतरा स्थल स्थित पड़हा भवन में जतरा संचालन समिति व प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक सोमवार को हुई। जतरा की तैयारी को अंतिम रूप देने के लिए आयोजित इस बैठक में जतरा के दौरान बिजली, पानी, चिकित्सा व अन्य नागरिक सुविधाओं को उपलब्धता, शांति व विधि व्यवस्था बनाये रखने को लेकर पुलिस बल व स्वयंसेवकों की तैनाती, रास्तों पर पेट्रोलिंग एवं आसपास के क्षेत्र में शराब की बिक्री पर पाबंदी लगाने सहित अन्य मुद्दों पर चर्चा की गयी. जतरा संचालन समिति के लोगों ने बताया कि जतरा के उदघाटन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शामिल होने के लिए झारखंड के राज्यपाल व समापन समारोह में मुख्यमंत्री को आमंत्रित किया गया है।



मौके पर खलारी डीएसपी रामनारायण चौधरी, सीओ चंचला कुमारी, बीडीओ मनोरंजन कुमार, प्रखंड चिकित्सा प्रभारी डॉ किशोर कुल्लू,बी एस ओ छुनु उराव थाना प्रभारी राहुल सहित जतरा संचालन समिति के अनिल उरांव, रंथु उरांव, मनोज उरांव बिहारी उरांव, कुणाल उराव, जट्टा उराव, वीरेंद्र उराव, बाबू पाठक आदि मौजूद थे।

### एचईसी को हर हाल में बचाना है: अजय नाथ शाहदेव

**रांची :** पिछले दस महीनों से लगातार संघर्षरत एचईसी सप्लाई कर्मियों के आंदोलन में सोमवार को कांग्रेस नेता अजय नाथ शाहदेव शामिल हुए। अजय नाथ शाहदेव ने उपस्थित कर्मियों से कहा कि उनके न्याय की लड़ाई में वे भी कदम से कदम मिलाकर साथ खड़े हैं। यह बेहद दुखद है कि पर्व त्योहारों के समय भी उन्हें कई महीनों के वेतन से वंचित किया गया है। 1622 सप्लाई कर्मियों का परिवार आज भुखमरी के कगार पर आ गया है। उन्होंने मौके पर एचईसी प्रबंधन से टेलीफोनिक वार्ता कर यथाशीघ्र मुद्दे के समाधान को लेकर वार्ता की है।

# बेड़ो में पूरे मांडर विधानसभा क्षेत्र के 31 योजनाओं की विधायक शिल्पी नेहा तिर्की ने रखी आधारशिला

**बेड़ो :** प्रखंड मुख्यालय स्थित महादानी मैदान में सोमवार को पूरे मांडर विधानसभा क्षेत्र के पांचों प्रखंड के कल्याण विभाग द्वारा स्वीकृत कुल 31 विकासशील योजनाओं का शिलान्यास बतौर मुख्य अतिथि विधायक शिल्पी नेहा तिर्की व पूर्व मंत्री सह झारखंड समन्वय समिति के सदस्य बंधु तिर्की ने पूजा अर्चना व शिलापट्ट का अनावरण कर संयुक्तरूप से किया। ततपश्चात सभी शिलापट्ट को संबंधित प्रखंड के प्रतिनिधियों को सौपी। मौके पर विधायक श्रीमती तिर्की ने कहा कि समयाभाव के कारण एक ही जगह सामुहिक रूप से शिलान्यास कार्य किया गया। हमारी गठबंधन की हेमन्त सरकार द्वारा आदिवासियों की धार्मिक सांस्कृतिक स्थलों में सरना, मसना, धुमकुरिया के संरक्षण के लिए सर्वाधिक 31 योजनाएं हमारी



विधानसभा क्षेत्र के लिए स्वीकृत किया गया है। जो सर्वाधिक है। हमारी गठबंधन की सरकार आदिवासियों के धार्मिक, सांस्कृतिक स्थलों को संरक्षित करने का कार्य कर रही है। वही विपक्षी दल की सरकार के द्वारा वर्ष 2014 से 3019 के बीच आदिवासियों की इन स्थलो को लैंड बैंक में डालने का काम किया था। वहीं पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने इन योजनाओं को लेकर कहा कि लाभुक समिति का गठन कर तुरंत प्राकलन के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि गठबंधन की सरकार के द्वारा मईंया योजना के तहत एक हजार से बढ़कर 2500 रुपया करने की बात चल रही है। वहीं घरेलू उपभोक्ता को दो सौ यूनिट तक प्रतिमाह बिजली मुफ्त कर दी है। साथ ही घरेलू उपभोक्ताओं का बकाया बिल भी माफ कर दी है। वहीं किसानों का दो लाख रुपयों तक कि कृषि ऋण भी माफ कर दी है। हमारी सरकार जन कल्याणकारी कार्य कर रही है। जो विपक्षियों को हजम नही हो रही है। अभी चुनाव पहुंच रही है विपक्षियों के द्वारा तरह तरह का प्रलोभन देने का बात करेंगे। उनसे आप लोगों को बचने की जरूरत है। मौके पर डीएसपी अशोक कुमार राम, सीओ प्रताप मिंज, थाना प्रभारी बेड़ो नकुल साह, इटकी थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, उप प्रमुख मोददसिर हक, प्रखंड अध्यक्ष प्रो करमा उरांव, जिप सदस्य बेरोनिका उरांव, लापुंग जयंत बरला, मांडर मंगा उरांव, इटकी रमेश महली, चान्हो इस्तियाक अंसारी, नवल सिंह, फहीम अंसारी, शम्भू बैठा, सोमरा महली, मुनकु कुजूर, राजकमल गोप, राजेश गोप व रीना देवी समेत चान्हो, मांडर, लापुंग, इटकी व बेड़ो के कई कार्यकर्ता मौजूद थे।


**AFFIDAVIT**

I Depawali Gangi Guria, W/o Sukhwa Guria, R/o Kocha Barda, Khunti, Jharkhand do hereby solemnly affirm by affidavit no. 67 dated 18.09.2024 as under :-
1. That previously my name was GANGI GUDIYA, presently I am known and called by DEPAWALI GANGI GURIA.
2. That GANGI GURIYA and DEPAWALI GANGI GURIA is the same and one person, which is myself.

**AFFIDAVIT**

I Md. Moallim Ansari S/o Md. Ainul Ansari R/o Madrasa Mohalla, Near Madrasa Mazhrul Uloom Irba, Ormanjhi, Ranchi do hereby solemnly affirm and decalre by affidavit no. 63 dated 07.10.2024 as follows :
1. That I Md. Moallim Ansari S/o Md. Ainul Ansari which is mentioned in my UID Card, Adhar Card No. 438818928400 but in passport No. J8950586 bymistake my name is mentioned as Abdul Molim Ansari S/o Ainul Haque Ansari.
2. Md. Moallim Ansari S/o Md. Ainul Ansari and Abdul Molim Ansari S/o Ainul Haque Ansari are same and one person i.e. myself.

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, खूँटी**
**(जिला सामान्य शाखा)**

**आदेश**

NIC के बेवसाईट www.khunti.nic.in में Upload खूँटी जिला अन्तर्गत चौकीदार की सीधी नियुक्ति हेतु शारीरिक जाँच एवं दौड़ हेतु दिनांक–16.10.2024 को तिथि निर्धारित किया गया था, जिसे अपरिहार्य कारणों से स्थगित करते हुए दिनांक–18.10.2024 को निर्धारित किया जाता है।

अतः लिखित परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों को निदेश दिया जाता है कि वे निर्धारित तिथि को प्रातः 6:00 बजे बिरसा कॉलेज स्थित फूटबॉल मैदान में उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

ह0/–
उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, खूँटी

PR 338894 District(24-25)#D

**कार्यालय,**
**विद्युत कार्यपालक अभियन्ता**
**विद्युत कार्य प्रमण्डल, इन्जीनियर्स हॉस्टल,धुर्वा, रॉची**

**अति अल्पकालिन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या– 77/24–25**

झारखण्ड राज्य स्थापना दिवस 2024 के अवसर पर महत्वपूर्ण सरकारी भवनों के विद्युत साज–सज्जा एवं अन्य स्थानों पर होने वाले अस्थायी विद्युतीकरण के कार्य हेतु अस्थायी विद्युतीकरण कार्यो के अनुभवी, विभाग में निबंधित विद्युत अनुज्ञापत्राधारी सम्वेदक से मुहरबंद लिफाफे में निम्नांकित तिथि तक निर्धारित शर्तो के साथ निविदा आमंत्रित की जाती है–
1. परिमाण विपत्र बिक्री की अंतिम तिथि :– 06.11.24 को 2.00 बजे अपराह्न तक।
2. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– नगर नियंत्रण कक्ष, राँची/ विद्युत कार्य अंचल, रॉची एवं विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक – 09.11.24 को 12.00 बजे अपराह्ण तक, नगर नियंत्रण कक्ष रॉची।
4. निविदा खोलने की तिथि, समय एवं स्थान :– दिनांक–09.11.24 को 1.00 बजे अपराहण में,विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची।
5. परिमाण विपत्र का मूल्य :– नियमानुसार रू0 500/–, 750/–, 1250/–,2500/– एवं 5000/–
6. अग्रधन राशि :– प्राक्कलित राशि का दो प्रतिशत।

Note :- Terms & Condition also available in our website www.jharkhand.gov.in and our office Notice Board.

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉची

PR 338851 Energy(24-25).D

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय,खूँटी**
**(जिला शस्त्र शाखा)**

**आदेश**

विधान सभा चुनाव–2024 को स्वच्छ शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त तरीके से सम्पन्न कराने हेतु शस्त्र नियमावली–2016 के नियम–63 एवं शस्त्र अनुज्ञप्ति की शर्त–9 एवं 14 के तहत् खूँटी जिला के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के अनुज्ञप्ति एवं उसपर धारित शस्त्रों का भौतिक सत्यापन कराना आवश्यक है।

अतः शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों के अनुज्ञप्ति/शस्त्रों का भौतिक सत्यापन करने हेतु निम्नलिखित पदाधिकारियों को उनके नाम के सम्मुख अंकित थाना क्षेत्र के लिए दण्डाधिकारी के रूप में प्राधिकृत किया जाता है। संबंधित थाना क्षेत्र के थाना प्रभारी अपने थाना/ओ0पी0 क्षेत्र के सभी शस्त्र अनुज्ञप्तिधारियों को सूचित करते हुए उनके अनुज्ञप्ति एवं उस पर धारित शस्त्रों का भौतिक सत्यापन कराना सुनिश्चित करेंगे। वैसे अनुज्ञप्तिधारी जिनके शस्त्र किसी थाना/दुकान आदि मे पूर्व में जमा हो तो शस्त्र जमा करने संबंधी कागजात प्रस्तुत करेंगे साथ ही वैसे अनुज्ञप्तिधारी जो जमानत पर है अथवा जिनका अपराधिक इतिहास रहा हो अथवा गत चुनाव दंगे वगैरह फैलाने में संलिप्ता रहा हो वैसे सभी अनुज्ञप्तिधारियों दिनांक 20.10.2024 तक किसी लाईसेंसी दुकान/संबंधी थाना में जमा कराना सुनिश्चित करेंगे। इसे संबंधित थाना प्रभारी जिला खूँटी सुनिश्चित करेंगे। अंचल एवं थानावार शस्त्र सत्यापन की तिथि एवं स्थान निम्न प्रकार से निर्धारित किया जाता है।

| क्र0 | दण्डाधिकारी का नाम/ पदनाम | थाना/प्रखण्ड क्षेत्र | शस्त्र सत्यापन का स्थान | शस्त्र सत्यापन की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | श्री शिशुपाल आर्य, अंचल अधिकारी, खूँटी | खूँटी थाना | खूँटी थाना | 16.10.2024 |
| 2 | श्रीमती कोमल कुमारी, कार्यपालक दण्डाधिकारी, खूँटी | मरंगहादा थाना | मरंगहादा थाना | 16.10.2024 |
| 3 | श्रीमती बंदना भारती, अंचल अधिकारी, कर्रा | कर्रा थाना | कर्रा थाना | 16.10.2024 |
| 4 | श्रीमती अनुराधा कुमारी, कार्यपालक दण्डाधिकारी, खूँटी | जरियागढ़ थाना | जरियागढ़ थाना | 16.10.2024 |
| 5 | सुश्री पूजा बिन्हा, अंचल अधिकारी, तोरपा | तोरपा थाना | तोरपा थाना | 16.10.2024 |
| 6 | श्री विपिन चन्द्र विश्वास, कार्यपालक दण्डाधिकारी, खूँटी | तपकरा थाना | तपकरा थाना | 16.10.2024 |
| 7 | श्री शंकर कुमार विद्यार्थी,अंचल अधिकारी, मुरहू | मुरहू थाना | मुरहू थाना | 16.10.2024 |
| 8 | श्रीमती ब्रजलता, कार्यपालक दण्डाधिकारी, खूँटी | सायको थाना | सायको थाना | 16.10.2024 |
| 9 | श्री प्रशांत डांग, अंचल अधिकारी, रनियाँ | रनियाँ थाना | रनियाँ थाना | 16.10.2024 |
| 10 | अंचल अधिकारी, अड़की | अड़की थाना | अड़की थाना | 16.10.2024 |

उपरोक्त प्राधिकृत सभी दण्डाधिकारी संबंधित थाना प्रभारी के साथ समन्वय स्थापित कर शस्त्रों का भौतिक सत्यापन निर्धारित तिथि तक करते हुए संयुक्त हस्ताक्षर से सत्यापन प्रतिवेदन दिनांक 24.10.2024 तक इस कार्यालय को निम्नांकित विहित प्रपत्र में उपलब्ध करना सुनिश्चित करेंगे ताकि संयुक्त प्रतिवेदन के अनुसार अनुज्ञप्तिधारियों का अनुज्ञप्ति नवीकरण किया जा सके।

| क्र0 | शस्त्र अनुज्ञप्तिधारी का नाम/पता | शस्त्र अनुज्ञप्ति कब तक नवीनीकृत है। | शस्त्र अनुज्ञप्ति संख्या एवं UIN No. | धारित शस्त्र का प्रकार एवं संख्या | धारित शस्त्र को अंतिम रूप से किस वर्ष सत्यापित किया गया। |
|---|---|---|---|---|---|

शस्त्रों का भौतिक सत्यापन निर्धारित तिथि को पूर्वाह्न 11:00 बजे से 4:00 बजे अपराह्न तक किया जाय। निर्धारित तिथि तक सत्यापन नहीं कराने वाले अनुज्ञप्तिधारियों के विरूद्ध शस्त्र अधिनियम/नियमावली के तहत् शस्त्र अनुज्ञप्ति को निलंबित/रद्द करने की कार्रवाई की जायेगी।

ह0/–
जिला शस्त्र दण्डाधिकारी,
–सह–उपायुक्त,खूँटी

PR 338907 District(24-25).D

# 108 एंबुलेंस कर्मियों की हड़ताल से चरमरा गई स्वास्थ्य व्यवस्था

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**हजारीबाग :** जिले के 108 एंबुलेंस के चालक दुर्गा पूजा में वेतन नहीं मिलने से नाराज हो गए उठे। वेतन व अन्य मांगों को लेकर लगभग 56 एम्बुलेंस चालक और ईएमटी नाराज होकर रविवार की रात आठ बजे से हड़ताल पर चले गए। जिससे जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमरा गई।

सोमवार को हड़ताल पर उतरे 108 एंबुलेंस चालकों ने सिविल सर्जन को हड़ताल की जानकारी देते हुए एक मांग पत्र सोपा है। जिसमें कहा गया है कि 108 एंबुलेंस के इमरजेंसी मेडिकल टेक्निकल और ड्राइवर को विगत 3 माह से वेतन नहीं मिल रहा है। जिसमे एक माह का जीबीके ईएमआरआई एवं दो माह का पिछले कंपनी जेएचएल का वेतन शामिल है। जिसके का अल्प वेतन पाने वाले कर्मियों के सामने बहुत कठिनाई उत्पन्न हो रही है। जबकि हम लोगो ने 247 घंटा सेवा दे रहे हैं। हम सभी ने अपनी जान की परवाह किए बगैर सभी लोगों को अपनी हर प्रकार की



सेवाएं प्रदान कर रहे हैं। लेकिन माह जुलाई और अगस्त 2023 का जेएचएल के कंपनी के तहत एवं माह सितंबर 2024 का जीबीके ईएमआरआई कंपनी के तहत से अभी तक का वेतन भुगतान नहीं हुआ है। जबकि जीभीके ईएमआरआई का टेंडर अगस्त माह 2024 को समाप्त हो गई है। लेकिन उक्त कंपनी अभी तक किसी कर्मचारियों को जॉइनिंग लेटर नहीं दिया गया है। कंपनी कर्मचारियों को पीएफ एवं ईएसआईसी की सुविधा नहीं दिया जा रहा है।

पूर्व से काम कर रहे कर्मचारियों से नई कंपनी टेंडर लेती है तो रजिस्ट्रेशन के नाम पर मनमाना घुस मांगती है। पिछली कंपनी जेएचएल के अधिकारियों से बात करने पर बोला जाता है कि एनआरएचएम से अभी तक उनको पेमेंट नहीं मिला है तो पेमेंट कहां से करें। उन्हें भी कर्मचारियों को एनआरएच एम से स्थाई किया जाए एव पेमेंट किया जाए।

सभी कर्मचारियों का समय पर वेतन भुगतान किया जाए एवं वेतन बढ़ोतरी किया जाए। हड़ताल में रवि यादव, मनोज कुमार, पंकज कुमार, सुशील कुमार, चंद्र यादव, अविनाश कुमार, मो अजीज, धनंजय कुमार सहित कई कर्मी शामिल थे।

## मलेशिया से पति का शव लाने के लिए दर-दर भटक रही महिला

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**गिरिडीह :** जिले के बगोदर थाना क्षेत्र के औरा पंचायत निवासी 36 वर्षीय संजय महतो की मौत पिछले एक महीने पूर्व दो सितंबर को मलेशिया में हो गयी थी। पति के अंतिम दर्शन और दाह-संस्कार के लिए उसकी पत्नी जगह-जगह गुहार लगा रही हैं लेकिन अभी तक शव नहीं पहुंचा है।

सुनिता देवी ने सोमवार को कहा कि परिवार की माली हालत को देखते हुए पति मलेशिया गए थे। वहां केईसी इंटरनेशनल लिमिटेड कंपनी में कार्यरत थे। इसी बीच अचानक विगत 02 सितंबर को उनकी मौत का समाचार मिलने पर दुःखों का पहाड़ टूट पड़ा। मौत को लगभग एक महीने से अधिक हो गये लेकिन अभी तक मलेशिया से उसके पति का शव यहां नहीं पहुंच सका। इस संबंध में कंपनी से कोई सकारात्मक जवाब न मिलने से परिवार काफी परेशान है। शव को लाने के लिए पत्नी जनप्रतिनिधियों से लेकर सरकार तक से गुहार लगा रही है।

इस मामले में प्रवासी मजदूरों के हित में कार्य करने वाले समाजसेवी सिकन्दर अली ने मृतक के घर पहुंचकर संवेदना प्रकट करते हुए कंपनी और सरकार से उचित मुआवजा के साथ शव को जल्द भारत लाने की मांग की है।

महिला के गांव के लोगों को भी उम्मीद है कि शीघ्र ही उसका शव यहां आयेगा और उसका अंतिम संस्कार किया जायेगा। इसको लेकर उन्होंने भी सरकार से सहायता करने की मांग की है।

## संक्षिप्त समाचार

### पूर्व विधायक के नेतृत्व में भाजपा का दामन थामने वालों का सिलसिला जारी



**चौपारण :** पूर्व विधायक मनोज यादव के नेतृत्व में भाजपा का दामन थामने वालो का सिलसिला जारी है। सोमवार को प्रखण्ड के जीटी रोड स्तिथ मुखीया जी लाइन होटल में भाजपा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव ने कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए सभी को पार्टी की सदस्यता दिलाई। भाजपा में शामिल होने वालों में योगेश सिंह रानीक, रामजतन सिंह पपरो, सुमन सिंह छतरपुरा, शिवपूजन सिंह खरहूँवा, अशोक सिंह पपरो,गिरजा राणा पपरो, देवेंद्र सिंह सेलहारा, दिलीप सिंह सिंघरावाँ, धीरन सिंह रानीक, कैलाश यादव भूषणडीह,बद्री सिंह रानीक, रंजीत सिंह रानीक, करुणा सिंह रानीक, दयानिधि सिंह रानीक, संतोष सिंह टांडीह, पिन्टू भुईँया नवापर, धनजय सिंह कोल्हुवा, विक्रम भुईँया अंबेडकर नगर, बिरेन्द्र सिंह बिगहा, भरत पासवान पपरो, लखिन्दर पासवान पपरो, अहमद खान, रंजीत साव, रामचन्द्र साव गंगाआहर, महिलाओं में फूल कुमारी देवी, यशोमति देवी, किरण देवी, मिना देवी, सन्तु भुइयां, उर्मिला देवी, सारो देवी सहित कई लोगों का नाम शामिल है।

### बजरंग दल प्रखंड संयोजक ने किया रक्दान




**टाटीझरिया :** बजरंग दल प्रखंड संयोजक झरपो निवासी रवि कुमार ने तिसरी बार जरूरतमंद लोगों के लिये रक्त दान किया। ये कहते हैं कि रक्त दान महादान होता है और अगर आप किसी भी जरूरतमंद का जरूरत पुरा करोगे तो भगवान आपका जरूरत पुरा करेगें इसलिए हर किसी को रक्त दान करते रहना चाहिए इससे लोगों को मदद भी हो जाता है, शरीर भी स्वस्थ रहता है।

### श्री चित्रगुप्त मंदिर छठ तालाब में 3 नवंबर को होने वाले चित्रगुप्त पूजा व प्राण प्रतिष्ठा को लेकर तैयारी बैठक







**हजारीबाग :** श्री चित्रगुप्त पूजा सह पूरे परिवार का प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विचार विमर्श किया गया। बैठक में 2024 में आयोजित होने वाले पूजा के लिए शुभम प्रकाश को पूजा प्रभारी बनाया गया। शुभम प्रकाश ने बताया कि ये हम सब के लिए बहुत खुशी का बात है की हजारीबाग नही बल्कि पूरे झारखंड बिहार में ये एक मात्र मंदिर है, जो पूरे परिवार के साथ स्थापित है और इस पूरे परिवार का प्राण प्रतिष्ठा इस वर्ष 03 नवंबर को होना है इसके लिए हम सब अभी से ही तयारी में जुट चुके हैं और तमाम लोगो से आग्रह भी करते है की आप सभी अपना समय दे कर पुण्य के भागी बने। पूजा प्रभारी सुभम प्रकाश ने पूजा को सफल बनाने हेतु एक समिति का भी गठन किया है मौके पर राज प्रकाश, बॉबी, अनुपम सिन्हा, दीप प्रकाश, सूमो प्रकाश, अमित सिन्हा, अनुज सिन्हा, बप्पी कारण, अन्य लोग उपस्थित रहे जिन्होंने इस बात में सहमति जताई।

### रेलवे निर्माण की मांग पर लगातार चल रहे हैं हस्ताक्षर अभियान : अनूप भाई

**हजारीबाग :** बरकट्ठा विधानसभा के चलकुशा से बरकट्ठा, इचाक होते हुए हजारीबाग शहर तक रेलवे लाइन निर्माण की मांग को लेकर भाजपा नेता अनूप भाई ने बरकट्ठा प्रखंड के कालाहाबाद में चलाया हस्ताक्षर अभियान लक्ष्य दस हजार से अधिक लोगों का हस्ताक्षर के साथ देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तथा केंद्रीय रेल मंत्री से पत्र के माध्यम से मांग किया जाएगा।हस्ताक्षर के सभी पत्र सरकार को सोप जाएगी और भाजपा ने अनूप भाई ने बताया कि यह हस्ताक्षर अभियान चलाने का मुख्य उद्देश्य बरकट्ठा विधानसभा के अंतर्गत आने वाले प्रखंड चलकुशा , इचाक, बरकट्ठा का पूरा व्यवस्था हजारीबाग शहर पर आश्रित है और यहां का विद्यार्थी हजारीबाग जाकर प्रत्येक दिन उच्च स्तरीय पढ़ाई करते हैं, जिसमें आवागमन में बहुत अधिक खर्च होता है और दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। आवागमन से बचने के लिए अभिभावक अपने बच्चों को हॉस्टल या किराए के मकान में रखकर पढ़ाई करवाते हैं जिसमें बहुत अधिक खर्च गिरता है और गरीब तबके के परिवार अपने बच्चों को शहर में रखकर अच्छी पढ़ाई नहीं करवा पा रहे हैं। रेलवे सुविधा होने से क्षेत्र वासियों को कम लागत में आवागमन की सुविधा होगी, वही इस हस्ताक्षर अभियान पर आम जनता ने अपना राय देते हुए कहा कि अनूप भाई का सोच बरकट्ठा विधानसभा के प्रति है जो जमीनी मुद्दा को प्राथमिकता से रख रहे हैं।

## मोदी सरकार झारखंड के विकास को अवरुद्ध कर रही है : डॉ आरसी मेहता

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**हजारीबाग :** सदर विधानसभा के कांग्रेस नेता सह उप विजेता डॉ आरसी मेहता के नेतृत्व में कार्यकताओं के साथ पबरा, डाँड़, लुपुग, गोसी इत्यादि गांवों में जनसंपर्क अभियान चलाया है। जनसंपर्क भ्रमण के दौरान डॉ मेहता ने कहा की केंद्र सरकार ने झारखंड के एक लाख छत्तीस हजार करोड़ रुपए रोककर झारखंड को साजिश के तहत विकास को अवरुद्ध कर रही हैं। केंद्र सरकार से निवेदन है कि हम झारखंडियों के विकास के लिए हमारा खनिज संपदा से जो रॉयल्टी आया है, उसे झारखंड सरकार को लौटावे केंद्र सरकार लौटए। केंद्र सरकार द्वारा वर्षों से झारखंड के रॉयल्टी राशि को रोक करके ओछी राजनीति कर रही है ? केंद्र सरकार के ओछी मानसिकता को झारखंडी समझ रहे हैं, झारखण्ड सहित पूरे देश के किसानों की स्थिति बदहाल है, जिसे सुधारने की जरूरत है। केंद्र और राज्यों में इंडिया गठबंधन की सरकार बनते ही किसानों मजदूरों गरीबों की खुशहाली लौटेगी।

## मुआवजा राशि का चेक मिलने के बाद परिजनों ने प्रवासी मजदूर के शव का किया अंतिम संस्कार

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**विष्णुगढ़ :** थाना अंतर्गत जोबर पंचायत के पारटांड़ निवासी 35 वर्षीय प्रवासी मजदूर हेमलाल महतो का शव 4 अक्टूबर को विष्णुगढ़ थाना पहुंचा , मगर मुआबजे की राशि को कम बताते हुए उसके परिजनों ने शव लेने से मना कर दिया। इस बीच मजदूर के पार्थिव शरीर को हजारीबाग सदर अस्पताल में मोर्चरी में रखा गया। मुआवजे की रकम को लेकर ठेका कंपनी के प्रतिनिधि और घर वालों के बीच सहमति बनने के बाद रविवार की शाम उसके पैतृक गांव में शव का दाह संस्कार कर दिया गया।

मालूम हो कि हेमलाल महतो की मौत 26 सितंबर को सड़क हादसे में कैमरून में हो गयी थी। वहां वह ट्रांसरेस लाइटिंग लिमिटेड की कंपनी में काम करता था। मृतक मजदूर पांच सितंबर को ट्रांसमिशन लाइन में काम करने के लिए कैमरून ले गया था।

प्रवासी मजदूर की मौत के बाद ट्रांसमिशन कंपनी की ओर से 5 लाख रुपये की मुआबजा राशि तय की गई थी। परिवार वाले इससे सहमत नहीं थे। उन्हें यह राशि कम लग रही थी।

नतीजतन परिजनों ने शव लेने से इनकार कर दिया। आखिरकार जोबर पंचायत के मुखिया चेतलाल महतो, मुखिया संघ के अध्यक्ष उत्तम महतो, झारखंडी भाषा खतियान संघर्ष समिति के केंद्रीय संगठन मंत्री महेंद्र उर्फ माही पटेल और सिकंदर अली की पहल पर ठेका कंपनी 12 लाख मुआबजा देने के लिए सहमत हो गई और मामले का पटाक्षेप हो गया।

## पंकरी बरवाडीह के बिजली ग्रिड सब स्टेशन का ऑनलाइन शिलान्यास, विधायक अंबा प्रसाद ने किया भूमि पूजन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**बड़कागांव :** झारखंड उर्जा संचरण निगम लिमिटेड के द्वारा पंकरी बरवाडीह में 220/33 केवी बिजली ग्रिड सब स्टेशन निर्माण का मुख्यमंत्री द्वारा सोमवार को ऑनलाइन शिलान्यास किया गया । वहीं विधायक अंबा प्रसाद ने भूमिपूजन किया। इस मौके पर झारखंड उर्जा संचरण निगम लिमिटेड के पदाधिकारी मौजूद रहे। इस विशेष पर ग्रामीणों एवं बिजली विभाग के पदाधिकारी के द्वारा ने विधायक का स्वागत किया गया। इस अवसर पर एलसीडी के माध्यम से मुख्यमंत्री द्वारा ऑनलाइन शिलान्यास कार्यक्रम को दिखाया गया। तत्पश्चात एक सभा की गई जिसमें विधायक ने कहा कि चुनाव जीतने के समय से ही बिजली की समस्या का हल कैसे हो इसका समाधान ढुढ़ते रहे और बिजली विभाग के कनीय पदाधिकारियों के साथ मीटिंग करते रहे । और उन्होंने रास्ता बताया कि ग्रिड का निर्माण हो जाने से बिजली समस्या से निजात मिल पाएगा ।और मेरे द्वारा विधानसभा में आवाज उठाने के बाद कैबिनेट की बैठक में स्वीकृती हुई और लगभग 33 करोड़ की लागत ग्रिड सब स्टेशन का निर्माण किया जाएगा। ग्रिड बनने पर बड़कागांव केरेडारी टंडवा डेमोटांड़ औधौगिक क्षेत्र के लोगों को निर्बाध बिजली आपूर्ति हो पाएगी । इससे एक वर्ग या समाज के लोगों को नहीं बल्कि सभी लोगो को लाभ मिलेगा। 24 घंटा बिजली जारी रहेगा।कल कारखाने उद्योग धंधे लगेंगे जिससे लोग रोजगार से जुड़ेंगे ।एनटीपीसी से बोल कर एनटीपीसी के बिजली सब स्टेशन के अंदर ही एनटीपीसी ने जमीन देने की स्वीकृति दिलाई। और ग्रिड का निर्माण का शिलान्यास किया गया । वहीं आगे उन्होंने बताया कि मचवाटांड,सिमराजरा, पंदनवाटांड में बिजली जल्द से जल्द पहुंचाया जाएगा।बड़कागांव केरेडारी,टंडवा डेमोटांड़ औधौगिक क्षेत्र डीवीसी की लोड शेडिंग से हमेशा के लिए मुक्त हो जाएंगे। इस मौके पर बिजली विभाग के हजारीबाग प्रक्षेत्र पांच के महाप्रबंधक मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि इस पंकरी बरवाडीह ग्रिड में 65 एमवीए के दो उच्च क्षमता वाले ट्रांसफार्मर लगाया जाएगा जिससे लोगों को लो वोल्टेज, ब्रेक डाउन या अन्य समस्या से जुझना नहीं पड़ेगा और बड़कागांव,केरेडारी, टंडवा,एंव डेमोटांड़ के सैकड़ों गांव के लोग लाभान्वित होंगे। साथ उक्त सभी क्षेत्र मे झारखंड सरकार की बिजली आपूर्ति की जाएगी और डीवीसी की बिजली आपूर्ति से क्षेत्र मुक्त हो जाएगा।ग्रिड चालू हो जाने से बड़कागांव के 33 केवी इनकंमिग लाइन की लंबाई महज 2.5 किलोमीटर रह जाएगी जो कि वर्तमान में लगभग 45 किलोमीटर है जिससे वोल्टेज की समस्या उत्पन्न नहीं होगा।

क्षेत्र के सभी घरेलू उपभोक्ताओं को पर्याप्त वोल्टेज उपलब्ध होगी।क्षेत्र में ट्रांसफारमरों को जलने की संख्या में अभुतपुर्व कमी आएगी। मौके पर विधायक अंबा प्रसाद,संचरण महाप्रबंधक मुकेश कुमार सिंह हजारीबाग प्रक्षेत्र ,उपमहाप्रबंधक राजलाल पासवान, महाप्रबंधक वितरण दिनेश कुमार सिंह, उपमहाप्रबंधक अशोक कुमार उपाध्याय,एंव एनटीपीसी विद्युत महाप्रबंधक बसंत कुमार बेहरा, एसडीओ अरविंद कुमार, जेईई प्रभास कुमार, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष विशेश्वरनाथ चौबे,बीस सुत्री अध्यक्ष हाजी तबस्सुम, विधायक प्रतिनिधि सुरेश महतो, दिनेश साव, तिलेश्वर साव,जगदीश साव, चंद्रिका साव, अहमद उल्ला,आनंद कुमार,दिपु साव,राजु कुमार राणा,प्रेम साव, नरसिंह सोनी,रोहित कुमार,सूरज कुमार,एमडी परवेज, मनोज कुमार,अशोक राम सहित सैकड़ों महिला पुरुष मौजूद थे।

## बरही विधानसभा में अबतक 16 बार हो चुका है विधानसभा चुनाव, दो बार हुआ है मध्यावधि चुनाव

चन्दन कुमार

**चौपारण :** झारखंड के 81 विधानसभा में हजारीबाग जिला अंतर्गत एक बरही विधानसभा है। जिसका गठन 1952 में हुआ है। देश की आजादी के बाद पहला आम चुनाव के साथ ही बरही में विधानसभा में भी चुनाव हुआ। शुरूआती 1977 तक पूरे हजारीबाग में रामगढ़ के राजा कामाख्या नारायण सिंह रामगढ़ राज परिवार का ही वर्चस्व कायम रहा। पहले चुनाव 1952 और दूसरे चुनाव 1957 में बरही विधानसभा सभा से रामगढ़ राजा कामाख्या नारायण सिंह की पार्टी छोटानागपुर संथालपरगना जनता पार्टी के प्रत्याशी और सरैया पदमा के रहने वाले एडवोकेट रामेश्वर प्रसाद महथा विधायक रहे। 1962 के चुनाव से पहले राजा कामाख्या नारायण सिंह और विधायक रामेश्वर प्रसाद महथा के बीच अनबन हो गया। और रामेश्वर प्रसाद महथा उनकी पार्टी को छोड़कर इंडियन नेशनल कांग्रेस को जॉइन कर लिया और बरही से उम्मीदवार बने। राजा कामाख्या नारायण सिंह को उनका पाला बदलना रास नहीं नहीं आया और उन्हें हराने के लिए बरही से स्वंय प्रत्याशी बन गए। जिसमें 1962 में राजा कामख्या नारायण सिंह भारी मतों से जीते। 1967 में राज घराने से ही इन्द्र जितेन्द्र नारायण सिंह बरही विधानसभा से विधायक बने। फिर इसके दो वर्ष बाद 1969 में मध्यावधि चुनाव हुआ जिसमें पुनः इन्द्र जितेन्द्र नारायण सिंह बरही से विधायक बने। 1971 के भारत-पाक युद्ध में विजयी भारत की वीरांगणा बनकर उभरी तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी का देश भर में प्रभाव पड़ा जिसका असर 1972 में देखने को मिला। और 1972 के विधानसभा चुनाव में एक बार फिर रामेश्वर




प्रसाद महथा इंदिरा गांधी की काग्रेंस पार्टी से विजयी होकर तीसरी बार बरही के विधायक बने। 1977 में पुनः राज परिवार की महारानी ललिता राज लक्ष्मी बरही से विधायक बानी। पुनः चुनाव 1980 में हुआ जिसमें फुलांग वर्तमान में मयूरहंड प्रखण्ड के निरंजन सिंह काग्रेंस पार्टी से विधायक बने। उसके बाद 1985 में भी कांग्रेस पार्टी से निरंजन सिंह विधायक बने। 1990 के विधानसभा चुनाव में छतरपुरा चौपारण के भाकपा नेता रामलखन सिंह बरही के विधायक चुने गए। 1995 में कांग्रेस के युवा नेता के रुप में उभरे मनोज कुमार यादव विधायक बने। जो लगातार 2000 और 2005 में भी चुनाव जीतकर हैट्रिक लगाई। 2009 के विधानसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी उमाशंकर अकेला ने पहली बार लंबे संघर्ष के बाद जीत दर्ज की। 2014 में हुए विधानसभा चुनाव में एक बार फिर कांग्रेस से मनोज कुमार यादव बरही के विधायक बने। 2019 के विधानसभा चुनाव में विधायक मनोज कुमार यादव के काग्रेंस छोड़कर भाजपा में शामिल हो जाने से प्रतिद्वन्दी रहे दोनों नेता एक ही पार्टी भारतीय जनता पार्टी के नेता हो गए। जिसमें भाजपा ने कांग्रेस से भाजपा में शामिल हुए मनोज यादव को बरही से उम्मीदवार बनाया। जिसके बाद उमाशंकर अकेला कांग्रेस पार्टी का दामन थाम लिए। जिसमें उमाशंकर अकेला ने दूसरी बार विधायक बने। अब पुनः 2024 में विधानसभा चुनाव होने वाला है। जिसमें एक बार फिर से पूर्व विधायक मनोज यादव और वर्तमान विधायक उमाशंकर अकेला आमने-सामने हो सकते हैं। भाजपा और कॉग्रेस द्वारा अभी तक पार्टी की घोषणा नहीं की गई जिससे लोगों में प्रमुख पार्टियां टिकट किसे देती है। इसकी उत्सुकता लोगों के बीच बनी हुई है।

## सोनू गुप्ता भाजपा कार्यसमिति के सदस्य मनोनीत

**हजारीबाग :** भारतीय जनता पार्टी प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के रूप में सोनू गुप्ता को प्रदेश ने मनोनीत किया। प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा पवन कुमार साहू ने संतोष कुमार गुप्ता (सोनू गुप्ता) को किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य के इस महत्वपूर्ण पद के लिए किया है। पवन साहू ने सोनू गुप्ता की मेहनत और प्रतिबद्धता की सराहना की और कहा कि उनकी ऊर्जा नेतृत्व क्षमता सक्रियता से किसान मोर्चा को एक नहीं ऊंचाई पर ले जाने की उम्मीद है उनको मोर्चा में आने से और भी मजबूती मिलेगी। इस अवसर पर सोनू गुप्ता ने अपने विचार व्यक्त करते हुए प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी, प्रदेश अध्यक्ष किसान मोर्चा पवन कुमार साहू को तहे दिल से धन्यवाद दिया है। श्री गुप्ता ने कहा की यह दायित्व मिलना मेरे लिए गर्व की बात है मैं किसान समुदाय की समस्याओं को समझते हुए उनके हित के लिए काम करने का संकल्प लेता हूं। भारतीय जनता पार्टी के उद्देश्यों और सिद्धांतों को आगे बढ़ाने में कोई कसर नहीं छोड़ूंगा।

# धनबाद में आंगनबाड़ी सहायिकाओं और सेविकाओं ने किया धरना-प्रदर्शन

## 5 अक्टूबर से आंगनबाड़ी सहायिकाएं हैं हड़ताल पर

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**धनबाद :** दुर्गापूजा के बाद, झारखंड की आंगनबाड़ी सहायिकाओं और सेविकाओं का आंदोलन पुनः सक्रिय हो गया है। 5 अक्टूबर से ये सभी राज्यभर में हड़ताल पर हैं।

सोमवार को धनबाद के रणधीर वर्मा चौक पर सैकड़ों आंगनबाड़ी सहायिकाएं और सेविकाएं एकत्रित हुईं और अपने हक की आवाज उठाई।

उन्होंने राज्य कर्मचारी घोषित करने, सेवा शर्त नियमावली में आवश्यक परिवर्तन करने और समय पर मानदेय वार्षिक वृद्धि का लाभ देने की मांग की। इसके अलावा, सहायिकाओं के लिए मानदेय का प्रावधान और केंद्रीय तथा राज्य के योगदान का एक साथ भुगतान नियमित रूप से हर महीने करने की भी मांग उठाई गई। इस अवसर पर जिले की काफी संख्या में आंगनगाबड़ी सहायिका और सेविकाएं मौजूद थीं।

## मारपीट करने लगा आरोप, मामला दर्ज

**बरोरा :** बरोरा थाना क्षेत्र के मुराइडीह श्रमिक कॉलोनी दुर्गा पूजा पंडाल के पास रविवार रात पवन यादव और उनके साथियों पर मारपीट का आरोप लगा है। विष्णु ठाकुर ने शिकायत दर्ज कराई है कि मैं सिंवारटांड स्थित अपने जा रहा था तभी बिपरीत दिशा से बाइक सवार पवन यादव ओर उनके 2 साथियो ने मेरी गाड़ी को धक्का मर दिया ओर पूछने पर मुझ पर हमला कर घायल कर दिया ओर भाग गए. इधर बरोरा निवासी करकु भुइया ने शिकायत की है की मे अपने परिवार के साथ बरोरा दुर्गा पुजा मेले को देखने जा रहे था तभी बाइक सवार लोहा कुम्हार ने ने मेरे बच्चे को धक्का मार दिया ओर जब मैंने समझने की कोशिश की तो मुझे लोहा कुम्हार ने रोड से मर कर घायल कर दिया. दोनों मामले बरोरा पुलिस ने दर्ज कर लिया है।

# पुलिस ने चैन छिनतई मामले में दो व्यक्ति एवं चार महिलाओं को किया गिरफ्तार

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**चास :** 11 अक्टूबर की सुबह चास थाना अन्तर्गत धर्मशाला मोड़ स्थित जगदम्बा मंदिर के प्रांगण में एक बृद्ध महिला के गले से सोने का चैन छिनतई की घटना हुई. जिसमें मंदिर में उपस्थित लोगों के द्वारा कैलाश कृष्णा उम्र 47 वर्ष पिता कृष्णा मुदालियार ,पता साउथ नालडांगा थाना बेडिल पश्चिम बंगाल नामक व्यक्ति को पकड़ कर चास थाना को सूचना दिया गया। तत्पश्चात केलाश कृष्णा को अपने कब्जे में लेकर पूछताछ किया तथा उसके बताए अनुसार चास थाना पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए सिर्फ 9 घंटे में ही धनबाद जिला स्थित्त कोलफील्ड होटल में छापामारी किया गया, जहा पता चला कि उक्त घटना में शामिल चार महिला तथा एक पुरूष सफेद रंग का स्कॉर्पियो वाहन निबंधन संख्या डब्लू बी 16 बी के -8553 से बोकारो के तरफ प्रस्थान किये है। तत्पश्चात छापामारी दल द्वारा उक्त वाहन का पीछा किया जाने लगा तथा चास ब्लॉक के सामने मुख्य सड़क पर एंटी क्राईम चेकिंग के क्रम में उक्त स्कार्पियों को रोककर उसका चेकिंग किय गया। इस क्रम में उसमें सवार चार महिला तथा चालक को पकड़ लिया गया एवं उन लोगों के कब्जे से दो सोने जैसा दिखाने वाला चैन, छोटा चैन कटर एवं 06 मोबाईल फोन बरामद किया गया है। पुलिस में जो गिरफ्तारी की है उसका नाम. कैलाश कृष्णा उम्र-47 वर्ष पिता कृष्णा मुदालियार सा० साउथ नालडांगा थाना बेंडिल जिला हुबली प० बंगाल,. शिबेन राय उम्र 30 वर्ष पिता गोपालचन्द्र राय सा० 02 नम्बर कपास डंगाल थाना चिनसुरह जिला हुगली पश्चिम बंगाल एवं चार (04) महिला।छापामारी दल में . पु०नि० सह थाना प्रभारी चास खुर्शीद आलम. महिला थाना प्रभारी चास पु०अ०नि० सुनिला लिण्डा. पु०अ०नि० मुकेश दयाल सिंह,. स०अ०नि० लाल बाबु रजक. स०अ०नि० नीना कुमारी शामिल थे।

## संक्षिप्त समाचार

### धनबाद विधानसभा से मुख्तार अहमद लड़ेंगे चुनाव, टीएमसी ने की पुष्टि




**धनबाद :** रांची में टीएमसी के प्रदेश कार्यालय में आयोजित बैठक में कार्यकारी अध्यक्ष फिलमोन टोप्पो ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपनी पार्टी का रुख स्पष्ट किया। उन्होंने बताया कि टीएमसी झारखंड की 30 से 35 सीटों पर अपने उम्मीदवार उतारेगी और पूरी मजबूती से स्वतंत्र चुनाव लड़ेगी। उन्होंने 7 उम्मीदवारों की घोषणा की, जिनमें धनबाद से मुख्तार अहमद, राजमहल से जाकिर हुसैन, वोरियो से विपिन किस्कू, पाकुड़ से असराफुल शेख, बहरागोड़ा से कुजबिन्दर सिंह, लोहरदगा से उर्मिला देवी और नाला से मुख्तार शेख शामिल हैं।इस अवसर पर प्रदेश सचिव और कार्यालय प्रभारी दयानंद प्रसाद सिंह भी मौजूद थे, जिन्होंने सभी उम्मीदवारों को बधाई और शुभकामनाएं दी।धनबाद विधानसभा के उम्मीदवार मुख्तार अहमद ने शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी ने जो विश्वास उन पर दिखाया है, वह उस पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे और धनबाद सीट को टीएमसी की झोली में डालकर झारखंड में ममता दीदी के समर्थन को मजबूत करेंगे।

### 22वीं पुण्यतिथि पर मजदूर नेता नगीना पासवान को दी गई श्रद्धांजलि



**झरिया :** सोमवार को झरिया के मजदूर नेता नगीना पासवान की 22वीं पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर झरिया विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह, नगीना पासवान के पुत्र कृष्णा पासवान,जितेंद्र पासवान और दलित सेना के अध्यक्ष दिनेश पासवान सहित कई लोगों ने झरिया के बस्ताकोला गौशाला मोड पर नगीना पासवान की आदमकद प्रतिमा पर फूल चढ़ाकर श्रद्धांजलि अर्पित की। विधायक पूर्णिमा नीरज सिंह ने कहा कि नगीना पासवान मजदूरों के मसीहा थे। उन्होंने गरीब और शोषित मजदूरों की आवाज को हमेशा मजबूती से उठाया और उन्हें न्याय दिलाने का प्रयास किया। आज हम उनके दिखाए रास्ते पर चलते हुए मजदूरों की सेवा में लगे हुए हैं। नगीना बाबू हमारे सभी के लिए एक अभिभावक जैसे थे और वे हमेशा हमारे प्रेरणास्त्रोत बने रहेंगे। वहीं, नगीना पासवान के बेटे कृष्णा पासवान ने उनके संघर्षों की चर्चा करते हुए कहा कि जब प्रबंधक मजदूरों के प्रति कठोर नीतियाँ अपनाते थे, तब नगीना बाबू उनकी रक्षा और अधिकारों के लिए हमेशा लड़ते रहे। 1990 के दशक में जब बीसीसीएल और अन्य कोलियरियों में मजदूरों की कमी थी, उन्होंने केंद्र सरकार से मांग की और लगभग 8,000 रिक्त पद भरवाने में मदद की। नगीना पासवान के करीबी मित्र, बस्ताकोला के पूर्व मुखिया रामबालक सिंह ने कहा कि अगर आज नगीना पासवान होते,तो बीसीसीएल प्रबंधकों द्वारा मजदूरों पर इस तरह का अन्याय नहीं होता।

### बोनस सहित चार सूत्री मांगो को लेकर मजदूरों ने की नारेबाजी



**बेरमो :** डीबीसी बोकारो थर्मल में सोमवार को बोनस पैसे का भुगतान करो, बंधुवा मजदूर की तरह काम करवाना बंद करो,सामान काम का सामान वेतन देना होगा सहित 04 सूत्री मांगों को लेकर डीभीसी बोकारो थर्मल बी प्लांट के डिसमेंटलिंग स्क्रैप का कार्य कर रही टी एम टी कंपनी के सैकड़ों ठेका मजदूरों ने प्लांट के मुख्य गेट के समक्ष नारे बाजी करते हुए टूल डाउन में चले गए। मजदूरों ने बताया कि हम मजदूरों को हॉलीडे के दिन भी 08 घंटे का काम लिया जाता है, कंपनी द्वारा 06 हजार पूजा बोनस देने की बात थी,मगर ठेकेदार द्वारा उसका भी भुगतान नहीं किया गया, साथ ही मजदूरों ने कहा कि जब तक हमारी मांगे पूरी नहीं हो जाती तब तक हम मजदूर टूल डॉवॉन में रहेंगे।

### गाजे बाजे के साथ कोनार नदी में किया गया मां दुर्गे की प्रतिमा का विसर्जन



**बोकारो थर्मल :** बोकारो थर्मल पंचमंदिर एवं बोकारो थर्मल क्लब में स्थापित मा दुर्गा जी की प्रतिमा का विसर्जन सोमवार की रात्रि कोनार नदी में कर दिया गया।इस दौरान भारी संख्या में बोकारो थर्मल थाना की पुलिस जुलुश एवं विसर्जन में शामिल रही। यहां पंच मंदिर एवं बोकारो क्लब के दुर्गा पूजा समिति के लोग प्रतिमा के साथ जुलुश निकाले जो रेलवे स्टेशन चौक, रेलवे गेट, झारखंड चौक होते हुए कोनार नदी गाजे बाजे के साथ पहुंचे एवं मां दुर्गा के प्रतिमा का विसर्जन किए। इस अवसर पर बोकारो थर्मल थाना प्रभारी शैलेन्द्र कुमार सिंह, एसआई दीपक पासवान सहित मंदिर समिति के पदाधिकारी योगेन्द्र गिरी, भुनेश्वर साव, जोधन नायक, उपप्रमुख बिनोद साव ,रत्नेश शर्मा, खिरोधर महतो, राम आज्ञा प्रसाद,जोधन नायक,सुरेश यादव,सहित कई लोग शामिल थे।

# लोदना हाई स्कूल से 7 सीसीटीवी कैमरे की चोरी, जांच में जुटी पुलिस

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**अलकडीहा।** जिनागोडा गोदाम घर पर पिछले एक सप्ताह से चोरों का हमला हो रहा है, जो वहां पड़े स्क्रैप लोहे को चुरा ले जा रहे हैं। कोलियरी अभियंता स्थानीय पुलिस को शिकायत करने की बात कह रहे हैं, लेकिन चोरी की कुल कीमत की बात नही बता रहे हैं। लगातार हो रही इन घटनाओं से श्रमिकों में भय का माहौल बन गया है। बताया जा रहा है कि जिनागोडा कोलियरी गोदाम से सीआईएसएफ की ड्यूटी हटा दी गई है, और उसके तुरंत बाद चोरों ने धावा बोलना शुरू कर दिया। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार,4 अक्टूबर से सीआईएसएफ के जवानों को वहां से हटा दिया गया, जिससे चोरों को खुली छूट मिल गई है। वहीं, लोदना कोलियरी हाई स्कूल में भी चोरी की एक घटना हुई है, जहां 7 सीसीटीवी कैमरे चोरी हो गए। प्रभार प्रधानाध्यापक मोहम्मद ताहिर ने इसकी लिखित शिकायत लोदना ओपी पुलिस से की है, और पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। इन घटनाओं से जिनागोडा और लोदना के कर्मचारियों तथा आम जनता में डर का माहौल है, इसलिए प्रशासन को नियमित गश्त करनी चाहिए और चोरी की घटनाओं पर लगाम लगानी चाहिए। जिनागोडा कोलियरी के अभियंता हिमांशु कुमार का कहना है कि चोरी हुई है, लेकिन इसकी कुल राशि बताना मुश्किल है, और उन्होंने स्थानीय पुलिस को मामले की जानकारी दे दी है।

# चुनाव के दौरान किए गए वादे को पूरा कर क्षेत्र का कर रही हूं चहुंमुखी विकास : सुनीता चौधरी

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**रजरप्पा :** दुलमी प्रखंड क्षेत्र के तीन जगहों में तीन विकास योजनाओं का सोमवार को रामगढ़ विधायक सुनीता चौधरी एवं पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष सह आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव ब्रह्मदेव महतो ने शिलान्यास किया। इस दौरान उन्होंने डीएमएफटी मद से होन्हे स्थित प्लस टू उत्क्रमित विद्यालय में पेवर ब्लॉक व शेड निर्माण, सिरू में ढक्कन ओहदार के घर से ओहदार बगीचा तक पीसीसी पथ और मदगी के आरईओ रोड (चट्टान टांड़) से बोंगासौरी सीमा तक पीसीसी पथ के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। विधायक सुनीता चौधरी ने कहा कि चुनाव के दौरान किए गए एक-एक वादे को पूरा किया जा रहा है। रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र के लोगों के आशीर्वाद और मेरे प्रयास से विधानसभा क्षेत्र में सड़कों का जाल बिछाया जा रहा है। वहीं पूर्व जिप अध्यक्ष ब्रह्मदेव महतो ने कहा कि विधायक सुनीता चौधरी के प्रयास से दुलमी प्रखंड क्षेत्र के लिए करोड़ों की विकास योजनाओं की सौगात मिली है, जिसे धरातल पर उतारा जा रहा है। उन्होंने कहा कि आजसू पार्टी विकास की राजनीति करती है। आपलोग अपनी एकजुटता बनाए रखें, आजसू पार्टी हर कदम में हमेशा आपके साथ रहेगी। इससे पूर्व ग्रामीणों ने ढोल-नगाड़ा के साथ फूल माला पहनाकर एवं बुके देकर अतिथियों का जोरदार स्वागत किया। शिलान्यास कार्यक्रम में आजसू पार्टी की केंद्रीय सदस्य सरिता देवी, मुखिया राजीव मेहता, जिला उपाध्यक्ष बलराम महतो, प्रखंड अध्यक्ष पंकज कुमार, आजसू छात्र संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार इग्नेश, ब्रजनंदन महतो, राहुल महतो, बालकृष्ण ओहदार, विनोद नायक, विजय कुमार महतो, विक्की वर्मा, दीपेन टाइगर सहित कई ग्रामीण उपस्थित थे।

# गांगजोरी के काशीडीह में 19वां मदन मांझी मेमोरियल फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**जरीडीह :** वीर बिरसा स्पोर्टिंग क्लब काशीडीह के नेतृत्व में रविवार को जरीडीह प्रखंड के गांगजोरी पंचायत अंतर्गत काशीडीह खेल मैदान में एकदिवसीय 19 वाँ मदन मांझी मेमोरियल फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया गया। आयोजित टूनामेंट में स्वर्गीय मदन मांझी के स्मृति दिवस के मौके पर तीरंदाजी एवं फुटबॉल टूनामेंट का आयोजन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते स्वर्गीय मदन मांझी के पुत्र कन्हाई हेमराम ने कहा कि मेरे पिता समाज के उन्नति के दिशा में बढ़ चढ़कर अपना सहयोग देते थे उनके पुण्य स्मृति के अवसर पर प्रत्येक वर्ष के भांति इस वर्ष भी काशीडीह के खेल मैदान में विभिन्न प्रकार के प्रतियोगिताओं का आयोजन कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने का प्रयास किया जाता है। इस दौरान तीरंदाजी प्रतियोगिता में रजरप्पा प्रोजेक्ट निवासी मोहरलाल मांझी को प्रथम स्थान एवं जातगोडी निवासी रणजीत सिंह ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वही फुटबॉल टूनामेंट में कल आठ टीमों ने हिस्सा लिया जिसमें जादगोडी के टीम विजेता रही एवं अमृत टाईगर के टीम उपविजेता रही। वीर बिरसा स्पोटिंग क्लब के अध्यक्ष नूनाराम, सचिव महेंद्र मरांडी, कन्हाई हेंब्रम लालदेव हेंब्रम एवं उन अतिथियों ने विजेता एवं उपविजेता टीम को नगद राशि देकर पुरस्कृत किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में कन्हाई हेंब्रम, लालदेव हेंब्रम, साहिल सोरेन, दुर्गा प्रसाद, ननकेश्वर, दीपक , हीरो, सुभाष, विनोद, रामकुमार, हरिलाल, मुन्ना, अरुण, धनजय एवं विशाल का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# ईसीआरकेयू 22 को नामांकन पत्र करेगा दाखिल

## यूनियन की मान्यता के लिए 4-6 दिसम्बर को रेलकर्मियों के द्वारा किया जाएगा मतदान

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**धनबाद :** धनबाद रेलवे में यूनियनों की मान्यता के संबंध में रेलवे बोर्ड ने मतदान की तिथियों की घोषणा की है। इसके अनुसार, ईस्ट सेंट्रल रेलवे कर्मचारी यूनियन (ईसीआरकेयू) हाजीपुर महाप्रबंधक मुख्यालय में 22 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करने की तैयारी कर रहा है। इस दिन यूनियन एक बड़ी जनसभा का आयोजन करेगी, जिसमें ऑल इंडिया रेलवे मेंस फेडरेशन के महामंत्री शिव गोपाल मिश्रा उपस्थित रेलकर्मियों को संबोधित करेंगे और ईसीआरकेयू को पुनः बहुमत से जीत दिलाने के लिए प्रेरित करेंगे। ईसीआरकेयू के अध्यक्ष डीके पाण्डेय और महामंत्री एसएनपी श्रीवास्तव भी जनसभा में यूनियन और फेडरेशन की उपलब्धियों पर चर्चा करेंगे।इसके अलावा, ईसीआरकेयू के पूर्व अपर महामंत्री बीके सिंह भी रेलकर्मियों को एक मजबूत यूनियन बनाने के लिए समर्थन देंगे। ईसीआरकेयू के अपर महामंत्री मो ज्याऊद्दीन ने बताया कि रेलवे में यूनियनों के लिए मान्यता प्राप्त करने की प्रक्रिया 2007 से शुरू हुई थी, जिसमें ईसीआरकेयू ने भारी मतों से जीत हासिल की थी। इसके बाद 2013 में भी वे जीत गए। कोरोना महामारी के चलते 2019 में चुनाव नहीं हो सके, जिसके बाद रेलवे बोर्ड ने 4 से 6 दिसम्बर 2024 को चुनाव कराने का निर्णय लिया। 22 अक्टूबर को नामांकन दाखिल करने की तिथि ईसीआरकेयू ने तय की है।

ईसीआरकेयू धनबाद टू शाखा के अध्यक्ष एनके खवास ने बताया कि सभी शाखा सचिव 22 अक्टूबर की तैयारी में जुटे हुए हैं। इस काम में एआईआरएफ के जोनल सचिव, ईसीआरकेयू के सहायक महामंत्री और कई अन्य नेता प्रचार-प्रसार में सक्रिय हैं।

## विधायक राज सिन्हा ने अल्ट्रासानोग्राफी मशीन के कमरे का किया उद्घाटन



**लोयाबाद :** धनबाद विधायक राज सिन्हा द्वारा केंदुआडीह शहरी स्वास्थ्य केन्द्र में अल्ट्रासानोग्राफी मशीन के लिए विशेष रूप से एक कमरे का निर्माण उनकी विधायक निधि से कराया गया.जिसका सोमवार को विधिवत उद्घाटन धनबाद विधायक राज सिन्हा के द्वारा फीता काटकर किया गया.और आम लोगो के लिए समर्पित किया गया.स्वास्थ्य केंद्र में अल्ट्रासोनोग्राफी मशीन लग जाने से क्षेत्र के लोगों को लाभ मिलेगा.

# स्वास्थ्य कर्मी के घर से चोरों ने की लाखों की चोरी

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**महुदा :** थाना क्षेत्र के श्रेष्ठ नगर में झारखंड सरकार की स्वास्थ्य कर्मी सुनीता देवी के घर में आज चोरों ने लाखों रुपये की संपत्ति चुरा ली। इस घटना की जानकारी महुदा पुलिस को सुनीता देवी द्वारा लिखित आवेदन के माध्यम से दी गई। आवेदन में उल्लेख किया गया है कि वह अपनी बेटी के पास रांची गई थीं और इधर छत्रुटांड स्थित अस्पताल में इमरजेंसी ड्यूटी के कारण अस्पताल के करीब के क्वार्टर में रह रही थीं। 14 अक्टूबर को जब वह महुदा पेट्रोल पंप के पास अपने घर लौटीं, तो देखा कि बाहर का दरवाजा खुला था और अंदर जाकर उन्होंने पाया कि घर का सामान बिखरा हुआ है। चोरों ने खिड़की तोड़कर अंदर प्रवेश किया और अलमारी से लगभग 3 लाख रुपये के जेवर, एक एलसीडी टीवी और 30 हजार रुपये नकद चुरा लिए। महुदा पुलिस ने कहा है कि चोरों को जल्द ही पकड़ लिया जाएगा।

# प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला का आयोजन, 54 आवेदकों का चयन

रांची एक्सप्रेस संवाददाता




**धनबाद :** अवर प्रादेशिक नियोजनालय के परिसर, बरटाँड़ में गुरु नानक कॉलेज, बरमसीया में प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेंटिसशिप मेला 2024 का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में आनंद कुमार, नियोजन पदाधिकारी, धनबाद ने प्राचार्य, डॉ० संजय प्रसाद को स्वागत पौधा भेंट किया। इसके बाद, आनंद कुमार, राकेश कुमार, प्राचार्य, आईटीआई, गोविंदपुर और डॉ० संजय प्रसाद ने मिलकर मेला का उद्घाटन किया। आनंद कुमार ने स्वागत भाषण देते हुए बताया कि प्रशिक्षु अधिनियम 1961 के तहत विभिन्न संस्थानों को तकनीकी प्रशिक्षण के लिए कामकाजी व्यक्तियों का प्रशिक्षण प्रदान करना अनिवार्य है। प्राचार्य डॉ० संजय प्रसाद ने कहा कि अप्रेंटिसशिप प्रशिक्षण एक ऐसा अवसर है जिसमें अभ्यर्थियों को औद्योगिक कार्य में विशेषज्ञता हासिल करने में मदद मिलती है, जिससे उनके कौशल में सुधार होता है। प्रशिक्षण के दौरान अभ्यर्थियों को वेतन भी दिया जाएगा। रजिस्ट्रेशन के लिए आवेदकों को आवेदन करना होगा। इस प्लेटफॉर्म पर कई नियोजक भी पंजीकृत होते हैं और वे योग्यता के अनुसार प्रशिक्षुओं के साथ कॉन्ट्रेक्ट करते हैं। अंत में, परियोजना पदाधिकारी ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए मेला समाप्त किया। इस मेले में 09 नियोजक शामिल हुए और करीब 225 आवेदकों ने भाग लिया, जिनमें से 54 को शॉर्ट-लिस्ट किया गया। इस मेला में आनंद कुमार,राकेश कुमार, सूरज कुमार और कार्यालय के अन्य कर्मचारी भी उपस्थित थे।

# पेटरवार समुदायिक स्वास्थ केंद्र की मरम्मत कार्य का शिलान्यास




रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**पेटरवार :** पेटरवार प्रखंड अंतर्गत समुदायिक स्वास्थ केंद्र पेटरवार में गोमिया विधयक डॉ लम्बोदर महतो की धर्म पत्नी सह विधायक प्रतिनिधि कौशल्या देवी के द्वारा डी एम एफ टी के मध्य से लगभग दस लाख के लागत से पेटरवार समुदायिक स्वास्थ केंद्र के मरमती कार्यों का शिलान्यास नारियल फोड़ किया । वहीं कौशल्या देवी ने कहा की कार्य करने वाले संवेदक को गुण पूर्णता पुर्वक कार्य करने का दिशा निर्देश दिया गया है। वहीं संवेदक के द्वारा प्रभारी डॉ कुंदन राज ने कौशल्या देवी को बुके देकर स्वागत किया। इस मौके पर ओम प्रकाश सहगल, चंदन सिन्हा,संटू सिंह सहित स्वास्थ केंद्र के सभी कर्मचारी मौजूद थे।

# पेशरार प्रखंड कार्यालय में हुआ मिशन वातसल्य योजना एक परिचय विषय पर कार्यशाला का आयोजन

## सामाजिक एकजुटता से ही बच्चों को सुरक्षित करने में मिलेगी मदद : अजय तिर्की

संवाददाता

**पेशरार/ लोहरदगा।** उप विकास आयुक्त दिलीप प्रताप सिंह शेखावत, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी श्रीमती सीता पुष्पा, एवं जिला बाल संरक्षण पदाधिकारी वीरेंद्र कुमार के संयुक्त मार्गदर्शन में सोमवार को पेशरार प्रखंड कार्यालय लोहरदगा मिशन वातसल्य योजना एक परिचय विषय पर मुख्य अतिथि प्रखंड विकास पदाधिकारी पेशरार अजय तिर्की की अध्यक्षता में संपन्न हुई।

प्रखंड विकास पदाधिकारी श्री तिर्की के द्वारा संबंधित कार्यशाला में संबोधित करते हुए कहा कि आज हमारे समाज में बाल सुरक्षा अति महत्वपूर्ण विषय है। उन्होंने समाज में आज विकृति की स्थिति में कहा कि बाल विवाह ,चाइल्ड ट्रैफिकिंग, बाल श्रम की स्थिति उत्पन्न होती है। हमें सामाजिक एकजुट से गांव एवं पंचायत स्तर में जागरूक होना होगा, जिससे हम समाज के बच्चों को सुरक्षित करने में अहम भूमिका निभा सके। परवेज आलम संरक्षण पदाधिकारी गैर संस्थानिक की देखरेख में कार्यक्रम



मिशन वात्सल्य अंतर्गत बाल संरक्षण एवं बाल अधिकार विषय में विस्तृत जानकारी प्रदान देते हुए कहा कि बाल सुरक्षा व बाल अधिकार हेतु भारत सरकार के द्वारा प्रतिबद्ध रूप से एक कानून किशोर न्याय अधिनियम तहत मिशन वात्सल्य योजना लागू है। जिसके अंतर्गत जिला में जिला प्रशासन, पुलिस प्रशासन एवं न्यायिक प्रशासन के माध्यम से कटिबंध रूप से कार्य किया जा रहा है। 0 से 18 वर्ष के बालकों के लिए जिला स्तरीय जिला बाल संरक्षण इकाई, बाल कल्याण समिति, किशोर न्याय बोर्ड एवं विशेष पुलिस किशोरी इकाई स्थापित है जिसके माध्यम से जिला में संस्थागत देखभाल एवं गैर संस्थागत देखभाल के लिए सेवा उपलब्ध है। बाल संरक्षण के अंतर्गत रेस्क्यू, पुनर्वास एवं पुन-समेकन हेतु स्पॉन्सरशिप, एडॉप्शन, फोस्टर केयर, स्ट्रीट चिल्ड्रन, बालगृह, विशेष दत्त ग्रहण अभिकरण बाल सुधार इत्यादि की सेवाएं दो श्रेणी के बच्चों सीएनसीपी और सीसीएल बच्चों के लिए उपलब्ध कराई जाती है।

श्रीमती मनोरमा मिंज, सदस्य, बाल कल्याण समिति लोहरदगा के द्वारा बताया गया कि सीएनसीपी बच्चों के लिए बाल कल्याण समिति के द्वारा पुनर्वास एवं पुन-समेकन का कार्य किया जाता है जिससे बच्चों का समुचित विकास हो सके। श्रीमती सुशीला कुमारी, सदस्य, बाल कल्याण समिति लोहरदगा के द्वारा कहा कि सीएनसीपी बालकों को पुनर्वास हेतु आवासीय विद्यालय या स्पॉन्सरशिप इत्यादि योजना से जोड़ करके सुरक्षित विकास की जाती है।

इस कार्यक्रम में सोशल वर्कर- हेमा हीरो , पीएलबी सुखेश्वर उरांव, पंचायत प्रतिनिधि, सेविकाएं, प्रखंड स्तरीय कार्यालय के कर्मी इत्यादि मौजूद थे।

# उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति, कोडरमा की बैठक संपन्न



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**कोडरमा।** समाहरणालय सभागार में उपायुक्त मेघा भारद्वाज की अध्यक्षता में जिला जल एवं स्वच्छता समिति, कोडरमा की बैठक संपन्न हुआ। बैठक में प्रत्येक JE Model बनाने के लिए अपने अपने प्रखण्ड से 1-1 ग्राम पंचायत का चयन करने, माह दिसम्बर 2024 तक ह्ष्ठस्न Plus Model बनाने हेतु साप्ताहिक लक्ष्य की स्वीकृती, SBM(G) के द्वारा प्राप्त सभी आवंटन के शत-प्रतिशत व्यय कर उपयोगिता प्रमाण पत्र राज्य में भेजने हेतु प्रस्ताव प्रस्तुत है, प्रखण्ड स्तर पर निर्मित PWMU, ग्राम पंचायत स्तर पर निर्मित सेग्रीगेशन शेड कचरा उठाव वाहन/संग्रह वाहन का संचालन हेतु एजेंसी का चयन कर उसको कार्य दायित्व देने हेतु प्रस्ताव समेत अन्य बिंदुओं पर चर्चा किया गया। उपायुक्त ने जिला जल एवं स्वच्छता समिति सभी कनीय अभियंता को प्रत्येक प्रखंड में जेई मॉडल बनाने के लिए पंचायत का चयन कर प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि जिला पंचायती राज पदाधिकारी से समन्वय स्थापित करते हुए ओडीएफ प्लस मॉडल बनाने हेतु कार्य करेंगे। साथ ही 15 वें वित्त आयोग, पंचायती राज एवं मरनेगा ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से ग्राम का ODF Plus घोषित करवाने से संबंधित कार्य करने का निर्देश दिया गया। उपायुक्त ने जिले में स्वीकृत अबुआ आवास योजना के तहत निर्माण किये जा रहे आवास में शौचालय निर्माण की योजना लेने का निर्देश दिये। बैठक में मुख्य रूप से कार्यपालक अभियंता जिला जल एवं स्वच्छता समिति, कोडरमा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीतीश कुमार निशांत, जिला कृषि पदाधिकारी, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता समेत अन्य मौजूद रहे।

# अनैतिक देह व्यपार मामले में होटल संचालक दम्पति गिरफ्तार, पुलिस ने भेजा जेल



संवाददाता

**सेन्हा-लोहरदगा।** अनैतिक देह व्यपार के आरोप में होटल संचालक दम्पत्ति गिरफ्तार कर भारी मात्रा में कॉन्डम जप्त करते हुए आरोपी को जेल भेज दिया गया। विदित हो कि लोहरदगा जिला अंतर्गत सेन्हा थाना के समीप संचालित रोमित ढाबा एण्ड रेस्टोरेंट संचालक स्वर्गीय श्रीचंद साहू के 55 वर्षीय पुत्र हीरालाल साहू तथा उसकी 29 वर्षीय पत्नी पुष्पा देवी को देह व्यपार का अनैतिक धंधे के सम्बंध में पूछताछ के पश्चात सेन्हा पुलिस ने सोमवार को लोहरदगा मंडल कारा भेज दिया है। बताया जाता है कि उक्त कारवाई लोहरदगा पुलिस अधीक्षक हरिस बिन जमां के निर्देशानुसार मुख्यालय डीएसपी समीर कुमार तिर्की के नेतृत्व में महिला थाना प्रभारी एवं सेन्हा थाना के संयुक्त कारवाई के दौरान दम्पति को गिरफ्तार किया गया। उक्त कारवाई मुख्यालय डीएसपी के नेतृत्व में विगत 12 अक्टूबर को करीब 3-45 बजे छापेमारी किया गया। छापेमारी के क्रम में होटल के सभी कमरे की तलाशी ली गयी। जिसमें 108 सील कॉन्डम पाया गया और चार कॉन्डम इस्तमेल किया हुआ एक कॉन्डम का रेपर तथा पांच पीस मिथुन कम्पनी का इस्तेमाल किया हुआ कॉन्डम बरामद किया गया। इस संदर्भ में थाना प्रभारी अजित कुमार ने बताया कि एसपी के निर्देशानुसार छापेमारी के दौरान भारी मात्रा में सील कॉन्डम एवं इस्तेमाल किया हुआ पाया गया। जिसके आलोक में मुख्यालय डीएसपी के नेतृत्व में पुलिस कारवाई करते हुए सेन्हा थाना कांड संख्या 91/2024, दिनांक 12.10.24 दर्ज कर देह व्यपार निवारण अधिनियम 1956 के आलोक में आरोपी के विरुद्ध कारवाई किया गया। सोमवार को आरोपी दम्पति को मेडिकल जांचोपरांत जेल भेजा गया।

# विधायक ने जयनगर पंचायतों में कई सड़कों का किया शिलान्यास



रांची एक्सप्रेस संवाददाता

जयनगर प्रखंड में विधायक अमित कुमार यादव के द्वारा विभिन्न सड़कों का शिलान्यास किया गया। विधायक अमित कुमार यादव ने कहा कि सभी पंचायत में विकास करके दिखाना हमारी प्राथमिकता सभी विद्यालयों में बच्चों पढ़ाई के लिए आवश्यक उपकरण की व्यवस्था, आने जाने की सड़क को दुरुस्त करना, बिजली, पानी, स्वास्थ्य, किसानों के लिए सिंचाई बीज एवं जरूरी उपकरण व्यवस्था करना हमारा दायित्व है। विकास को धरातल तक पहुंचना हमारा कर्तव्य, आज जयनगर पंचायत में सड़कों का शिलान्यास गडगी से कटिया रोड निर्माण, मुशौवा से परसाबाद भाया कर्माटांड़ रोड का निर्माण, जयनगर थाना मोड़ से गोपालडीह रोड का निर्माण, महेश मराय मोड़ गेडे फैक्ट्री से बिहारो भाया महेशमराय पपरावो रोड का निर्माण, हीरोडीह फटाक से सुगासाक भाया रेभनाडीह कुशाहन रोड का निर्माण, करियावा से तमाय रोड का निर्माण, तीतरचंच मोड से पिंडारों भाया छोटकी धमराय बेलखेरा रोड का शिलान्यास विधिवत पूजा अर्चना कर किया गया। शिलान्यास के दौरान विधायक अमित कुमार यादव को सभी जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने बुके एवं माला पहनकर स्वागत किया। शिलान्यास के दौरान उपस्थित परसाबाद मंडल अध्यक्ष विजय राणा, जिला मंत्री सुधीर सिंह, पूर्व प्रमुख जयप्रकाश राम, विधायक प्रतिनिधि रामजी यादव, जमुना यादव, मंडल महामंत्री महेश रजक, पूर्व उपप्रमुख दुर्गा प्रसाद यादव, रामचंद्र मोदी, जयनगर मंडल अध्यक्ष राजेंद्र सिंह, जयनगर पूर्व मंडल अध्यक्ष रामदेव मोदी, रिटायर्ड शिक्षक सुरेंद्र मोदी मोदी, सुनील सिंह राजकुमार यादव, महावीर यादव सुरेंद्र चौधरी राजकुमार चौधरी धनेश्वर चौधरी विजय यादव केडी यादव नरेश यादव, काफी संख्या में ग्रामीण महिलाएं उपस्थित थे।

# बाइक चोरी कर भाग रहे चोर को पुलिस ने बाइक सहित किया गिरफ्तार

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**कोडरमा।** पुलिस अधीक्षक कोडरमा को गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि तिलैया बाईपास रोड में वसुंधरा शोरूम के पास से मोटरसाइकिल चोरी कर राँची-पटना मुख्य मार्ग से बिहार की ओर जा रहा है। उक्त घटना के सत्यापन एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु पुलिस अधीक्षक कोडरमा के आदेश पर कोडरमा थाना अंतर्गत दुधीमाटी में वाहन चेकिंग लगाई गई। इस दौरान मोटरसाइकिल चोरी कर भाग रहे एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया और चोरी की लाल रंग की ग्लैमर मोटरसाइकिल को बरामद किया गया। पुलिस द्वारा पूछताछ के दौरान ज्ञात हुआ कि यह मोटरसाइकिल चोरी कर बिहार ले जाकर अवैध रूप से शराब बिक्री



करने वाले व्यक्ति को बेचने की योजना थी। आगे की पूछताछ में जानकारी मिली कि अभियुक्त ने पूर्व में भी अगस्त और सितंबर माह में कोडरमा जिले में मोटरसाइकिल चोरी की घटनाएं अंजाम दी थीं। इस संबंध में कोडरमा थाना काण्ड संख्या- 223/24 दिनांक- 13.10.2024, धारा 317 (4) BNS के तहत मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई की गई।

# सेविका सहायिकाओं को नाराज करना हेमंत सरकार को पड़ेगा भारी : संजय पासवान

## हड़ताल के दसवें दिन आक्रोशित सेविका सहायिकाओं ने समाहरणालय पर जमकर की नारेबाजी

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**कोडरमा।** झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका संयुक्त संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर 8 सूत्री मांगों को लेकर 5 अक्टूबर से जारी अनिश्चितकालीन हड़ताल के 10 वें दिन आक्रोशित सेविका सहायिकाओं ने जिला मुख्यालय पर धरना प्रदर्शन कर हेमंत सरकार होश में आओ, हमारी मांगें पूरी करो, दुबारा सत्ता में आना है तो मांगें पूरी करनी होगी। जमकर नारेबाजी की और हेमंत सोरेन सरकार को चेतावनी दी कि चुनाव के बेला में उनकी मांगों को अगर अनदेखी की गई तो, रघुवर सरकार जैसा हाल होगा और सत्ता से हांथ धोना होगा। मालूम हो कि 26 हजार वेतन के साथ आंगनबाड़ी सेवाशर्त नियमावली में संशोधन, हर साल मानदेय बढ़ाने की प्रक्रिया सरल करने, पारा शिक्षकों की तरह वेतनमान व अन्य सुविधाएं, सुप्रीम कोर्ट के आदेशानुसार ग्रेच्युटी देने, रिटायमेंट के बाद सेविका को 10 लाख एवं सहायिका को 5 लाख एकमुश्त राशि देने, वेतन का



50 प्रतिशत पेंशन देने और मार्केट रेट पर पोषाहार राशि देने आदि मांगों को लेकर राज्यभर में 38 हजार आंगनबाड़ी केंद्रों में 5 अक्टूबर से ताला लटका हुआ है। लाखों बच्चे की पढ़ाई और पोषाहार बंद है। टीकाकरण व बीएलओ का काम भी प्रभावित हो रहा है। 8 अक्टूबर को कैबिनेट की बैठक में नियमावली में आंशिक संशोधन किया गया, जिससे सेविका सहायिका नाराज हैं और हड़ताल को जारी रखे हुए दशहरे की छुट्टी के बाद एक बार से फिर से आंदोलन शुरू कर दिया है। सोमवार को झारखंड राज्य आंगनबाड़ी सेविका सहायिका यूनियन (सीटू) के बैनर तले समाहरणालय पर आयोजित धरना प्रदर्शन में जिलाध्यक्ष शोभा प्रसाद की अध्यक्षता में आयोजित सभा को संबोधित करते हुए सीटू के राज्य सचिव संजय पासवान ने कहा कि सेविका सहायिकाओं की मांगों को नजरअंदाज करना हेमंत सरकार को भारी पड़ेगा। सेविका सहायिका से जितना काम लिया जाता है, उन्हें प्रतिदिन हजार रुपये के हिसाब से कम से कम 30 हजार रुपये मानदेय मिलना चाहिए। केन्द्र व राज्य सरकार की सारी योजनाओं को धरातल पर उतारने का काम यही लोग करते हैं। जनता के बीच रोज इनका सीधा संवाद होता है. किसी को भी सत्ता पर बैठाने या उन्हें उतारने की क्षमता रखती हैं। 2019 के चुनाव में यह साबित हुआ है। इसलिए झारखण्ड की हेमंत सरकार के पास इनकी मांगें स्वीकार करने के सिवाय कोई रास्ता नहीं है। आंगनबाड़ी यूनियन की प्रदेश अध्यक्ष मीरा देवी ने कहा कि अगर सेविका सहायिका की मांगों पर विचार नहीं हुआ और सेविका सहायिका खाली हांथ लौटी तो यह सरकार दुबारा नहीं लौटेगी। धरना में जिलाध्यक्ष शोभा प्रसाद, सचिव वर्षा रानी, उर्मिला देवी, बेबी कुमारी, कविता यादव, मंजू मेहता, कुमारी अनामिका, चिंतामणी देवी, हीना, लीला, शकुन्तला मेहता, सरिता रानी, अनीता देवी, ममता सिहं, सहायिका कविता देवी, सुमैया जमीर, सरस्वती देवी, संध्या वर्णवाल, कांति, विमला, दीपा, रेखा, रीता, उमा मोदी, रानी, मीना, सरवरी खातुन, उषा, कांति, पिंकी, पुनम, रामदुलारी, मुशरत, उषा, संगीता, तर्रनुम, संध्या, संजू, निकहत, यासमीन, नुसरत बानो, देवंती, मीना एक्का सहित सैकड़ों सेविका सहायिका मौजूद थी।

## संक्षिप्त समाचार

### जल- जीवन मिशन में भारी गड़बड़ी की शिकायत के बाबजूद कोई सुधार नहीं



**कुडू-लोहरदगा।** जिप सदस्य पूर्वी क्षेत्र कुडू श्रीमती गंगोत्री देवी ने पेयजल एवं स्वच्छता विभाग झारखंड सरकार के सचिव राजेश कुमार से मिलकर 26 जून 2024 को ज्ञापन सौंपा था। जिसमें जल जीवन मिशन के अंतर्गत एस भी एस क्लस्टर एवं एस भी एस योजनाओं भारी अनियमितता का जिक्र है। सूचना है कि गड़बड़ियों के जांच में केंद्रीय टीम भी कुडू प्रखंड का दौरा कर चुकी है। परंतू स्थिति पूर्ववत है। आजसू केंद्रीय सचिव लाल गुड्डू नाथ ने कहा कि भ्रष्टाचार के आगे सभी नतमस्तक हैं। जिप सदस्य गंगोत्री देवी ने सचिव पेयजल एवं स्वच्छता विभाग समक्ष जिन बिंदुओं को उठाया वह काबिल-ए-गौर है एवं जांच के दायरे में है। बोरिंग 200 फीट की जगह 100 से 120 फीट तक ही करके छोड़ दिया गया। क?ई जगह पानी नहीं निकलने के बाबजूद सोलर प्लेट लगाकर छोड़ दिया गया। क?ई जगहों पर निर्माण कार्य अधूरा है। कई जगहों पर जलमीनार के लिए सिर्फ ढलाई करके छोड़ दिया गया। प्राक्कलन के अनुसार जलमीनार का कार्य न होना एवं निम्न स्तर के सामग्री का उपयोग हुआ है। समयावधि में कार्य का पुर्ण न होना, विभाग का संवेदकों पर न अंकुश होना सबसे बड़ी समस्या है। बल्कि विभागीय अधिकारी संवेदकों के मनमानी को रोकने के बजाय उनके बचाव में खड़े रहते हैं।

### संवेदक द्वारा नियमों को ताक में रखकर घटिया मिट्टी मिश्रण बालू से बिल्डिंग निर्माण का कार्य किया जा रहा है



**किस्को/लोहरदगा।** ज़िले के किस्को प्रखंड अंतर्गत कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय उच्च विद्यालय मे हॉस्टल निर्माण कार्य किया जा रहा है जहा एनजीटी के आदेश के बावजूद अवैध रूप से बालू ढेर लगा दिया गया है और सबसे हैरत की बात यह है की संवेदक द्वारा विभागीय कार्रवाई की परवाह न करते हुए मिट्टी मिश्रण बालू से बिल्डिंग निर्माण का कार्य कर बिल्डिंग की गुणवत्ता को प्रभावित किया जा रहा है।बता दे की ठेकेदारों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई नहीं की जा रही है, जिससे यह समस्या बढ़ती जा रही है। अवैध घटिया और मिट्टी मिश्रण बालू का प्रयोग करने से भवनों की गुणवत्ता प्रभावित होती है और यह भविष्य में बड़ी समस्या बन सकती है। बताया गया की संवेदक पवन अग्रवाल के द्वारा लोकल नदी से घटिया मिट्टी मिश्रण बालू ढूलाई करवा कर बालू का ढेर लगा दिया गया है इधर बीते दिनों रांची एक्सप्रेस अखबार में प्राथमिकता से समाचार प्रकाशित किया गया था जिसके बावजूद विभागीय कार्रवाई नहीं किया गया जिसे संवेदक का मनोबल सातवे आसमान में है। मामले पर संबंधित कनीय अभियंता रियाज से बात करने पर उन्होंने कुछ भी उचित बोलना मुनासिब नहीं समझा इससे यह प्रतीत होता है कि कनीय अभियंता का मिली भगत है अब देखने वाली बात यह होगी कि जिला प्रशासन ठेकेदार के खिलाफ क्या कुछ कार्रवाई करती हैं

### चंदवारा थाना के निकट थाना प्रभारी द्वारा चलाया गया दो पहिया वाहन चेकिंग अभियान



**रांची एक्सप्रेस संवाददाता।** चंदवारा थाना के निकट आज सोमवार को थाना प्रभारी अरविंद कुमार के नेतृत्व में मोटरसाइकिल चेकिंग अभियान चलाया गया। जांच के क्रम में आने जाने वाले सभी दोपहिया वाहनों को रुकवा कर हेलमेट ट्रिपल लोड एवं गाड़ी से संबंधित कागजात की जांच की गई । थाना प्रभारी ने कहा की जिस तरह मोबाइल में ग्लास लगाना जरूरी है इस तरह हेलमेट भी पहनना जरूरी है, मोबाइल का ग्लास फूट जाने पर दूसरा ग्लास लगा सकता है, लेकिन एक बार जीवन चल जाने के बाद दोबारा जीवन नहीं आ सकता है। इस दौरान वाहनों को ज़ब्त कर थाना परिसर में सुरक्षित रखा गया है। थाना प्रभारी अरविंद कुमार ने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर जिले का उपयुक्त के निर्देशानुसार नियमित वाहन जांच अभियान चलाया जाना है, उन्होंने बताया कि ज़ब्त वाहनों के अग्रेतर कार्यवाही के लिए जिला परिवहन पदाधिकारी के कार्यालय में सूचना दे दिया गया। तत्पश्चात जांच करते हुवे कई मोटरसाइकिल का फाइन काट कर छोड़ दिया गया। मौके पर पुलिस जवान मौजूद थे।

### पत्थर के हो रहे अवैध खनन में पुलिस की करवाई



**लोहरदगा/भंडरा ।** भंडरा थाना क्षेत्र के कसपुर मे अवैध पत्थर खनन पर पुलिस ने की कार्रवाई. गुप्त सुचना पर भंडरा थाना प्रभारी अरविन्द सिंह ने की कार्रवाई। पुलिस को देख मौके से पत्थर तोड़ रहे मजदूर छेनी, हथौड़ा, कुदाल,सबल छोड़ हुवे फरार । सभी को पुलिस अपने कब्जे में लेकर जाँच मे जुटी। भंडरा थाना पुलिस थाना प्रभारी अरविंद सिंह ने बताया कि कसपुर गांव के ही निवासी सोमरा उरांव के पुत्र सुबोध उरांव के द्वारा अवैध पत्थर खनन को दिया जा रहा है अंजाम। पुलिस के मुताबिक छापेमारी अभियान में सुबोध उरांव फरार बताया जा रहा है।

# भवनाथपुर के कैलान पंचायत में डायरिया से चार लोगों की मौत

अरविन्द कुमार पाठक

**भवनाथपुर (गढ़वा) :** भवनाथपुर प्रखण्ड अन्तर्गत कैलान पंचायत में एक सप्ताह के अन्दर डायरिया से चार लोगों की मौत हो गई है। ज्ञात हो कि भवनाथपुर के कैलान पंचायत अन्तर्गत आदिम जनजाति बहुल झुरही टोला में डायरिया पीड़ित मरीजों की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। ताजा मामला रविवार की रात का है। रविवार को इलाज के लिए मेदिनीनगर जाने के क्रम में कैलाश कोरवा के 5 वर्षीय पुत्र रौशन कुमार की मौत हो गई। बीते एक सप्ताह के भीतर डायरिया से यह चौथी मौत है।

बता दें कि छह दिन पूर्व टोला के रामजन्म कोरवा और उनका 8 वर्षीय नाती दिनेश कुमार की डायरिया से मौत हो गई थी। इसके बाद दो दिन पूर्व मृतक दिनेश कुमार की मां समुद्री देवी की भी सदर अस्पताल में इलाज के दौरान मृत्यु हो गई थी। स्वास्थ्य विभाग के हरकत में आने के बाद भी कैलान के एक ही टोले पर डायरिया से लगातार हो रही मौत से स्वास्थ्य विभाग के कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा हो रहा है। जिला मुख्यालय स्थित सदर अस्पताल में इलाजरत मां और बेटे की डायरिया से हो मौत हो जाने पर ग्रामीणों को स्वास्थ्य विभाग के कार्यप्रणाली पर संदेह होने लगा है। हलांकि स्थानीय स्तर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के कर्मी डायरिया से पीड़ित मरीजों को बचाने में पूरी तरह जी जान से लगे हुए हैं। इसके लिए विभाग आदिम जनजाति बहुल झुरही टोला से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में सभी स्तरों पर मरीजों की इलाज में



लगा हुआ है। अभी भी सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवनाथपुर में तीन मरीज भर्ती हैं। जबकि ग्रामीण स्तर पर दो मरीजों का उनके घरों में ही इलाज किया जा रहा है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भवनाथपुर में अशोक कोरवा 36 वर्ष, अशोक कोरवा के 3 वर्षीय पुत्र शक्ति कुमार और लखन कोरवा की 43 वर्षीय पत्नी राधा देवी का इलाज किया जा रहा है। इसके अलावे गांव में स्थापित कैंप में रीना कुमारी 13 वर्ष पिता रामचन्द्र कोरवा तथा अजित कोरवा 3 वर्ष पिता विरेन्द्र कोरवा का इलाज किया जा रहा है।

इस संबंध में भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के प्रभारी डॉ दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि आदिम जनजाति परिवार के लोगों की मौत डायरिया से नहीं बल्कि फूड प्वाइजनिंग से हो रही है। उन्होंने कहा कि डायरिया की सूचना पर पूरे टोला में ब्लीचिंग पाउडर का छिड़काव कराकर दूषित जल पीने से लोगों को मना किया गया है। गांव में मेडिकल टीम भी कैंप कर रही है। इसके अलावा गंभीर मरीजों को अस्पताल में लाकर इलाज करवाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विभाग पूरी तरह चौकस है। हर पल की स्थिति पर नजर बनाए हुए है। उन्होंने स्थिति को नियंत्रण में होने की बात कही। उन्होंने बताया कि गांव में स्थापित मेडिकल टीम में चलंत चिकित्सक फैज अनवर, सुबहक कुजूर, सीएचओ अंकित त्रिवेदी, विशाल दवे, सवई राम, जितेंद्र कुमार,भावेश कुमार, महाबीर बारूपाल, कमल सैनी, एमपीडब्लू मनोज संसई के अलावे सहिया आदि कैंप कर रहें हैं।

# लातेहार : नाबालिग आदिवासी लड़की के साथ गैंगरेप, तीन हिरासत में

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**लातेहार :** जिले के महुआडांड थाना क्षेत्र में एक आदिवासी नाबालिग लड़की के साथ गैंगरेप की घटना घटी। घटना रविवार की बताई जाती है। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए सोमवार को तीनों आरोपितों को हिरासत में ले लिया।

इस संबंध में डीएसपी शिवपूजन बहेलिया ने बताया कि महुआडांड़ थाना क्षेत्र की रहने वाली एक नाबालिग लड़की बाजार आयी थी। इसी दौरान घर लौटने के क्रम में तीन लड़कों ने उसके साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया और पीड़िता को धमकी देकर वहां से भाग गए। घर पहुंचने पर पीड़िता ने मामले की जानकारी अपने परिजनों को दी। इसके बाद परिजन सोमवार को थाना पहुंचे और मामले की शिकायत की।

घटना की शिकायत मिलने के बाद



पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी कर दो घण्टे के अंदर घटना में शामिल सभी आरोपितों को हिरासत में लिया। उन्होंने बताया कि आरोपित लड़के भी 18 वर्ष से कम उम्र के बताए जा रहे हैं। उनकी असली उम्र की छानबीन की जा रही है । डीएसपी ने बताया कि पीड़िता के द्वारा बताए गए घटनास्थल का भी निरीक्षण किया गया। पुलिस के द्वारा पीड़ित युवती को मेडिकल जांच के लिए लातेहार सदर अस्पताल भेजा जा रहा है।

## प्रशासन को दी बधाई

**पलामू :** पलामू जिला देश का का एक ऐसा जिला है जो सांप्रदायिक सौहार्द, एकता व भाईचारा के लिए प्रसिद्ध है। यहां पर सभी धर्म के लोग मिलजुल कर एक दूसरे का पर्व में सहयोग करते हैं। इसके बावजूद भी कई फिरका परस्ती और सांप्रदायिक शक्तियां इस फिराक में लगे रहते हैं कि कैसे माहौल को बिगड़ जाए लेकिन प्रशासन के प्रयास से ऐसे लोगों के नापाक इरादे पूरे नहीं हो सके।

## संक्षिप्त समाचार

### बालूमाथ के नए सीओ विजय कुमार ने पदभार ग्रहण किया

**बालूमाथ :** बालूमाथ के अंचल कार्यालय में नए अंचलाधिकारी विजय



कुमार ने पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर उन्होंने अंचल कार्यालय से संबंधित सभी कार्यों को गति प्रदान करना उनके प्रमुख लक्ष्य बताया। ततपश्चात अंचल कार्यालय के कर्मियों से परिचय प्राप्त किया।और कार्यालय को बेहतर ढंग से संचालन करने का निर्देश दिया। सीओ ने कहा कि ग्रामीणों की जमीन से संबंधित मामला को निपटारा करना मेरी पहली प्राथमिकता होगी।मेरी कोशिश रहेगी कि ग्रामीणों की समस्याओं का समय पर निष्पादित किया जाए ।आम जनता जमीन से संबंधित समस्या को लेकर स्वयं मिल सकते हैं। किसी बिचौलिए की जरूरत नहीं है। उन्होंने कहा कि बिचौलिए पर नकेल कसा जाएगा।इस मौके पर अंचल के सभी कर्मी उपस्थित थे।

### पार्टी और कार्यकर्ता हित में निर्णय हो : अविनाश वर्मा



**पलामू :** भाजपा के प्रदेश कार्य समिति सदस्य सह लातेहार विधानसभा के प्रभारी अविनाश कुमार वर्मा ने प्रदेश कार्यालय में प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी से मुलाकात कर दशहरा पूजा की हार्दिक बधाई देते हुए पूरे प्रदेश में शांति और खुशहाली के साथ नवरात्रि संपन्न होने पर प्रसन्नता व्यक्त किया। विदित हो कि पूरे प्रदेश में विधानसभा चुनाव के निमित्त भाजपा समेत सभी पार्टियों के कार्यालयों में गहमागहमी बढ़ी हुई है और लोग अपने-अपने तरीके से चुनाव के निमित्त अपनी बातों को वरीय नेताओं तक पहुंचाने में लगे हैं। आज एक अनौपचारिक मुलाकात में अविनाश वर्मा ने प्रदेश अध्यक्ष से मुलाकात कर कार्यकताओं और पार्टी हित में विचारों को साझा करते हुए ठोस और लोकप्रिय निर्णय लेने का सुझाव दिया।

### जनता के पास पंचायत स्वराज समिति का गठन ही एक मात्र विकल्प : बिनोद सिन्हा



**मेदनीनगर:** लेस्लीगंज के डबरा पंचायत में एक ऐतिहासिक बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें युवा समाजसेवी एवं पांकी विधानसभा क्षेत्र के प्रबल विधायक प्रत्याशी कुशवाहा बिनोद सिन्हा की उपस्थिति ने सभा को विशेष बना दिया। पंचायत स्वराज समिति द्वारा आयोजित इस बैठक में सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता और पंचायत के स्थानीय निवासी उमड़े, जिन्होंने अपनी उत्सुकता और उम्मीदों के साथ अपने-अपने वार्डों की समस्याओं को साझा किया। इस महत्वपूर्ण अवसर पर भावी विधायक प्रत्याशी बिनोद सिन्हा ने जनसमस्याओं को गहरी संवेदनशीलता के साथ सुना और उनकी त्वरित समाधान की प्रतिबद्धता जताई। उन्होंने न केवल समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया, बल्कि पंचायत के समग्र विकास को लेकर एक दूरदर्शी योजना पर भी चर्चा की।

### जीएलए कॉलेज के अध्यक्ष बने सौरभ पाठक एवं सचिव किसलय दुबे




**पलामू :** झामुमो छात्र मोर्चा का जीएलए कॉलेज कमिटी का पूर्ण रूप से गठन जिला अध्यक्ष कौशल किशोर के अध्यक्षता और संचालन जिला सचिव सैयद फैजल ने किया। जिसमे अध्यक्ष सौरभ पाठक, सचिव किसलय दुबे, उपाध्यक्ष, हर्ष दुबे, उपाध्यक्ष विकेश पांडे, कोषाध्यक्ष सूरज उपाध्याय, संगठन सचिव ओम मिश्रा, विशाल कुमार, संयोजक सचिव निखिल मेहता, सोशल मीडिया संयोजक एव प्रभारी आर्यन कुमार ने पदभार ग्रहण किया। मौके पर जिला अध्यक्ष कौशल किशोर ने सभी नवनिर्वचित सदस्यों को शुभ कामनाएं एवं बधाई दी, और छात्रों को राजनीति में बढ़ चढ़ कर हिसेदारि लेने को कहा। मौके पर जिला सचिव फैजल जिला उपाध्यक्ष, प्रियांशु आनंद एनपीयू अध्यक्ष कौशल सिंह , भीम ,अनुराज, आलोक, सूर्य, अमित, कुमार आदि मौजूद रहे।

# कीटनाशक लेकर प्रेमिका पहुंची प्रेमी के घर, खाकर आत्महत्या का किया प्रयास

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**बालूमाथ :** बालूमाथ थाना क्षेत्र के कोमर ग्राम के पार नदी टोला में एक प्रेमिका ने अपने प्रेमी के घर पहुंच कर कीटनाशक दवा खाकर आत्महत्या का प्रयास किया। मिली जानकारी के अनुसार अनिशा कुमारी 17 वर्ष पिता मन्नू उरांव ग्राम आनंदपुर थाना किसको जिला लोहरदगा रविवार को अपने प्रेमी आशीष कुमार पिता मुकेश उरांव ग्राम पारनदी कोमर थाना बालूमाथ मिलने पहुंची। जहां दोनो में लंबी बातचीत हुई। कुछ बात को लेकर प्रेमी-प्रेमिका में विवाद हो गया। इसके बाद प्रेमिका अनिशा कुमारी ने गुस्से में आकर अपने साथ लेकर आई कीटनाशक दवा खा ली। प्रेमी आशीष कुमार के परिजन अचेतावस्था में अनिशा कुमारी को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। जहां चिकित्सक डॉ सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक इलाज की गई। प्रेमी के परिजनों ने बताया कि युवती दो-तीन दिन पूर्व भी गांव में आई थी और शादी का दबाव बना रही थी। उसके बाद प्रेमी ने भी शादी में सहमति भर दिया। प्रेमी प्रेमिका के दबाव में आकर प्रेमी के माता-पिता प्रेमिका के घर पहुंच कर उसके परिजनों से शादी की बात की। लेकिन प्रेमिका के घर वाले शादी करने से इनकार चले गए। इस कारण शादी नहीं हो पाई। प्रेमिका इसी बात से लेकर आहत थी। दोनों प्रेमी-प्रेमिका लोहरदगा के कॉलेज में एक साथ पढ़ते हैं।

## साई इंटरनेशनल स्कूल की अर्धवार्षिक परीक्षा में सफल विद्यार्थियों को किया सम्मानित

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**चतरा :** इटखोरी प्रखंड के साई इंटरनेशनल पुलिक स्कूल में सोमवार को स्कूल के अर्द्ध वार्षिक परीक्षा सफलता पर स्कूल के प्राचार्य एच.जी तिवारी द्वारा सम्मानित किया गया जिससे विद्याथीर्यों को आगे आने की प्रेरणा मिलेगी। प्राकृतिक उपचार को समर्पित सफल बनाते थे। अनियमित दिनचर्या व जीवनशैली में शुद्धि न होना कई रोगों का कारण है। हमारा सात दिवसीय पूर्ण निःशुल्क पैकेज इसी सुदीर्घ व निरोगी जीवन बनाने का एक प्रयास है। हमारा अनुरोध है कि सहभागी बनें, निरोगी रहे।

वर्ग दशम में सतीश कुमार रोहित, दुतीय - उजवल कुमार, प्रथम (रितिक कुमार) परि रानी अंससिंह कर्का अष्टम, पिरु सिंह, रिधीमा यादन, आयुख कुमार, वर्गः सप्तम प्रियान्यी कुमारी, राजनंन्ली सिंह, वर्ग सौरभ कुमार समेत ने सफल हुआ।

## पंचायत समिति की बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा

रांची एक्सप्रेस संवाददाता



**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड कार्यालय के सभागार में सोमवार को पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख म की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में सरकार द्वारा चलाए जा रहे महत्वकांक्षी योजना मनरेगा अबुआ आवास पीएम आवास,जन-नल योजना शिक्षा विभाग कल्याण विभाग द्वारा किए जा रहे कार्य की प्रगति पर चर्चा की गई । बैठक में उप प्रमुख कामेश्वर राम ने कहा की जो संपन्न लोग हैं वह राशन कार्ड को सरेंडर करें व ही अबुआ आवास पीएम आवास में भारी अनियमिता की शिकायत मिल रही है ।पदाधिकारी इस पर लगाम लगावे जल नल योजना के तहत अधिकांश नल एवं पाइप खराब मिलने की सूचना प्राप्त हो रही है। उन्होंने पदाधिकारी से शीघ्र दुरुस्त करने को कहा है ।इस मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी सोमा उराँव, अंचलाधिकारी विजय कुमार बालूमाथ थाना प्रभारी विक्रांत उपाध्याय, हेरहंज थाना प्रभारी विक्रम कुमार अंचल निरीक्षक अनिल कुमार, लेखपाल राजीव रंजन, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी सुमित सिन्हा कृषि पदाधिकारी मनीष पांडे, मनरेगा बीपीओ मुजफर कमाल, पंचायत समिति सदस्य ईश्वरी पासवान, पिंटू नायक समेत कई लोग मौजूद थे।

## गड्ढे में गिरकर ट्रक चालक हुआ घायल

**बालूमाथ :** बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र में सीसीएल द्वारा संचालित तेतरियाखांड कोलियरी में गड्ढे में गिरकर एक ट्रक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया ।घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार सुधीर साव 25 वर्ष पिता सोहराय साव ग्राम ओकिया थाना बालूमाथ निवासी बसिया में लगे जतरा मेला देखकर वापस तेतरियाखांड कोलियरी जा रहा था। इसी दौरान कोलियरी परिसर में अंधेरे में एक ट्रक के गेट को टकराकर गड्ढे में गिर गया और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद मौके पर मौजूद चालकों द्वारा उसे बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर सुरेंद्र कुमार द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

# सामूहिक दुष्कर्म कांड के दोषियों को फांसी दिलाए सरकार: झारखण्ड क्रांति

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**मेदिनीनगर :** झारखण्ड क्रांति मंच के केन्द्रीय अध्यक्ष शत्रुघ्न कुमार शत्रु ने मेदिनीनगर के पटेल नगर स्थित आवास पर प्रेस बयान जारी कर कहा है कि नवरात्रि के अष्ठमी की रात्रि दुर्गापूजा से लौट रही दो नाबालिग दलित बालिकाओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म अत्यंत ही निंदनीय अमानवीय घटना है, जिसके सभी दोषियों की पहचान कर फास्ट ट्रैक कोर्ट के माध्यम से ट्रायल कर फांसी दिलाने के लिए हेमन्त सरकार को ठोस पहल करनी चाहिए।

बयान में उन्होंने कहा है कि आजकल पूजा के नाम पर डीजे की कर्कश ध्वनि के बीच चरम अश्लील गीत, नृत्य व संगीत के साथ नारियों के प्रति कामुकता की चरम अभिव्यक्ति को परोसने का रिवाज संस्थागत रुप धारण कर चुका है। ऐसे में जातिवाद व लिंगभेद की भावना से ग्रसित अल्हड़, अराजक व यौन कुंठा से पीड़ित व दिग्भ्रमित दुष्कर्मी नर पिशाचों के लिए मौत की सजा मुकर्रर किया जाना जरूरी है। बयान के अंत में उन्होंने दुष्कर्म पीड़िता दलित बालिकाओं को समुचित इलाज के साथ पोस्को एक्ट व सामूहिक दुष्कर्म की धाराओं के तहत पर्याप्त मुआवजा दिया जाये।

# मंदिरों के निर्माण से संस्कृति का प्रसार होता है: डॉ शशिभूषण मेहता

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**मेदिनीनगर :** सोमवार को पांकी विधानसभा क्षेत्र से विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने अपने नीलांबर पितंबरपुर स्थित आवास(मौर्या फार्म हाउस) पर नवगढ़ ग्राम के लोगों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने नवगढ़ स्थित पटेल चौक पर निमार्णाधीन शिव मंदिर के लिए आर्थिक सहायता भी प्रदान किया।

क्षेत्रभ्रमण के दौरान रविवार को उन्होंने नवगढ़ ग्राम में निमार्णाधीन शिव मंदिर का निरीक्षण भी किया था और ग्रामवासियों को भरपूर सहायता करने का वादा भी किया था।

मौके पर उन्होंने कहा कि मंदिरों का निर्माण हमारी आस्था और धर्म के संरक्षण हेतु अत्यंत आवश्यक है। इनके निर्माण से संस्कृति का प्रसार होता है और निर्माण में सहयोग हेतु मैं सदैव तैयार हूँ।

डॉ मेहता ने क्षेत्रभ्रमण के दौरान



तरहसी प्रखंड के सामगढ़ ग्राम में भी देवी मंडप मंदिर बनाने के लिए सहायता राशि प्रदान की। इस दौरान स्थानीय लोगों को संबोधित करते हुए उनसे सनातन धर्म के संरक्षण हेतु सचेत रहने का आग्रह किया।

डॉ मेहता ने कहा कि धर्म की लड़ाई में किसी को आमंत्रण नहीं दी जाती बल्कि सच्चे सनातनी स्वयं आगे आते है और बिना किसी की परवाह किए पूर्ण समर्पण कर साथ उपयुक्त सहयोग करते हैं।

## चंदा गांव में एक माह से जला पड़ा है विद्युत ट्रांसफार्मर

**हरिहरगंज/पलामू :** प्रखंड क्षेत्र के सेमरवार पंचायत अंतर्गत चंदा गांव का विद्युत ट्रांसफार्मर बीते 1 महीने पहले से जला पड़ा है।जिस कारण ग्रामीणों को एक साथ कई परेशानियों से जूझना पड़ रहा है। ग्रामीणों के साथ ही कई किसानों ने बताया कि ट्रांसफार्मर जल जाने से एक ओर जहां लोगों को रात के अंधेरे में रहना पड़ रहा है वहीं किसानों को खेती पटवन में असुविधाओं का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि रात के अंधेरे में सांप बिच्छू समेत अन्य विषैले जंतुओं से भयाक्रांत रहते हैं। इसे लेकर चंदा गांव के लोगों में बिजली विभाग के कर्मियों के प्रति आक्रोश व्याप्त है।

# अबुआ आवास में अनियमितता की शिकायत, फरियादी पहुंचे डीसी के पास

रांची एक्सप्रेस संवाददाता

**उंटारी रोड, (पलामू):** सरकार की अति महत्वाकांक्षी योजना अबुआ आवास इन दीनों भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ गई है. यही वजह है कि आज गरीब अबूआ आवास पाने के लिए दर - दर की ठोकरें खा रहे हैं. पैसे के बल पर अयोग्य लाभुक को योग्य एंव योग्य लाभुक को अयोग्य किया जाना आम बात हो गया है. मामला पांडू प्रखंड की है जहां आए दिन अबुआ आवास में अनियमितता की खबरें हमेशा सुर्खियां बटोर रही है. कुछ दिन पूर्व कजरू कला पंचायत से भी इस तरह की खबरें बाहर निकल कर आई थी. खूब चचाएं हुई खूब कार्रवाई की बात हुई परन्तु इसके अलावा कुछ नहीं हो सका मामला



ज्यों का त्यों बना रहा. ऐसा ही एक मामला पांडू प्रखंड के मुसीखाप पंचायत से निकलकर आ रही है जहां पंचायत सचिव, मुखिया एंव पंचायत समिति सदस्य की मिली भगत से भ्रष्टाचार कर पैसे के बल पर अयोग्य लाभुक जिनका पक्का का मकान एंव बड़ी -बड़ी गाड़िया है , को योग्य करते हुए सूची भेज दी गई परंतु जिनका घर कच्चा का है जो दाने-दाने को मोहताज हैं उनका सूची इसलिए नहीं भेजा गया क्योंकि उनके पास देने के लिए पैसे नहीं थे. शिकायतकताओं ने पंचायत सचिव द्वारा पैसों की मांग किए जाने की भी बात कही है.

शिकायतकताओं ने उपायुक्त पलामू के नाम से आवेदन देते हुए कहा कि कई बार प्रखंड विकास पदाधिकारी से भी इसकी शिकायत की गई है परंतु उनके द्वारा भी अनदेखा कर दिया गया है. आवेदन कर्ता ललिता देवी पति बनवारी विश्वकर्मा, किरण देवी पति अनिल लाल,रोकसाना खातून पति परवेज आलम, सबनम बीबी पति इसराफिल अंसारी, सिमा देवी पति सकेंद्र विश्वकर्मा, सबिता पांडेय पति नीरज पांडेय के अलावे अन्यकई लाभुकों ने सत्यता की जांच करते हुए अबुआ आवास दिलाने एवं मनमानी तरीके से अयोग्य से योग्य एंव योग्य से अयोग्य करने वाले पदाधिकारी पर उचित कार्रवाई की मांग की है.

## दुर्गा पूजा के सफल समापन पर सभी पूजा समितियों को दी बधाई

रांची एक्सप्रेस संवाददाता




**पलामू :** श्री केंद्रीय दूर्गा पूजा महासमिति पलामू के केंद्रीय अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी व उपाध्यक्ष नवीन तिवारी ने दुर्गा पूजा के सफल समापन पर सभी पूजा समितियों को बधाई दी है। बीते शाम शहर के सभी पूजा समिति के द्वारा माता रानी की प्रतिमा का विसर्जन किया गया और इसी के साथ नवरात्रि पर्व का समापन हो गया। विसर्जन के दौरान श्री केंद्रीय दूर्गा पूजा महासमिति के पदाधिकारियों व सदस्यों के द्वारा स्थानीय डॉ राजेन्द्र प्रसाद चौक पर विभिन्न दूर्गा पूजा समिति के विसर्जन जुलूस का स्वागत किया गया।इस दौरान पूजा समिति के अध्यक्ष का पगडीप़ोशी व माल्यार्पण किया गया।

इस संदर्भ में श्री केंद्रीय दूर्गा पूजा महासमिति पलामू के अध्यक्ष दुर्गा प्रसाद जौहरी उपाध्यक्ष नवीन तिवारी ने जिला प्रशासन को विशेष तौर पर आभार व्यक्त करते हुए कहा कि जिला प्रशासन के द्वारा सभी पूजा समिति को वोलंटियर टी शर्ट व आपतकाल के लिए बालू उपलब्ध कराया गया जो काफी सराहनीय कदम था।वहीं कोयल तट पर नगरनिगम प्रशासन व जिला प्रशासन के द्वारा विसर्जन के दौरान विशेष व्यवस्था की गई थी जो काफी सराहनीय कार्य था।उन्होंने गढ़वा में विसर्जन के दौरान हुए विवाद की कड़ी भर्त्सना करते हुए कहा कि इस तरह के मामले पर जिला प्रशासन को निष्पक्ष कार्रवाई करना चाहिए।

## संक्षिप्त समाचार

### वसुंधरा राजे के समर्थकों को मिलेगा टिकट

**जयपुर , एजेंसी।** राजस्थान विधानसभा उपचुनाव में बीजेपी कांग्रेस से दो कदम आगे चल रही है। जहां कांग्रेस ने अभी तक बैठकों का दौर ही शुरू किया है, वहीं भाजपा ने उम्मीदवारों का पैनल तक तैयार कर लिया है। रविवार को प्रदेश की 7 सीटों पर होने वाले विधानसभा उपचुनाव की तैयारियों को लेकर भाजपा में जयपुर से लेकर दिल्ली तक मैराथन बैठकों का दौर चलाय़ प्रदेश कोर कमेटी ने केंद्रीय नेतृत्व के सामने हर विधानसभा सीट के लिए तीन-तीन नाम का पैनल तैयार रखा। दौसा से शंकर लाल शर्मा, जगमोहन मीणा और अर्चना मीणा। इनमें शंकर लाल शर्मा को वसुंधरा राजे का समर्थक माना जाता है। जबकि किरोड़ी लाल अपने भाई जगमोहन को टिकट दिलाना चाहते है। पूर्व सांसद जमकौर मीणा अपनी बेटी अर्चना के लिए पैरवी कर रही है। खींवर से ज्योति मिर्धा, रामगढ़ से पूर्व विधायक ज्ञानदेव आहूजा इस बार खुद चुनाव लड़ने को इच्छुक बताए जा रहे है। पिछली बार उनके भतीजे जय आहूजा को हार का सामना करना पड़ा था। जबकि अलवर शहर के पूर्व विधायक बनवारी लाल सिंघल भी दावेदारी जता रहे है। सिंघल को राजे समर्थक माना जाता है। पार्टी सूत्रों की मानें तो बीजेपी पिछले विधानसभा और लोकसभा चुनाव में हारे बड़े चेहरों पर दांव खेल सकती है। लेकिन बड़ा सवाल यह है कि पूर्व सीएम वसुंधरा राजे के समर्थकों को पार्टी देगी या नहीं। हालांकि, वसुंधरा राजे उपचुनाव से जुड़ी बैठकों से दूरी बनाए हुए है। सियासी जानकारों का कहना है कि पार्टी आलाकमान राजे समर्थकों को टिकट देने का इच्छुक नहीं है। प्रदेश की 7 विधानसभा सीटों पर उपचुनाव की तैयारियों को लेकर पहले मुख्यमंत्री आवास पर कोर ग्रुप की बैठक हुई। बैठक में वैसे तो सभी उपचुनाव वाली सीटों पर उम्मीदवारों को लेकर चर्चा हुई, लेकिन झुंझनू, खींवसर, चौरासी, देवली-उनियारा और सलूंबर सीटों पर बड़े चेहरों पर दांव खेलने पर विचार विमर्श हुआ। इनमें विधानसभा और लोकसभा चुनावों में हारे हुए प्रत्याशियों के नामों पर भी बात हुई। पार्टी सूत्रों की मानें तो हरियाणा चुनाव में हारी बाजी जीता कर लाने वाले डॉ. सतीश पूनिया पर पार्टी झुंझुनू से दांव खेल सकती है। इसी तरह से खींवसर सीट से विधानसभा और लोकसभा चुनाव हार चुकीं ज्योति मिर्धा पर पार्टी फिर से दांव खेलने की तैयारी में है। वहीं, चौरासी सीट पर पूर्व मंत्री सुशील कटारा और देवली-उनियारा से पूर्व मंत्री प्रभु लाल सैनी पर भी पार्टी विचार कर रही है।

### सीतामढ़ी में मूर्ति विसर्जन के दौरान बवाल, दो गुटों में मारपीट में एक की मौत, एक दर्जन जख्मी

**सीतामढ़ी , एजेंसी।** दुर्गा पूजा मूर्ति विसर्जन के दौरान बिहार के कई जिलों से हिंसा और बवाल की खबरें मिली हैं। सीतामढ़ी में बात इतनी बढ़ गई कि विसर्जन के विवाद के दौरान हुई मारपीट में एक युवक को जान से हाथ धोना पड़ा।। घटना सुप्पी थाना क्षेत्र के ढ़ेंग गांव की है। रविवार की देर शाम मूर्ति विसर्जन के दौरान दो गुटों में जमकर मारपीट हो गयी। इस घटना में ढ़ेंग गांव के वार्ड संख्या तीन निवासी कलेवर सहनी समेत करीब एक दर्जन लोग गंभीर रूप से जख्मी हो गये। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को इलाज के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सुप्पी मे भर्ती कराया गया। मारपीट में घायल कलेवर सहनी इतनी गंभीर हो गई। नाजुक स्थिति को देखते हुए उन्हें सीतामढ़ी सदर अस्पताल मे रेफर किया गया। जहां इलाज के दौरान घायलों में से एक कलेवर सहनी (45 वर्ष) की मौत हो गयी। मौत के बाद इलाके में और तनाव बढ़ गया है। जिस गुट के लोगों पर कलेवर के साथ मारपीट का आरोप है वे सभी गांव छोड़कर फरार हैं। घटना की पुष्टि करते हुए थानाध्यक्ष विष्णु देव कुमार ने बताया कि मूर्ति विसर्जन के दौरान मौत की घटना को लेकर ढ़ेंग गांव में दो गुटों के बीच काफी तनाव व्याप्त हो गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि ढ़ेंग गांव में दो पक्षों के बीच तनाव को देखते हुए यहां पुलिस जवानों की प्रतिनियुक्ति कर दी गयी है। पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है। घटना से गांव में सनसनी फैल गई है। स्थानीय जन प्रतिनिधियों की मदद से हालात को सामान्य बनाने की कोशिश की जा रही है।

### मध्य प्रदेश में फिर मिला 168 करोड़ का ड्रग्स, 112 किलो मेफेड्रोन बरामद; 4 गिरफ्तार

**इंदौर , एजेंसी।** मध्य प्रदेश में एक बार फिर भारी मात्रा में ड्रग्स बरामद किया गया है। पुलिस ने करीब 168 करोड़ कीमत का 112 किलो नशीला पदार्थ बरामद किया है। इससे पहले भोपाल में 1814 करोड़ रुपये कीमत का 907.09 किलो मेफेड्रोन जब्त किया गया था। राजस्व और सूचना निदेशालय (डीआरआई) ने मध्य प्रदेश के आदिवासी बहुल झाबुआ जिले में मेफेड्रोन का अवैध उत्पादन कर रहे कारखाने का भंडाफोड़ किया है। कारखाने के निदेशक समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया गया है। डीआरआई के एक अधिकारी ने रविवार को बताया कि कारखाने से करीब 168 करोड़ रुपये के अनुमानित कीमत वाला नशीला पदार्थ जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि मेघनगर औद्योगिक क्षेत्र में संचालित किए जा रहे इस कारखाने की मुखबिर की सूचना पर शनिवार तड़के जांच की गई। अधिकारी ने बताया कि इस कारखाने से 36 किलोग्राम मेफेड्रोन पाउडर और 76 किलोग्राम द्रव मेफेड्रोन जब्त किया गया। साथ ही कच्चा माल और उपकरण जब्त किए गए हैं। उन्होंने बताया कि इकाई को सील कर दिया गया है। अधिकारी ने बताया कि जब्त मादक पदार्थ की कीमत करीब 168 करोड़ रुपये आंकी जा रही है।

# वीआईपी पार्टी झारखंड में 20 सीट पर प्रत्याशी देने का लिया निर्णय

संवाददाता

रांची। विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) झारखंड में 20 से अधिक सीटों पर चुनाव लड़ेगी। रांची प्रेस क्लब में राज्य भर से आए पार्टी पदाधिकारियों की रायशुमारी के उपरांत वीआईपी झारखंड के प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर राजकुमार चौधरी ने प्रेस कांफ्रेंस कर यह घोषणा आज कर दी। प्रोफेसर राजकुमार चौधरी ने कहा कि राज्य की जनता ने 25 सालों में गठबंधन की राजनीति को ही देखा है। एक और जहां वर्तमान मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पार्टी झारखंड मुक्ति मोर्चा इंडिया गठबंधन के साथ मिलकर सत्ता में है वहीं पिछली सरकारों पर नजर दौड़ाएं तो क्षेत्रीय पार्टियों के साथ ताल-मेल कर भारतीय जनता पार्टी जैसी राष्ट्रीय पार्टी भी सत्ता पर तो काबिज होती रही है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय से लेकर क्षेत्रीय पार्टियों ने राज्य का कितना हित किया है यह सभी पार्टियों के लिए आत्म मंथन का समय है। झारखंड में 2024 का विधानसभा चुनाव सर पर है। केंद्र कि भाजपा सरकार के कई मंत्री और नेता राज्य का लगातार दौरा कर रहे हैं प्रधानमंत्री तक का दौरा हो चुका है। जनता को अपने पक्ष में करने को लेकर घोषणाओं और वादों अंतहीन सिलसिला सा राज्य में नजर आ रहा है। राजनीतिक दलों की गतिविधियों पर नजर डाले तो यह दिख रहा है कि भाजपा कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टियों से लेकर झारखंड मुक्ति मोर्चा और अन्य छोटे-मोटे घटक दल इस बार जनता का मन




नहीं टटोल पा रहे हैं। वीआईपी प्रदेश अध्यक्ष प्रोफेसर राजकुमार चौधरी ने लोग निवास करते हैं, जिनमें निषाद वंशीय समाज की जनसंख्या सात प्रतिशत अर्थात करीब 24 लाख के करीब है जो किसी भी प्रत्याशी को विधानसभा चुनाव में जीत का आंकड़ा पार करा सकती है। उन्होंने लगभग 25 ऐसे विधानसभा क्षेत्रों की सूची जारी की जहां निषाद वंशीय समाज के दम पर प्रत्याशी जीतते आ रहे हैं। अब निषाद वंशीय समाज सिर्फ वोट बैंक बनकर नेताओं को विधान सभा भेजने का मध्यम नहीं बनेगा बल्कि स्वयं विधानसभा में अपनी दमदार उपस्थिति दर्ज कराते हुए अपने हक और हुकुक की लड़ाई लड़ेगा। प्रोफेसर राजकुमार चौधरी ने एक परिपक्व नेता की तरह इस बात से इनकार नहीं किया कि राज्य में गठबंधन की सरकार का होना भौगोलिक मजबूरी है, लेकिन संख्या बल पर निषाद वंशीय समाज भी किसी से कम नहीं है बावजूद इसके सत्ता के गलियारों में इस समाज की चर्चा ना तो भाजपा, कांग्रेस जैसी राष्ट्रीय पार्टियों ने की और ना ही स्थानीय हितों का दंभ भरने वाली सत्ता पर काबिज झारखंड मुक्ति मोर्चा जनता के बीच जाकर अपने आप को जनहित और राज्यहित वाली सरकार साबित करने की स्थिति में है। उन्होंने की कहा कि जब हमारी शुद्ध कोई लेने वाला नहीं है तो हम किसी के भरोसे क्यों बैठे रहे इस विधानसभा चुनाव में निषाद बंसी समझ न सिर्फ अपनी उपस्थिति दर्ज कराएगी बल्कि 20 से अधिक विधानसभा चुनाव में प्रत्याशी देकर अपनी राजनीतिक दावेदारी किसी और के हाथ में नहीं जाने देगा। ब्रह्मदेव चौधरी, सरोज चौधरी, मनदीप मल्लाह, भारदुल चौधरी, सुनील कुमार चौधरी, संजय मल्लाह, राम मल्लाह,? विश्वनाथ झोरा, चरण केवट, मेजर बद्री साहनी, गंगा केवट, विजेंद्र चौधरी, अरविंद केवट, रब्बीकुल शेख, राजेंद्र चौधरी, विवेक साहनी सहित राज्य के 24 जिला के जिला पदाधिकारी और प्रखंड पदाधिकारी शामिल हुए। .

# हाथियों के आतंक सहित किसान मुद्दों पर किसान सभा का गांव सम्मेलन सम्पन्न




संवाददाता

रांची। हाथियों के आतंक, किसानों के फसलों के लिए एम,एस,पी,की गारंटी सहित किसान मुद्दों पर सोनाहातु प्रखंड अंतर्गत बरसालडीह गांव में झारखंड राज्य किसान का गांव सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए झारखंड राज्य किसान सभा के राज्य अध्यक्ष सुफल महतो ने कहा झारखंड में अबतक 500 से ज्यादा किसानों की हत्या जंगली हाथियों द्वारा हो चुका है,प्रति दिन 45-50 की संख्या में हाथियों का झुंड किसानों के फसलों,घरो को नुक़सान कर रहा है, ग्रामीण रात पहरा कर अपने फसलों को बचाने की मुहिम में लगे हुए हैं, काफी जोखिम उठा रहे हैं,इस बीच किसान सभा द्वारा हर गांव में किसान सभा, किसान सभा में हर किसान के नारे को लेकर हर गांव में गांव सम्मेलन कर किसानों को एकजुट कर इस मुद्दे पर व्यापक आन्दोलन का आव्हान किया किया है। हाथियों के आतंक से किसानों को बचाना होगा, हाथियों के आतंक का स्थायी समाधान निकालना होगा, हाथियों द्वारा मृत किसानों को 1 करोड़ रुपए, गंभीर रूप से घायलों को 50 लाख रुपए मुआवजा व परिजनों को नौकरी तथा फसल छति के लिए प्रति एकड़ 50 हजार रुपए मुआवजा देना होगा, किसानों के फसलों के लिए एम,एस,पी,की कानूनी गारंटी देना होगा आदि नारे लग रहे थे।आज गांव सम्मेलन के उद्घाटन के साथ सभी गांवों में किसानों का गांव सम्मेलन आयोजित होगा। आजादी के बाद पहली बार 25 सितंबर 2024 को अखिल भारतीय किसान सभा द्वारा हाथियों के आतंक के खिलाफ संसद मार्च कर प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंप कर हाथियों के आतंक का स्थायी समाधान निकालने का गुहार लगाया गया है, मांगों पर त्वरित कार्रवाई नहीं हुई तो केन्द्रीय मंत्रियों, सांसदों, विधायकों का गांव वहिष्कार कार्यक्रम चनाने के लिए किसान सभा मजबूर होगी। तत्पश्चात 15 सदस्यीय गांव कमिटी का चुनाव किया गया।कलेवर मुंडा - अध्यक्ष,बरसाल मुंडा - सचिव, सोमा मुंडा - कोषाध्यक्ष चुने गए।इस अवसर पर झारखंड राज्य किसान कौंसिल सदस्य निलकांत सिंह मुंडा,कलेवर मुंडा,बरसाल मुंडा, सोमा मुंडा, सोहनलाल मुंडा, पार्वती देवी,उपासी देवी, गिरी बाला देवी, रंभा देवी, सोनिया देवी, ललीता देवी, श्रीमती देवी,उषा कुमारी,लीलमनी कुमारी, खुशबू कुमारी, अंजलि कुमारी,सुगदी देवी,सुकरु देवी,बिजय मुंडा,जीतू मुंडा,माही मुंडा, राकेश लोहरा शंकर मुंडा, जागरण मुंडा, रमेश लोहरा मंगला देवी,मनी देवी, धनेश्वर लोहरा,अघनी देवी, रीता देवी,सरूबाला देवी, गीता देवी, शिवानी देवी, मालती देवी,मंजुड़ा देवी, सुलोचना देवी, रंगोवती देवी,जोनी देवी, सुभद्रा देवी पलानी देवी, लक्ष्मी देवी,सकुंतला देवी सरिता देवी आदि उपस्थित थे।

# यह ईडी की नहीं, बल्कि राजनीतिक छापेमारी है : मंत्री



रांची। झारखंड में ईडी की छापेमारी पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि आप जानते हैं कि निशाना क्या है। हम अब इन सबके आदी हो गए हैं। यह ईडी की छापेमारी नहीं, बल्कि राजनीतिक छापेमारी है। झारखंड में ईडी ने सोमवार को मंत्री मिथिलेश ठाकुर के भाई और पीएस सहित कई विभागीय इंजीनियर्स से जुड़े 20 ठिकानों पर छापेमारी की है। इस मामले पर मंत्री पत्रकारों से बातचीत में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि यदि ईडी पारदर्शिता से काम करे तो हम पूरा सहयोग करेंगे। ईडी को कठपुतली नहीं बनाना चाहिए। लोकसभा (चुनाव) से पहले भी मुझ पर भाजपा में शामिल होने का दबाव था। मैंने कहा था कि मैं मरते दम तक फांसी पर लटकूंगा लेकिन मैं ऐसा नहीं करुंगा। भाजपा झारखंड में फिर से हारेगी। हम झुकेंगे नहीं। ईडी को छापेमारी में क्या मिला, इसका खुलासा करना चाहिए ताकि जानकारी सार्वजनिक हो सके। दूसरी ओर, स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने कहा कि सारी चीजें कहीं न कहीं राजनीति से प्रेरित हैं। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए इस तरह की चीजें हो रही हैं लेकिन इससे भाजपा को कोई नफा नहीं होगा। जितना जुल्म होगा हम उतना मज़बूत होंगे। आने वाले चुनाव में जनता को तय करना है कि कौन सही है कौन गलत है। ना झुके हैं ना झुकेंगे, डटकर लड़े थे, डटकर लड़ेंगे।

# गुरुग्राम-झज्जर को जोड़ने के लिए यहां बनेगा एक नया रास्ता, हर दिन हजारों वाहनों को होगा फायदा



**गुरुग्राम , एजेंसी।** गुरुग्राम को झज्जर से जोड़ने के लिए गांव धनकोट के पास वैकल्पिक रास्ता बनाने की तैयारी की जा रही है। शहरी विकास विभाग के प्रधान सलाहकार एवं हरियाणा के रिटायर्ड मुख्य सचिव डी.एस. ढेसी ने इस सिलसिले में गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के मुख्य नगर योजनाकार बीके सैनी को आदेश जारी किए हैं। अब मुख्य नगर योजनाकार की तरफ से इंजीनियरिंग सेल के साथ मिलकर वैकल्पिक रास्ते के निर्माण की संभावनाओं को तलाश किया जाएगा। मॉनसून में गुरुग्राम-झज्जर रोड पर गांव धनकोट के पास एक से डेढ़ फीट तक पानी भर गया था। इसकी वजह से वाहन चालकों को बेहद असुविधाओं का सामना करना पड़ा था। इस रोड से रोजाना 50 से 60 हजार वाहनों का आवागमन होता है। द्वारका एक्सप्रेसवे इस रोड से जुड़ने के कारण दिल्ली के द्वारका क्षेत्र जाने के लिए झज्जर के वाहन चालक इस रोड का इस्तेमाल करते हैं। जलभराव के चलते डेढ़ महीने तक वाहन चालकों को हुई असुविधाओं को देखते हुए शहरी विकास के प्रधान सलाहकार ने वैकल्पिक रास्ते तलाशने के आदेश जारी किए हैं, जिसकी तैयारी जीएमडीए ने शुरू कर दी है।

जीएमडीए के मुख्य नगर योजनाकार बीके सैनी ने कहा, शहरी विकास के प्रधान सलाहकार ने गुरुग्राम-झज्जर के बीच गांव धनकोट के पास वैकल्पिक रास्ते का इंतजाम करने के आदेश जारी किए हैं। इस रोड के साथ-साथ एक और सड़क है, जो अभी द्वारका एक्सप्रेसवे से जुड़ी नहीं है। इस सड़क को जल्द जोड़ा जाएगा, जिससे एक और रास्ता मिल जाएगा। मौजूदा सड़क पर जलभराव की समस्या का हल भी जल्द कर दिया जाएगा।

लोग बोले, इस सड़क पर ट्रैफिक का दबाव अधिक सेक्टर-102 इम्पीरियल गार्डन निवासी सुनील सरीन ने कहा, यह रोड गांव धनकोट के पास द्वारका एक्सप्रेसवे और ऊपरी द्वारका एक्सप्रेसवे को आपस में जोड़ती है। एक किलोमीटर लंबी यह रोड दो-दो लेन की है। बारिश में इस सड़क पर जलभराव हो गया था, जिससे वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। बसई रोड या हीरो होंडा चौक की ओर जाने के लिए इस रोड का अधिक इस्तेमाल होता है।

# गुरुग्राम-झज्जर को जोड़ने के लिए यहां बनेगा एक नया रास्ता, हर दिन हजारों वाहनों को होगा फायदा

**गुरुग्राम, एजेंसी।** गुरुग्राम को झज्जर से जोड़ने के लिए गांव धनकोट के पास वैकल्पिक रास्ता बनाने की तैयारी की जा रही है। शहरी विकास विभाग के प्रधान सलाहकार एवं हरियाणा के रिटायर्ड मुख्य सचिव डी.एस. ढेसी ने इस सिलसिले में गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण (जीएमडीए) के मुख्य नगर योजनाकार बीके सैनी को आदेश जारी किए हैं। अब मुख्य नगर योजनाकार की तरफ से इंजीनियरिंग सेल के साथ मिलकर वैकल्पिक रास्ते के निर्माण की संभावनाओं को तलाश किया जाएगा। मॉनसून में गुरुग्राम-झज्जर रोड पर गांव धनकोट के पास एक से डेढ़ फीट तक पानी भर गया था। इसकी वजह से वाहन चालकों को बेहद असुविधाओं का सामना करना पड़ा था। इस रोड से रोजाना 50 से 60 हजार वाहनों का आवागमन होता है। द्वारका एक्सप्रेसवे इस रोड से जुड़ने के कारण दिल्ली के द्वारका क्षेत्र जाने के लिए झज्जर के वाहन चालक इस रोड का इस्तेमाल करते हैं। जलभराव के चलते डेढ़ महीने तक वाहन चालकों को हुई असुविधाओं को देखते हुए शहरी विकास के प्रधान सलाहकार ने वैकल्पिक रास्ते तलाशने के आदेश जारी किए हैं, जिसकी तैयारी जीएमडीए ने शुरू कर दी है। जीएमडीए के मुख्य नगर योजनाकार बीके सैनी ने कहा, शहरी विकास के प्रधान सलाहकार ने गुरुग्राम-झज्जर के बीच गांव धनकोट के पास वैकल्पिक रास्ते का इंतजाम करने के आदेश जारी किए हैं। इस रोड के साथ-साथ एक और सड़क है, जो अभी द्वारका एक्सप्रेसवे से जुड़ी नहीं है। इस सड़क को जल्द जोड़ा जाएगा, जिससे एक और रास्ता मिल जाएगा। मौजूदा सड़क पर जलभराव की समस्या का हल भी जल्द कर दिया जाएगा।

**लोग बोले, इस सड़क पर ट्रैफिक का दबाव अधिक :** सेक्टर-102 इम्पीरियल गार्डन निवासी सुनील सरीन ने कहा, यह रोड गांव धनकोट के पास द्वारका एक्सप्रेसवे और ऊपरी द्वारका एक्सप्रेसवे को आपस में जोड़ती है। एक किलोमीटर लंबी यह रोड दो-दो लेन की है। बारिश में इस सड़क पर जलभराव हो गया था, जिससे वाहन चालकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। बसई रोड या हीरो होंडा चौक की ओर जाने के लिए इस रोड का अधिक इस्तेमाल होता है। सेक्टर-99 ए हैबिटेट प्राइम निवासी प्रवीण कुमार ने कहा, गांव धनकोट के पास मेरी सोसाइटी में करीब 700 परिवार रहते हैं। इस सड़क से ओल्ड गुरुग्राम में आना-जाना होता है। बारिश में एक से डेढ़ फीट पानी इस सड़क पर भर गया था। कई वाहन बारिश के कारण बंद हो गए थे। रोजाना सुबह और शाम इस सड़क पर यातायात जाम रहता है। वाहनों का दबाव इस सड़क पर काफी अधिक है।

# भूपेंद्र हुड्डा बुद्धिहीन, हमने कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाया लेकिन...गुरनाम चढ़ूनी के बयान से बवाल

**चंडीगढ़, एजेंसी।** कांग्रेस अभी तक हरियाणा विधान सभा चुनाव में मिली हार के सदमे से बाहर नहीं आ पाई है। इस बीच भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के प्रधान गुरनाम चढ़ूनी के बयान ने और बढ़ा दी हैं। चढ़ूनी ने कहाकि हमने कांग्रेस के पक्ष में माहौल बनाया, लेकिन भूपेंद्र हुड्डा की गलतियों से कांग्रेस सरकार नहीं बनी। चढ़ूनी ने कहा कि भूपेंद्र हुड्डा बुद्धिहीन है। उन्होंने कहाकि मुझे टिकट नहीं दिया तो किसी दूसरे दो किसान नेताओं को दे देते। कम से कम लोगों के अंदर मैसेज तो जाता। अब किसान क्या करें, बीजेपी वैसे ही किसानों की दुश्मन है। कांग्रेसी नजदीक नहीं लाते। इसीलिए चुनाव में मैं, रमेश दलाल और हर्ष छिकारा खड़े हुए, लेकिन हम हार गए।

**परमात्मा ने हुड्डा को किनारे लगा दिया :** गुरनाम सिंह चढ़ूनी ने कहाकि पूर्व सीएम भूपेंद्र हुड्डा ने उन सभी को साइडलाइन कर दिया, जो पार्टी के वफादार थे। हुड्डा ने रमेश दलाल को साइडलाइन किया, जो राजीव गांधी मर्डर केस अपनी जान जोखिम में डालकर लड़ा था। मुझे, हर्ष छिकारा, बलराज कुंडू को किनारे किया। एक किसान लीडरों को ग्रुप और गया था इसके पास, उन्हें किनारे किया। इसने कुमारी सैलजा, किरण चौधरी, रणदीप सुरजेवाला को किनारे किया। आम आदमी पार्टी को किनारे किया। हुड्डा ने सभी को किनारे किया, परमात्मा ने अब इसे ही किनारे लगा दिया। भूपेंद्र हुड्डा ने





किसी से समझौता नहीं किया और कांग्रेस ने सब इनके ऊपर छोड़ दिया। मैं कांग्रेस हाईकमान को कहना चाहता हूं कि विपक्ष का नेता हुड्डा को न बनाएं। पिछले 10 साल हुड्डा ने भूमिका नहीं निभाई, बल्कि किसान यूनियन ने इसका रोल निभाया। बीजेपी हुई हमलावर वहीं, गुरनाम चढ़ूनी के बयान के बाद बीजेपी कांग्रेस पर हमलावर हो गई है। बीजेपी के प्रवक्ता प्रदीप भंडारी ने कहा कि चढ़ूनी के बयान से साफ है कि संयुक्त किसान मोर्चा और कांग्रेस के बीच राजनीतिक गठबंधन है। संयुक्त किसान मोर्चा किसानों की नहीं बल्कि राजनीतिक बात कर रहा था। राहुल गांधी और कांग्रेस को किसानों से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने पहली बार खुले तौर पर स्वीकार किया है कि उनका मकसद कांग्रेस के पार्टी के पक्ष में माहौल बनाना था। यह बहुत चिंता की बात है कि कांग्रेस संयुक्त किसान मोर्चा को फ्रंट की तरह इस्तेमाल करना चाहती थी। अब यह स्पष्ट हो चुका है कि संयुक्त किसान मोर्चा किसानों की बात नहीं बल्कि कांग्रेस की बात कर रहा था। चढ़ूनी जैसे लोगों ने कांग्रेस का चोला ओढ़ा हुआ है। सुरजेवाला बोले, चढ़ूनी हमारी पार्टी में नहीं भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) के प्रधान गुरनाम चढ़ूनी के इस बयान से हरियाणा कांग्रेस बुरी तरह से घिर गई है। हुड्डा विरोधी गुट के नेता सांसद रणदीप सुरजेवाला ने इस मामले में कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। सुरजेवाला ने कहा कि चढ़ूनी हमारी पार्टी में नहीं हैं। उनकी अलग पार्टी है। वे अपनी राय रख सकते हैं। मैं क्यों उनके साथ वाद-विवाद में पड़ूं। चुनाव में जमानत तक नहीं बचा पाए चढ़ूनी किसानों की आवाज बुलंद करने वाले गुरनाम सिंह चढ़ूनी पेहोवा सीट पर बुरी तरह चुनाव हारे हैं। चढ़ूनी को महज 1 हजार 170 वोट मिले हैं।

सात्विक प्रोडक्शन प्राइवेट लिमिटेड रांची झारखंड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक निभा रंजन सुमन द्वारा ग्राउण्डड फलोर, कुशवाहा कॉम्पलेक्स, बूटी मोड़, रांची से प्रकाशित तथा शिवासाई पब्लिकेशन प्राईवेट लिमिटेड कांटीटांड, नियर टेंडर बगीचा, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। **संपादक:** निभा रंजन सुमन **रिपोर्टिंग-** 70337 77771 **विज्ञापन-** 9546277001, मनोज कुमार कपरदारः 977117 7585, फोन नंबर 0651 2913184 ईमेल : rexpressadvt@gmail.com, ranchiexpresshindi@ gmail.com(पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार) सभी प्रकार के विवादों का निपटारा रांची व्यवहार न्यायालय के क्षेत्राधिकार के अधीन किया जाएगा। आर एन आई नं. 4244/ 63